दैनिक
राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र
DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल
Postal Regd. No. PKL-235/2024-26
www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com
मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी    संपादक - डा.के.के.संधू    प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227    वर्ष 8    अंक 174    बुधवार 25 जून, 2025    Wednesday 25 June, 2025    मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12    मोब :9416406615,7404278000,9215537704




## इजराइल-ईरान तनाव का असरः दिल्ली आने-जाने वाली 48 उड़ानें हुईं रद्द

नई दिल्ली 24 जून (निस) : इजराइल और ईरान के बीच चल रहे भीषण संघर्ष का असर अब भारत की हवाई सेवाओं पर भी साफ दिखाई देने लगा है। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) से प्राप्त जानकारी अनुसार, मिडिल ईस्ट में तनाव और एयरस्पेस बंद होने की वजह से सोमवार को कुल 48 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं हैं ( शेष पृष्ठ दो पर )

# इजराइल-ईरान मध्य सीजफायर प्रभावी, ट्रम्प ने उल्लंघना करने पर जतायी थी सख्त नाराजगी

## सीजफायर तोड़कर दोनों देशों ने किए थे हमले, इजराइल में आठ लोग मारे गए, कई घायल

तेल अवीव 24 जून (निस) इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत करने के बाद ईरान के खिलाफ भीषण हमले को टाल दिया है। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि इजराइल ने मंगलवार तड़के ईरानी मिसाइल हमले के जवाब में एक ईरानी रडार को निशाना बनाया। उसने कहा, ''प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ राष्ट्रपति ट्रंप की बातचीत के बाद, इजराइल ने अतिरिक्त हमले नहीं किए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल अपने लड़ाकू विमानों को वापस बुलाने जा रहा है और ईरान पर हमला करना बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को



उनका युद्धविराम कुछ समय स्थगित रहने के बाद प्रभावी हो गया।ट्रंप ने दोनों पक्षों पर युद्ध विराम का पालन करने का दबाव डालते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, इजरायल ईरान पर हमला नहीं करने जा रहा है। सभी विमान वापस लौट जाएंगे। किसी को भी नुकसान नहीं होगा, युद्ध विराम प्रभावी है! ट्रंप ने कहा कि वह ईरान में शासन परिवर्तन की उम्मीद नहीं कर रहे हैं, क्योंकि वहां अस्थायी युद्ध विराम लागू हो गया है। इससे पहले, हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने उन हमलों पर निराशा व्यक्त की थी जो शत्रुता रोकने के लिए मंगलवार की समय-सीमा के बाद भी जारी रहे। ट्रंप ने कहा,उन्होंने इसका उल्लंघन किया, लेकिन इजराइल ने भी इसका उल्लंघन किया। उन्होंने कहा, मैं इजराइल से खुश नहीं हूं।ट्रंप ने कहा, मुझे यह बात पसंद नहीं आई कि हमारे साथ समझौता होने के तुरंत बाद ही इजराइल ने हमला शुरू कर दिया। और अब मैं सुन रहा हूं कि इजराइल ने सिर्फ इसलिए कदम उठाया क्योंकि उन्हें लगा कि एक रॉकेट ने उनकी सीमा का उल्लंघन किया है, जो कहीं गिरा ही नहीं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने दोनों पक्षों पर गहरी नाराजगी जताई, जबकि उन्होंने इस समझौते को जिसे उन्होंने मध्यस्थता कराकर हासिल किया था, ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हवाई हमलों की अपनी रणनीतिक जोखिम भरी पहल की पुष्टि के रूप में पेश किया था। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने पुष्टि की कि अगर इजराइल चाहे तो ईरान भी अपने हमले रोक देगा। वहीं इजराइल ने भी पुष्टि की कि ( शेष पृष्ठ दो पर )

# ऑपरेशन सिंदूर को याद कर पीएम मोदी बोले- सिर्फ 22 मिनट में सेना ने दुश्मन को घुटने पर ला दिया

## भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक सख्त नीति अपनाई है ऑपरेशन सिंदूर - मोदी की पाकिस्तान को दो टूक

नई दिल्ली 24 जून (निस) : नई दिल्ली में श्रीनारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत की शताब्दी समारोह बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं श्रीनारायण गुरु को नमन करता हूं और गांधी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि हम एक ऐतिहासिक घटना को याद कर रहे हैं, जिसने न सिर्फ हमारे स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा दी, बल्कि एक स्वतंत्र भारत के सपने को भी गति दी। उन्होंने कहा कि 100 साल पहले श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच हुई मुलाकात आज भी बहुत



प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की विशेषता है कि हमारा देश जब भी मुश्किलों के फंस जाता है, तब कोई न कोई महान विभूति देश के किसी कोने में जन्म लेकर समाज को नई दिशा दिखाता है। कोई समाज के आध्यात्मिक उत्थान के लिए काम करता है, कोई सामाजिक क्षेत्र में समाज सुधारों को गति देता है। श्रीनारायण गुरु इसतरह के महान संत थे।पीएम मोदी ने कहा, श्री नारायण गुरु के आदर्श पूरी

### श्रीनारायण गुरु को नमन और गांधी को अपनी श्रद्धांजलि दी

मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी हैं। पीएम मोदी ने कहा, श्री नारायण गुरु ने एक इसतरह के समाज की परिकल्पना की थी, जो भेदभाव से मुक्त हो। मुझे संतोष है कि आज देश सैचुरेशन अप्रोच पर चलते हुए भेदभाव की हर गुंजाइश को खत्म कर रहा है।अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि शिवगिरी मठ और पूज्य संतों से जुड़े लोग जानते हैं कि मैं श्रीनारायण गुरु और शिवगिरी( शेष पृष्ठ दो पर )

## डोभाल का पाकिस्तान पर तीखा वार : एससीओ मंच से कहा- आतंकवाद का त्याग करो एवं दोषियों को सख्त सजा दो



नई दिल्ली 24 जून (निस) राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (स्ह्ह) से सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया जिसे व्यापक रूप से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग के रूप में देखा जा रहा है। स्ह्ह के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के एक सम्मेलन में अपने संबोधन में डोभाल ने कहा कि भारत, लश्कर ए तैयबा, जैश ए मोहम्मद , अलकायदा, ढ्स्ढ्स और इसके सहयोगी जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों से लगातार खतरे को लेकर बेहद चिंतित है। डोभाल ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद नयी दिल्ली ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने और ( शेष पृष्ठ दो पर )

# अमित शाह की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय क्षेत्रीय परिषद की बैठक, घुसपैठ और विकास रहा प्रमुख एजेंडा

वाराणसी 24 जून (निस) : काशी में सोमवार शाम से शुरू हुई 25वीं सेंट्रल जोनल काउंसिल (केंद्रीय क्षेत्रीय परिषद) की बैठक में गृहमंत्री अमित शाह ने चार राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों और करीब 120 अधिकारियों के साथ मिलकर सुरक्षा और विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर मंथन किया। यह बैठक वाराणसी के होटल ताज में आयोजित की गई। परिषद की इस बैठक में देश की सीमा पर होने वाली घुसपैठ, आतंकवाद, महिला अपराध, सीमा




विवाद, सड़क और परिवहन, पर्यावरण, धार्मिक पर्यटन और नदियों को जोड़ने जैसे विषय प्रमुख रूप से चर्चा में रहे। इसमें बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों की अवैध मौजूदगी और भारत-नेपाल सीमा से होने वाली घुसपैठ को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया।

**क्षेत्रीय मुद्दों पर केंद्र और राज्यों के समन्वय की जरूरत** - बैठक के दौरान उन मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया गया जिनका समाधान केंद्र

### चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत 120 अधिकारियों ने लिया हिस्सा

और राज्यों के साझा प्रयासों से ही संभव हो सकते हैं। जैसे कि अंतर्राज्यीय सीमा विवाद, खनन नीतियां, जल संसाधन और कृषि सुधार। पॉक्सो एक्ट के मामलों, महिला और बाल सुरक्षा, तथा नक्सल प्रभावित इलाकों की चुनौतियों पर भी वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रस्तुतियाँ दीं। ( शेष पृष्ठ दो पर )

## उत्तराखंड में भूस्खलन से तीन की मौत, राहत व बचाव कार्य जारी

### केदारनाथ में नाले उफान पर, यूपी में बारिश ने तोड़ा 50 साल का रिकॉर्ड



नई दिल्ली 24 जून (निस): मानसून मंगलवार को हरियाणा में प्रवेश कर गया। इसके साथ ही दिल्ली को छोड़कर मानसून हर राज्य में पहुंच चुका है। तय तारीख से 8 दिन पहले मानसून ने केरल में दस्तक दी थी। दिल्ली में सामान्य तौर पर 30 जून तक मानसून पहुंचता है। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और यूपी के कुछ जिलों में मानसून की एंट्री होना है। आमतौर पर मानसून 8 जुलाई तक पश्चिमी राजस्थान के पोखरण में पहुंचता है।यूपी में जून में बारिश का 50 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। 1971 से 2020 के बीच हुई औसत बारिश के मुकाबले इस साल 25 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। इस साल राज्य में 1 जून से 23 जून के बीच 66.9 मिमी औसत बारिश हुई, जबकि अनुमान ( शेष पृष्ठ दो पर )

# संसद की स्थायी समिति की बैठक में उठा सवाल, जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ अब तक एफआईआर दर्ज क्यों नहीं

नई दिल्ली 24 जून (निस) : सरकारी आवास पर भारी मात्रा में अधजली नकदी मिलने के मामले में फंसे हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा का मामला मंगलवार को संसद की स्थायी समिति की बैठक में भी उठा। समिति के सदस्यों ने पूछा कि मामले में कोई एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की गई। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि चर्चा के दौरान समिति के सदस्यों ने वीरस्वामी मामले की समीक्षा का सुझाव दिया। इसके अलावा समिति ने जजों के लिए



आचार संहिता बनाने और सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद लेने के लिए कूलिंग-ऑफ अवधि के बारे में भी सुझाव दिया।संसदीय समिति ने यह चर्चा उस समय की है, जब अगले महीने संसद के मॉनूसन सत्र में जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी हो रही है। राज्यसभा की इस समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजलाल हैं और इसमें भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई (जो एक मनोनीत सांसद हैं), पूर्व कानून राज्य मंत्री पी पी चौधरी, तृणमूल कांग्रेस सांसद सुखेंदु शेखर राय और कल्याण( शेष पृष्ठ दो पर )

## कुएं में गिरे गाय के बछड़े को निकालने को उतरे 6 लोग, दम घुटने से 5 की मौत

गुना 24 जून (निस) : मध्य प्रदेश के गुना में दर्दनाक हादसा हो गया। जहां कुएं में उतरे 5 लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। घटना जिले के धरनावदा गांव में मंगलवार सुबह करीब 11.30 बजे सामने आई है। यहां एक कुएं में गिरे गाय को निकालने गए 5 युवकों की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि एक युवक किसी तरह सुरक्षित बच निकला है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। जानकारी सामने आई है कि धरनावदा में सुबह लगभग 11 बजे कुछ लोगों ने एक कुएं में गाय के बछड़े को देखा था। जिसके बाद गांव के ही युवाओं ने उसे बाहर निकालने की मशक्कत शुरु कर दी। बताया जा रहा है कि गाय के बछड़े को बाहर निकालने के लिए सबसे पहले मन्नू कुशवाह नामक युवक कुएं में उतरा, लेकिन उसका दम घुटने लगा। इसके बाद उसकी मदद के लिए सोनू कुशवाह और एक अन्य युवक नीचे उतर गए। तीनों युवकों ने दम घुटने की शिकायत की। जिसके बाद मन्नू का बड़ा भाई पवन कुशवाह उनकी मदद के लिए पहुंच गया। अंदर गए ( शेष पृष्ठ दो पर )

# शशि थरुर ने अटकलों पर लगाया विराम, पीएम मोदी की तारीफ....बीजेपी में शामिल होने के संकेत नहीं

नई दिल्ली 24 जून (निस) : कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऊर्जा, गतिशीलता और लोगों से जुड़ने की इच्छा की प्रशंसा कर उनकी टिप्पणी भारत के आउटरीच मिशन की सफलता के संदर्भ में थी। कांग्रेस सांसद थरुर ने कहा कि उनकी टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी की पार्टी में शामिल होने के लिए उनके संकेत नहीं हैं, जैसा कि कई मीडिया रिपोर्टों में बताया जा रहा है। थरूर ने कहा, यह एक ऐसा लेख है जिसमें मैंने



आउटरीच मिशन की सफलता का वर्णन किया है, जो सभी दलों की एकता को दिखाता है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि मैंने कहा कि पीएम मोदी ने खुद अन्य देशों के साथ बातचीत में गतिशीलता और ऊर्जा का प्रदर्शन किया है। भाजपा की विदेश नीति या कांग्रेस की विदेश नीति जैसी कोई चीज नहीं है। ये केवल भारतीय विदेश नीति है। थरूर ने कहा, मैंने यह बात 11 साल पहले कही थी, जब मुझे संसद की विदेश मामलों की समिति का अध्यक्ष बनाया था। उन्होंने कहा, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी में शामिल होने का मेरा संकेत नहीं है। यह राष्ट्रीय एकता( शेष पृष्ठ दो पर )

## मुख्यमंत्री ने खनन एवं भू विज्ञान विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# मुख्यमंत्री ने अवैध खनन रोकने के लिए दिए सख्त निर्देश, खनन क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा लगा कर की जाए मॉनिटरिंग

चंडीगढ़, 24 जून (अमृतपाल सिंह) : हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में अवैध खनन पर पूर्णत: अंकुश लगाने के उद्देश्य से खनन एवं भू विज्ञान विभाग के अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि खनन क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश आज यहां खनन एवं भू विज्ञान विभाग के अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में खनन एवं भू विज्ञान मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार




भी मौजूद रहे।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खनन एजेंसियों द्वारा राज्य सरकार को समय पर राजस्व प्राप्त हो, इसके लिए आगामी तीन महीनों में बकाया राशि की पूर्ण वसूली सुनिश्चित की जाए। साथ ही, अवैध खनन पर पूर्णत: अंकुश लगाने के लिए भी लगातार पेट्रोलिंग व निगरानी गतिविधियों को बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग ने वर्ष 2025-26 के लिए 1400 करोड़ रुपये के राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया है, इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी खनन एजेंसी का एक माह का भी बकाया नहीं रहना चाहिए। बकाया होने की? स्थिति में एजेंसी को नोटिस जारी किया जाए, यदि उसके बाद भी वह बकाया राशि जमा नहीं करवाते तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने एक उच्च स्तरीय समिति के गठन के निर्देश दिए जो निलंबित खानों के कारणों और आगे की कार्रवाई पर रिपोर्ट देगी। साथ ही जिन खानों की नीलामी हो चुकी है लेकिन खनन कार्य शुरू नहीं हुआ, वहां की प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान खनन एवं भू विज्ञान विभाग के आयुक्त ( शेष पृष्ठ दो पर )

# लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट में 11 हुए बीमार, मचा हड़कंप,उधर जयपुर में रद्द करना पड़ी उड़ान

मुंबई 24 जून (निस) : लगता है कि एविएशन कंपनियों की ग्रहदशा ठीक नहीं चल रही है। आए दिन कुछ न कुछ चुनौतिया आ रहीं हैं। यात्री भी डरे हुए और कई लोगों ने हवाई सफर को होल्ड कर दिया है। लंदन से मुंबई आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में अचानक 5 यात्री और 2 चालक दल के सदस्य समेत 11 लोग बीमार पड़ गए, जिससे विमान के अंदर हड़कंप मच गया। सभी ने चक्कर आने और मतली की शिकायत की। यह घटना सोमवार को तब सामने आई जब विमान के विभिन्न चरणों में यात्रियों और क्रू मेंबरों ने चक्कर आने और मतली की शिकायत की। एयर इंडिया ने बताया कि विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और सभी बीमार यात्रियों को मेडिकल जांच के लिए तुरंत




मेडिकल रूम में ले जाया गया। बाद में उनका स्वास्थ्य ठीक पाया गया और उन्हें छुट्टी दे दी गई। कंपनी ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित विमानन सुरक्षा नियामक अधिकारियों को भी सूचित कर दिया है।एयर इंडिया के बयान के अनुसार, यह समस्या फ्लाइट नंबर एआई 130 में सामने आई, जो लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से मुंबई के लिए उड़ान भर रही थी। विमान के उतरते ही एयर इंडिया की मेडिकल टीम ने तत्परता दिखाते हुए यात्रियों और क्रू को तुरंत सहायता प्रदान की। फिलहाल सभी की हालत स्थिर बताई गई है, लेकिन कंपनी ने इस घटना के कारणों की पूरी जांच का आश्वासन दिया है। इसी दिन एक और एयरलाइन से जुड़ी खबर आई, जिसमें एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई जाने वाली फ्लाइट को तकनीकी खराबी के कारण रद्द करना पड़ा। फ्लाइट आईएक्स-195, जो सुबह 5.30 बजे जयपुर से दुबई के लिए उड़ान भरनी थी, टेकऑफ से ठीक पहले तकनीकी खराबी के चलते चल नहीं पाई। विमान बोर्डिंग के बाद टैक्सी-वे तक पहुंचा, लेकिन कैप्टन को खराबी का पता चलते ही विमान को( शेष पृष्ठ दो पर )

## पृष्ठ एक का शेष...

### ऑपरेशन सिंदूर को याद कर पीएम मोदी बोले- सिर्फ 22 मिनट ...

मठ के प्रति कितना समर्पित हूं। मैं खुद को सच में सौभाग्यशाली मानता हूं कि शिवगिरी मठ हमेशा मेरे साथ खड़ा रहा है। ये बहुत बड़ी कृपा है कि मठ के संतों ने हमेशा मुझ पर प्यार और स्नेह बरसाया है इस दौरान उन्होंने किसी देश का नाम लिए, बिना कहा कि भारत में निर्मित हथियारों ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान अपनी ताकत दिखाई। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने दिखाया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि बीते 11 वर्षों में उनकी सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्रों में भारत को मजबूत बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम हो रही है और यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमलों के संदर्भ में कहा कि सेना ने 22 मिनट में भारत में निर्मित हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर किया था। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि भविष्य में भारत में निर्मित हथियारों को दुनिया भर में सराहा जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, इससे पहले की तुलना में अधिक संख्या में आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान शुरू किए गए हैं पीएम मोदी ने कहा कि अभी हाल ही में हम सभी लोगों ने विश्व योग दिवस मनाया। इस बार योग दिवस की थीम थी-एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य, यानी एक धरती एक स्वास्थ्य! आज भारत सस्टेनेबल डेवलपमेंट की दिशा में एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड जैसे ग्लोबल अभियान को लीड कर रहा है। 2023 में जब भारत ने जी 20 समिट को लीड किया ?था, तब थीम रखा था, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य। हमारे इन प्रयासों में वसुधैव कुटुंबकम की धारणा जुड़ी हुई है पीएम मोदी ने कहा श्री नारायण गुरु ने हमेशा महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया था। हमारी सरकार भी महिलाओं के नेतृत्व में विकास के साथ आगे बढ़ रही है। हमारे देश में आजादी के इतने वर्षों बाद भी कई क्षेत्र ?थे, जिसमें महिलाओं के प्रवेश पर रोक थी। लेकिन हमारी सरकार ने इन प्रतिबंधों को हटाया। नए नए क्षेत्रों में महिलाओं को अधिकार मिले। आज कोर्ट से लेकर स्पेस तक, बेटियां नाम रोशन कर रही हैं।

### संसद की स्थायी समिति की बैठक में उठा ...

बनर्जी, कांग्रेस के विवेक तन्खा और द्रमुक के पी विल्सन तथा ए राजा प्रमुख सदस्य हैं जहां जस्टिस वर्मा पर महाभियोग चलाने की संभावना है, वहीं विपक्ष इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ भी इसतरह की कार्रवाई के लिए पहले ही नोटिस दे चुका है। राज्यसभा सचिवालय उन सांसदों के हस्ताक्षरों का भी सत्यापन कर रहा है, जिन्होंने जस्टिस यादव के खिलाफ कथित नफरती भाषण को लेकर महाभियोग नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। सचिवालय पहले ही सांसदों को उनके हस्ताक्षरों की पुष्टि के लिए पत्र लिख चुका है।

### मुख्यमंत्री ने अवैध खनन रोकने के लिए दिए सख्त ...

एवं सचिव श्री टी एल सत्यप्रकाश ने विभाग की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि खनन कि विभाग द्वारा अवैध खनन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसके तहत 1 अप्रैल 2024 से 11 जून 2025 तक अवैध खनन में संलिप्त 3274 वाहनों को जब्त कर उनसे 13.50 करोड़ रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई है। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### इजराइल-ईरान मध्य सीजफायर प्रभावी, ...

वह अपने अभियान के लक्ष्य तक पहुंच गया है और हमले बंद कर देगा हालांकि मंगलवार को यह अस्थायी संघर्ष विराम तब टूट गया जब इजराइल ने ईरान पर युद्ध विराम लागू होने के बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइल दागने का आरोप लगाया और जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प जताया। सरकारी मीडिया के अनुसार, ईरान की सेना ने इजराइल पर हमला करने से इनकार किया है - लेकिन मध्याह्न के समय उत्तरी इजराइल में विस्फोटों की आवाजें गूंजीं और सायरन बजने लगे, तथा एक इजराइली सैन्य अधिकारी ने कहा कि दो ईरानी मिसाइलों को नष्ट कर दिया गया। पत्रकारों से बात करते समय ट्रंप की हताशा स्पष्ट थी, उन्होंने अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया।


**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

मोब: 9416406615

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**



कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227


### लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट में 11 हुए बीमार, मचा ...

ठीक करने की कोशिशें शुरू हुईं। करीब 4 घंटे तक प्रयास करने के बाद भी खराबी दूर नहीं हो सकी, जिसके कारण फ्लाइट को रद्द करना पड़ा। इस दौरान विमान में बैठे यात्रियों को काफी इंतजार करना पड़ा और फ्लाइट कैंसिल होने की सूचना मिलने पर एयरलाइन ने उन्हें आने वाले दिनों में टिकट की वापसी या फिर नए टिकट बुक कराने का विकल्प दिया। इस तकनीकी समस्या के चलते यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का भरोसा दिया है।

### शशि थरूर ने अटकलों पर लगाया विराम, पीएम मोदी ...

का संदेश है। इसके पहले कांग्रेस सांसद थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक "अहम पूंजी" बनी हुई है, लेकिन अधिक सहयोग एवं समर्थन की जरूरत है। उनकी यह टिप्पणी फिर कांग्रेस को असहज स्थिति में डाल सकती है तथा पार्टी नेतृत्व के साथ उनके संबंधों में दरार और गहरी हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी के लिए थरूर की प्रशंसा उस समय आई है जब कांग्रेस विदेश नीति को लेकर मोदी सरकार पर निरंतर हमले कर रही है और आरोप लगा रही है कि भारतीय कूटनीति चरमरा गई है और देश विश्व स्तर पर "अलग-थलग" पड़ गया है।

### इजराइल-ईरान तनाव का असरः दिल्ली आने- ...

इनमें 28 उड़ानें दिल्ली पहुंचने वाली और 20 उड़ानें दिल्ली से प्रस्थान करने वाली शामिल थीं। एयर ट्रैफिक से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, एअर इंडिया की 17, इंडिगो की 8, और अन्य एयरलाइंस की 3 उड़ानें रद्द की गई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एयरलाइंस कंपनियां लगातार अपने शेड्यूल की समीक्षा कर रही हैं।

**इंडिगो ने दोबारा शुरू की उड़ान सेवाएं** - तनावपूर्ण स्थिति में थोड़ा राहत भरा संकेत यह है कि मिडिल ईस्ट में सीजफायर की खबरों और एयरस्पेस के धीरे-धीरे खुलने के बाद इंडिगो ने अपनी कुछ उड़ानों का परिचालन दोबारा शुरू करने की घोषणा कर दी है। एयरलाइन ने बयान जारी कर कहा, कि हम मिडिल ईस्ट में हवाई अड्डों की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और विवेकपूर्ण ढंग से चरणबद्ध रूप से उड़ानों का संचालन पुनः प्रारंभ कर रहे हैं।

### कुएं में गिरे गाय के बछड़े को निकालने को उतरे 6 लोग...

चारों युवकों को कुछ देर बाद समझ आया कि कोई जहरीली गैस है, जिससे उनका दम घुट रहा है। इसके बाद मदद के लिए गांव के ही गुरु ओझा और शिवचरण साहू भी मौके पर पहुंचे। कुल मिलाकर 6 युवक एक के बाद एक कुएं में उतर गए। इसके बाद जब सांस लेने में दिक्कत हुई तो पवन कुशवाह किसी तरह बाहर निकल आया। पवन के मुताबिक, उसने कुएं में डाला गया रस्सा पकड़ रखा था, लिहाजा बाहर निकलने में सफल हो गया। लेकिन बाकी 5 युवक कुएं के अंदर ही रह गए। इनमें से गुरु ओझा, शिवदयाल ओझा, सोनू कुशवाह, मनू कुशवाह और सिद्धार्थ सहरिया की मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि 3 युवकों ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया था जबकि दो युवकों की मौत जिला अस्पताल में उपचार शुरू होने से पहले ही दम तोड़ दिया। इस घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल सहित प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और रेस्क्यू अभियान की निगरानी की।

### अमित शाह की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय क्षेत्रीय परिषद ...

**धार्मिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया** - बैठक से पहले मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी विश्वनाथ मंदिर में पंचामृत अभिषेक किया और संकट मोचन मंदिर में हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। यहां बताते चलें कि गृहमंत्री अमित शाह सोमवार शाम करीब 5:40 बजे काशी पहुंचे थे, जहां मुख्यमंत्री योगी ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया था। इसके बाद दोनों नेता काल भैरव मंदिर पहुंचे। दर्शन के दौरान एक पुजारी ने अमित शाह की दंड से नजर उतारी, जिसे देखकर सीएम योगी मुस्कुरा पड़े और हल्के-फुल्के अंदाज़ में पुजारी को इशारा कर रोक दिया।

**सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त** - इससे पहले होटल ताज तक शाह के काफिले के रूट पर तीव्र सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई थी। होटल में चारों राज्यों के मुख्यमंत्रियों जिनमें मध्य प्रदेश के डॉ मोहन यादव, उत्तराखंड के पुष्कर सिंह धामी, छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय और उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ ने गृहमंत्री शाह के साथ डिनर में भाग लिया। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक और शाह के दौरे का उद्देश्य न केवल प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करना है, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव के ज़रिए जनता के साथ विश्वास का सेतु भी निर्मित करना है। काशी में हुई यह उच्च स्तरीय बैठक न केवल क्षेत्रीय समन्वय को नया आयाम देती है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास, और सांस्कृतिक महत्व को एक मंच पर लाकर राज्य-केंद्र संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक पहल भी है।

### उत्तराखंड में भूस्खलन से तीन की मौत, ...

53.7 मिमी का था उत्तराखंड में मानसून के साथ ही आपदाओं का दौर भी शुरू हो गया। यमुनोत्री पैदल मार्ग पर नौ कैंची बैंड के पास भूस्खलन हुआ, इसमें करीब आधा दर्जन यात्री दब गए। मलबे से 2 शव निकाले गए हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है। बद्रीनाथ से लौट रहे हरियाणा के श्रद्धालु की कार पर पहाड़ी से एक बड़ा पत्थर गिर जाने से महिला यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। केदारनाथ पैदल मार्ग पर बरसाती नाले में उफान से भारी मात्रा में मलबा दुकानों में घुस गया जिससे करीब आधा दर्जन दुकानों को नुकसान पहुंचा है गुजरात के दक्षिण गुजरात में पिछले दो दिनों से जमकर बारिश हो रही है। सोमवार को सूरत जिले में पिछले 24 घंटे में 10 इंच बारिश दर्ज हुई थी। सूरत शहर में भी सोमवार सुबह 8 बजे से 12 बजे तक 7 इंच बारिश हुई। इससे सूरत में कई जगह बाढ़ जैसे हालात बन गए थे मंगलवार सुबह से भी शहर में रुक-रुककर बारिश हो रही है। सूरत का कॉजवे ओवरफ्लो होने के चलते यातायात के लिए पूरी तरह बंद कर दिया है। सूरत जिले के बारडोली के कई इलाकों में घुटनों तक पानी भरा है। ऐसा ही हाल खंभात में है। यहां सोमवार देर रात से शुरू हुई भारी बारिश से सड़कें डूब गई हैं।

### डोभाल का पाकिस्तान पर तीखा वार : एससीओ ...

आतंकवादियों को भारत में हमले करने से रोकने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए हमले के जवाब में भारत ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इस हमले में लश्कर ए तैयबा के एक छद्म संगठन टीआरएफ ने 26 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी थी और कई अन्य को घायल कर दिया था। डोभाल ने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली और गैर-उकसावे वाली थी। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड त्यागने तथा संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद तथा उनके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डोभाल ने विशेष रूप से इन समूहों के आतंकवादी बुनियादी ढांचे और उनके आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने का आह्वान किया। एनएसए ने दोहराया कि सीमा पार आतंकवाद सहित कोई भी आतंकी कृत्य मानवता के विरुद्ध अपराध है। डोभाल ने एससीओ सदस्यों से सीमापार आतंकवादी कृत्यों के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के दायरे में लाने में मदद करने का आह्वान किया।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं का प्रचार करने निकली गुरधाम यात्रा का गुरुद्वारा मंजी साहिब पहुंचने पर किया स्वागत



**अंबाला, 24 जून ( कवलजीत सिंह ):** धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व को इस बार पूरे देश-विदेश में पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस पंथ के महान कथावाचन ज्ञानी शेर सिंह जी की तरफ से शहीदी पर्व मनाने के लिए और गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं का प्रचार करने के लिए गुरुद्वारा शहीद गंज से गुरधाम यात्रा आरंभ की। यह यात्रा गुरुद्वारा शीशगंज साहिब अंबाला, गुरुद्वारा पातशाही नौंवी, गुरुद्वारा सुढल सुढेल, गुरुद्वारा पंज तीरथी साहिब, गुरुद्वारा झगुड़ी साहिब, गुरुद्वारा थड़ा साहिब झीवरहेड़ी, गुरुद्वारा बनी बदरपुर साहिब, गुरुद्वारा पातालपुरी साहिब समालखा, गुरुद्वारा मनीअनपुर साहिब , गुरुद्वारा सलेमपुर साहिब, गुरुद्वारा पातशाही नौंवी कुरुक्षेत्र, गुरुद्वारा लंगर छ्नी साहिब होती हुई गुरुद्वारा मंजी अंबाला शहर में संपन्न हुई।

**गुरुद्वारा मंजी साहिब पहुंचने पर गुरुधाम यात्रा का किया स्वागत** : गुरुद्वारा मंजी साहिब पहुंचने पर इस यात्रा का श्री गुरु हरिगोबिंद साहिब सेवा सोसाइटी की तरफ से प्रधान टीपी सिंह, चेयरमैन मनजीत सिंह बब्बू, हरभजन सिंह , जगजीत सिंह, मनजीत सिंह बब्बू, गिफ्टी सिंह, सुरजीत सिंह, प्रितपाल सिंह, ग्रंथी सतनाम सिंह, गुरदयाल सिंह, गुरप्रीत सिंह, सहित अन्य ने स्वागत किया। इस दौरान टीपी सिंह ने बताया कि गुरधाम यात्रा का सुबह गुरुद्वारा शीशगंज साहिब में स्वागत किया गया था। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान ज्ञानी शेर सिंह जी ने उन सभी गुरुद्वारा साहिब में जाकर गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं का प्रचार किया, जहां गुरु तेग बहादुर जी स्वयं आए थे। उन्होंने बताया कि दिल्ली में सिख कमेटी की तरफ से उन सभी स्थानों पर समागम करवाए जा रहे हैं, जहां शहादत से पहले गुरु साहिब ने संगतों को दर्शन दिए थे। वहीं हरियाणा में एचएसजीएमसी की तरफ से पंजाब के साथ लगते गुरु तेग बहादुर जी की चरण छोह प्राप्त स्थानों पर नगर कीर्तन निकाल संगत को गुरु जी की शिक्षाओं के बारे में बताया जा रहा है।

## श्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करने में बेहतर मंच साबित होगा राष्ट्रीय सम्मेलन :हरविन्द्र कल्याण

### शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर हरियाणा सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और नोडल अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



चंडीगढ़, 24 जून (के.के संधु)ः देश में पहली बार हो रहे शहरी स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन श्रेष्ठ प्रथाओं के आदान-प्रदान और अनुभव साझा करने का बेहतर मंच साबित होगा। इससे पूरे देश में शहरी प्रशासन को और अधिक सक्षम व उत्तरदायी बनाने में मदद मिलेगी। यह बात हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मंगलवार को विधान सभा सचिवालय में सभी नोडल अधिकारियों की बैठक में कही। यह बैठक सम्मेलन से संबंधित तैयारियों की गहन समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। इससे पूर्व विस अध्यक्ष ने हरियाणा सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक की। इस बैठक में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के सचिव एवं आयुक्त विकास गुप्ता, सूचना एवं जन संपर्क विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग, अतिरिक्त निदेशक विवेक कालिया उपस्थित रहे। सम्मेलन 3 और 4 जुलाई को गुरुग्राम जिले के मानेसर स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी परिसर में होगा। देशभर से शहरी स्थानीय निकायों से जुड़े जनप्रतिनिधि, नीति निर्माता, शहरी विकास विशेषज्ञ, प्रशासक और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। विधान सभा अध्यक्ष कल्याण ने बैठक में स्पष्ट किया कि सम्मेलन की हर व्यवस्था सुव्यवस्थित, समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर विभाग के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं, जो अपनी-अपनी जिम्मेदारी के प्रति उत्तरदायी होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सम्मेलन में आने वाले प्रतिनिधियों के आवास, परिवहन, भोजन, सुरक्षा, जन-संपर्क और कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाएं उच्च स्तर की हों।उन्होंने कहा कि सम्मेलन हरियाणा की प्रतिष्ठा से जुड़ा है और इसकी सफलता के लिए हम सबको सामूहिक सहभागिता और कर्तव्यपरायणता आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि वे अपने समकक्ष लोक सभा सचिवालय और गुरुग्राम जिला प्रशासन के सभी विभागों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखें और हर छोटी-बड़ी आवश्यकता की पूर्ति सुनिश्चित करें विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि यह सम्मेलन शहरी विकास, स्थानीय स्वशासन, स्मार्ट सिटी योजनाओं, नागरिक सुविधाओं के सशक्तिकरण तथा सतत शहरी प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहेगा।

## डीसी डाक्टर विरेन्द्र दहिया ने एससी एवं एसटी एक्ट के तहत दर्ज केसों में पीड़ितों को दी गई आर्थिक सहायता की समीक्षा की

### डीसी ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश



पानीपत, 24 जून (हरप्रीत छत्तवाल) डीसी डाक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए एस.सी./एस.टी. एक्ट के तहत की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीसी डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने मार्च माह से जून माह के बीच दर्ज किए गए मामलों की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि लाभार्थियों को समयबद्ध ढंग से आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि एफआईआर दर्ज होते ही पीड़ितों को मुआवजा राशि शीघ्र प्रदान की जाए, जिससे उन्हें न केवल आर्थिक सहायता मिले, बल्कि भावनात्मक रूप से भी संबल प्राप्त हो। डीसी ने कहा कि समाज कल्याण विभाग संबंधित पीड़ितों से बैंक खाता संख्या व आवश्यक दस्तावेज लेकर शीघ्रता से औपचारिकताएं पूरी करे। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान जिला कल्याण अधिकारी जयपाल सिंह ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि मार्च से जून तक की अवधि में एससी/एसटी एक्ट के तहत जिला स्तर पर कुल 9 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि पहले 4 मामलों में पीड़ितों को आर्थिक सहायता की पहली किश्त दी जा चुकी है, जबकि 4 मामलों में पीड़ितों को आर्थिक सहयोग देने के लिए सम्पर्क किया जा रहा है तथा मामले मे भी पुलिस रिपोर्ट के अनुसार सच्चाई ना पाने के कारण कैंसल कर दिया गया है। उपायुक्त ने बैठक में मौजूद गैर सरकारी सदस्यों से भी इस विषय पर प्रतिक्रिया ली और सुझाव आमंत्रित किए ताकि पीड़ितों को अधिक प्रभावी ढंग से राहत पहुंचाई जा सके। बैठक में डीएसपी राजबीर सिंह, जिला खजाना अधिकारी हजारा सिंह, जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी सुनिल बस्ताड़ा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के डीएम बिजेन्द्र सिंह, जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति के सदस्य सतप्रकाश वैद, सत्यावान झण्डा, अशोक कौशिक सुभाष दून व संजय सिहाल आदि मौजूद रहे।

## युवा क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया आयोजन, युवाओं को नशे से दूर रखने का प्रयास



**कालका, 24 जून ( अख्तर फ़ारूक़ी/अजीत सिंह )** : यूथ क्रिकेट क्लब खेड़ा सीताराम कालका द्वारा युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल की ओर आकर्षित करना और उन्हें नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रखना है। आयोजकों का कहना है कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक रूप से फिट रखती हैं, बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक होती हैं। इस टूर्नामेंट का आयोजन खेड़ा सीताराम प्राइमरी स्कूल के पास किया गया। काफी टीमों ने इस में भाग लिया। टूर्नामेंट में बेस्ट बॉलर,बेस्ट बैट्समैन,बेस्ट कीपर, बेस्ट फील्डर को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया । जीतने वाली टीम अशोक 11 सेक्टर -4 परवाणु की टीम को 18000 रुपये प्लस ट्रॉफी दी गई । रनर्स अप टीम को 7100 रुपये और ट्रॉफी और प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट को 2100 रुपये और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जोगी ठाकुर, सूरी ठाकुर, अरुण पुंडीर, यशपाल, शम्मी, अज्जू, आमिर, कृष, उपनिषद शर्मा, सूर्याश, लोविष, दुबे, कार्तिक, नासिर खान, सर्फाडिन, गोलू चीकू, सांभा और सारे यूथ मेंबर्स ने टूर्नामेंट में सहयोग दिया। खेलो, बढ़ो और समाज को नशामुक्त बनाओ इसी संदेश के साथ यह टूर्नामेंट युवाओं के भविष्य को एक नई दिशा देने की कोशिश है। यूथ क्रिकेट क्लब मेंबर्स ने टूर्नामेंट को स्पॉन्सर करने वाले पूर्व सरपंच व ग्राउंड के मालिक को राम रतन राजपूत ,(डी एम) अमित राजपूत ,साधु कुमार शर्मा ,सूरी,जोगी, उपनिषद शर्मा,,सूर्याश,अरुण, आमिर ,अज्जू ,यश, शम्मी, खान आदि का आभार व्यक्त किया।

# कारखाना कालका में ओबीसी सहायक महामंत्री उत्तर क्षेत्र संजीव कुमार का भव्य स्वागत किया गया



कालका, 24 जून ( अख्तर फारूकी/अजीत सिंह): कारखाना कालका में नवनिर्वाचित ओबीसी पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम ओबीसी कार्यालय में मीटिंग का आयोजन किया । जिसमे ओबीसी शाखा संस्थापक सदस्य प्रदीप कुमार, हमारे पुराने साथी पूर्व सहायक सचिव प्रीतम सिंह , कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल सिंह को भी इस कार्यक्रम में शामिल किया गया। सर्वप्रथम प्रदीप कुमार , प्रीतम सिंह , निर्मल सिंह द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से सम्मानित कर सभी का मुंह मीठा करवाया गया। सभी सम्मानित पदाधिकारीगणों ने कारखाना कालका में संजीव कुमार को उत्तर क्षेत्र के सहायक महामंत्री बनाएं जाने पर पूरे ढोल नगाड़े के साथ मेन गेट से लेकर आरपीएफ पोस्ट,समस्त कारखाना एवं डीएसकेपी स्टोर का भ्रमण पूरे दल बल के साथ हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न किया,एवं समस्त कारखाना में मिठाई वितरण भी किया गया। समस्त कारखाना कालका के कर्मचारियों ने सहायक महामंत्री बनाएं जाने पर संजीव कुमार का पूरे ज़ोर शोर से स्वागत सम्मान किया। एडीइएन शिमला गुरप्रीत सिंह स्पैशल शिमला से कालका वर्कशॉप में अपनी टीम सहित आएं और सहायक महामंत्री संजीव कुमार को हार पहनाकर स्वागत सम्मान किया। पूरे कारखाना में भ्रमण करने के पश्चात वर्कशॉप कमेटी हाल में भी स्वागत सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एनआरएमयू डिवीजन शाखा मंत्री जय प्रकाश टीम सहित, एनआरएमयू वर्कशॉप शाखा अध्यक्ष कमल टीम सहित , यूआरएमयू शाखा मंत्री विकास की अनुपस्थिति में एडीएस रविन्द्र शर्मा ,एससी/ एसटी की टीम शाखा मंत्री शौकी राम, एडीइएन एसएमएल गुरप्रीत सिंह टीम सहित, सी एच .ओ एस पुष्पा टीम सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे एनआरएमयू ,यूआरएमयू एससी/ एसटी एडीइएन एसएमएल गुरप्रीत सिंह ने, निर्माण प्रबंधक हरदेव सिंह ने ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे कर्मचारी संगठन उत्तर रेलवे कालका से संजीव कुमार को सहायक महामंत्री बनाएं जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। एनआरएमयू डिविजन से आए शाखा मंत्री जय प्रकाश अध्यक्ष कमल , सहायक सचिव अखिलेश यादव ने संजीव कुमार को फूल माला एवं शाल पहना कर सम्मानित किया। प्रदीप कुमार , प्रीतम सिंह , निर्मल सिंह को निर्माण प्रबंधक हरदेव सिंह द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। शाखा संस्थापक सदस्य प्रदीप कुमार ने समस्त कारखाना कालका ओबीसी ब्रांच की ओर से संजीव कुमार को सहायक महामंत्री बनाएं पर मोमेंटो भेंट देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी यूनियन और एसोसिएशन ने संजीव कुमार की मेहनत ईमानदारी,कर्तव्यनिष्ठा, ओबीसी संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने के सराहना की और कहा कि यह मुकाम संजीव कुमार ने अपनी मेहनत से हासिल किया है और यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि संजीव कुमार सहायक महामंत्री का पद हमारे कालका वर्कशॉप में दिया गया है। जिसके लिए महामंत्री एस.के.यादव का कोटि कोटि धन्यवाद दिया । आज तक इतना बड़ा पद यहां पर किसी को भी नहीं मिला है । जिसके लिए समस्त ओबीसी संगठन को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं एवं यह हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक पल है। जिसके लिए हम सभी को सहायक महामंत्री संजीव कुमार पर, ओबीसी संगठन पर गर्व है, जिसके लिए हम सभी अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह एक ऐतिहासिक भ्रमण रहा। ओबीसी के समस्त पदाधिकारीगण के साथ साथ ओबीसी के कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इतनी बड़ी संख्या में ओबीसी के जुलूस को देखकर कारखाने में चर्चा का विषय बना रहा। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने ओबीसी के हक और कल्याण की बात कर्मचारियों को दिलाने का वायदा किया।

## नगर निगम कर्मचारियों ने आम जनता के लिए भंडारे का किया आयोजन

करनाल, 24 जून ( परमजीत कौर ) : नगर निगम कर्मचारियों ने मंगलवार को आम जनता के लिए भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान शहर के हजारों लोगों ने निगम परिसर में आकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया और इसमें शामिल हलवा, पुरी, सब्जी, कड़ी, चावल व



खीर जैसे स्वादिष्ट व्यंजनो का लुफ्त उठाया। दोपहर पूर्व करीब साढे 11 बजे जैसे ही भोजन वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ, कुछ ही देर बाद भोजन ग्रहण करने वालों का तांता लग गया। इनमें राह चलते लोग, ऑटो–रिक्शा चालक, आस–पास कार्यालयों के सरकारी अधिकारी व कर्मचारी तथा निगम कार्यालय में आए नागरिक तथा कार्यालय के पीछे खाली पड़ी जगह पर मौजूद झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाले गरीब लोगों ने भी भोजन प्रसाद ग्रहण किया। निगम कर्मचारियों की ओर से करनाल के विधायक जगमोहन आनंद को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। लेकिन वह शहर से बाहर होने के चलते नहीं आ सके। उनकी जगह उनके सुपुत्र सम्राट आनंद ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी प्रकार निगम की महापौर रेनु बाला गुप्ता भी किन्ही कारणों से शहर से बाहर गए हुए थे, उनकी जगह पर उनके पति व समाजसेवी बृज गुप्ता ने कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया। उनके इस आयोजन की तारीफ की और भोजन प्रसाद ग्रहण किया। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और सभी कर्मचारियों की हौसला अफजाही की तथा भोजन प्रसाद ग्रहण किया। दूसरी ओर कुछ पार्षदों ने भी भंडारे में आकर प्रसाद लिया। अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, उप निगम आयुक्त अभय सिंह सहित तमाम अधिकारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। निगम कर्मचारियों की ओर से जनता की सेवा के लिए लगाए गए भंडारे की खूब चर्चा रही और लोग वाह–वाह कहते सुने गए। क्या था मकसद– गौर हो कि पिछले दिनो हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेश के 1 लाख से भी अधिक कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के मकसद से जॉब सिक्योरिटी करने को जो निर्णय लिया था, उससे इन कर्मचारियों के परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। सरकार के इस निर्णय के तहत भिन्न–भिन्न विभागों से समबद्ध कर्मचारी थे। जॉब सिक्योरिटी के लिए सेवा अवधि जैसे नियमों को लिया गया था। इस फहरिस्त में करनाल नगर निगम के 108 कर्मचारी शामिल थे। सरकार के निर्णय के बाद सभी विभागों ने अपने–अपने स्तर पर कौशल रोजगार के कर्मचारियों की सूची लेकर उनकी जॉब सिक्योरिटी कर देने की तैयारी कुछ दिन पहले शुरू कर दी गई थी और इसके चलते अंततः दिनांक 18 जून 2025 को नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कर्मचारियों की तैयारशुदा सूची के नीचे जॉब सिक्योरिटी लिखकर सुनिश्चितता की मोहर लगा दी। उसी दिन से जॉब सिक्योरिटी से जुड़े सभी कर्मचारियों के चेहरे भी अजीब मुस्कान बनी हुई थी, न केवल कर्मचारी बल्कि उनके परिवारजन भी खुशी से फूले न समा रहे थे। इसी बीच इन कर्मचारियों ने सरकार के प्रति अपना आभार प्रकट करने के नजरिए से आम जनता की सेवा के लिए भंडारा लगाने का कॉंसैप्ट ले लिया और मंगलवार को इसे यथार्थ में कर दिखाया। इसमें निगम के तमाम कर्मचारियों ने स्वेच्छा से भंडारे में खर्च की जाने वाली धनराशि का योगदान दिया। भंडारे के दौरान सभी कर्मचारी भोजन वितरण में बढ़–चढ़ कर सेवा करने में डटे रहे। यह भी उल्लेखनीय है कि भंडारे का आयोजन बाद दोपहर करीब 4 बजे तक जारी रहा। यहां यह भी बताना उचित होगा कि भंडारे में जीरो वेस्ट कार्यक्रम को लेकर सफाई का विशेष ध्यान रखा गया था। डिस्पोजल की जगह स्टील के बर्तन लिए गए। भंडारे से पूर्व प्रातः निगम कार्यालय के प्रांगण में हवन और श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया, जिसमें उपस्थित कर्मचारी व अधिकारियों ने आहुति डाली। हवन के बाद कन्या पूजन भी किया गया था।

## पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने डीसीपी पंचकूला को भेजा ईमेल

**कहा : जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है**

कालका, 24 जून ( अख्तर फारूकी/अजीत सिंह): कालका से पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने पंचकूला जिले में बढ़ते अपराधों को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने सोमवार को पुलिस उपायुक्त ( डीसीपी) पंचकूला को एक विस्तृत ईमेल ज्ञापन भेजते हुए जिले की गिरती कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। अपने ईमेल के माध्यम से पूर्व विधायक ने स्पष्ट किया कि जिले में हत्या, लूट, चैन स्नैचिंग और चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस सिर्फ चालान काटने और कागज़ी कार्रवाई में व्यस्त है। उन्होंने लिखा कि जनता में भय का माहौल है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**ईमेल में उठाए गए प्रमुख मुद्दे :** चोरी की वारदातों में बढ़ोतरी, लेकिन पुलिस रिकवरी करने में नाकाम। रात के समय पुलिस गश्त बेहद कम, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था कमजोर या निष्क्रिय। जन-संवाद की कमी, जिससे सूचना आदान-प्रदान भी प्रभावित है। प्रदीप चौधरी ने ईमेल में सुझाव दिया कि पुलिस को संवेदनशील इलाकों में रात गश्त बढ़ानी चाहिए, स्थानीय जन सहयोग समितियां बनानी चाहिए, पुलिस चौकियों को फिर से सक्रिय करना चाहिए और सीसीटीवी सिस्टम को मजबूत किया जाना चाहिए। पूर्व विधायक ने डीसीपी से मांग की कि जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत और ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि पुलिस पर आम जनता का विश्वास बहाल हो सके।

## राष्ट्रीय धन्वंतरी आयुर्वेद पुरस्कार 2025 के लिए आयुर्वेद विशेषज्ञों से आवेदन आमंत्रित 30 जून अंतिम तिथि- डीसी

पानीपत, 24 जून (हरप्रीत छत्तवाल) डीसी डॉक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय ने राष्ट्रीय धन्वंतरी आयुर्वेद पुरस्कार 2025 के लिए आयुर्वेद विशेषज्ञों से 30 जून तक आवेदन/नामांकन आमंत्रित किए हैं। ये पुरस्कार ऐसे आयुर्वेद विशेषज्ञों को प्रदान करने के लिए संस्थापित किए गए हैं जो भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग अधिनियम अथवा भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त योग्यता रखते हैं और जिन्होंने आयुर्वेद के क्षेत्र में अपना अपार योगदान दिया है। पुरस्कार विजेताओं को वार्षिक आयुर्वेद दिवस यानी 23 सितंबर को 5 लाख रुपये के पुरस्कार व ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। विवरण को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड्सडॉट जीओवीडॉटइन पर देखा जा सकता है।

## आईटीआई रायपुररानी ने निकाली नशा मुक्ति रैली, छात्रों ने दिया नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो का संदेश

रायपुररानी, 24 जून ( देवेन्द्र सिंह): राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रायपुररानी द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मंगलवार को एक दिवसीय जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली



की शुरुआत सुबह संस्थान परिसर से हुई, जो मुख्य बस स्टैंड, मेन बाजार एवं प्रमुख मार्गों और गलियों से होते हुए पुनः संस्थान परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संदेशों वाली तख्तियां लेकर नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो और नशे को कहो टाटा बाय–बाय जैसे बुलंद नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। जबकि रैली में थाना प्रभारी सुखबीर सिंह के निर्देशन में पुलिसकर्मियों ने भी भाग लिया। उन्होंने छात्रों से नशे के खिलाफ सजग रहने और समाज में इसकी रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन अनुदेशिका प्रवीण कुमारी ने किया। उन्होंने छात्रों और उपस्थित अतिथियों को रैली के उद्देश्य से अवगत कराते हुए कहा कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी का भाव विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य दिनेश पुरी ने कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो विशेष रूप से युवाओं को तेजी से अपनी चपेट में ले रही है। इस तरह की रैलियां न केवल जागरूकता फैलाती हैं, बल्कि युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित भी करती हैं। हमारा प्रयास है कि तकनीकी शिक्षा के साथ–साथ नैतिक शिक्षा भी दी जाए। इस मौके पर वर्ग अनुदेशिका प्रोमिला शर्मा, सीमा शर्मा, प्रवीण कुमारी, सीमा सैनी, महेंद्र सिंह, गौरव कुमार, बृजपाल, संदीप कटारिया, सुरेश लाल और मनिंदर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पंचकूला जिले में स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबी अभियान जल्द होगा शुरू, 20 से अधिक संगठनों ने बनाई कार्ययोजना




रायपुररानी, 24 जून ( देवेन्द्र सिंह) : देश को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पंचकूला जिले में स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबी भारत अभियान चलाया जाएगा। यह निर्णय भारत विकास परिषद भवन में 20 से अधिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया। बैठक में जिले में इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। इस अवसर पर स्वावलंबी भारत अभियान के उत्तर क्षेत्र के समन्वयक डॉ. राजेश गोयल ने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच चल रहे वैश्विक व्यापार संघर्ष से भारत समेत पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है। ऐसे समय में देश की सुरक्षा और आर्थिक प्रगति के लिए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार पर जोर दे रहे हैं। इसी कारण स्वदेशी जागरण मंच सहित कई संगठनों ने अमेज़न और फ्लिपकार्ट जैसे विदेशी ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म का विरोध शुरू किया है। डॉ. गोयल ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ, चीनी डंपिंग और पाकिस्तान से आतंकवादी घटनाओं के कारण देश में स्वदेशी अपनाने की जरूरत और भी बढ़ गई है। इसी के तहत पूरे भारत में विदेशी छोड़ो, स्वदेशी अपनाओ अभियान चलाया जा रहा है। 12 जून को दिल्ली में शंखनाद कार्यक्रम के माध्यम से इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ हुआ था, जिसका अब विस्तार पंचकूला जिले में किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि गांव–गांव, मोहल्ला–मोहल्ला, स्कूल और कॉलेजों में छोटी–छोटी बैठकों, सेमिनारों और संकल्प सभाओं के माध्यम से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। सभी संगठनों के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे इस अभियान को जन–जन तक पहुंचाएं और देश को समृद्ध, स्वावलंबी तथा मजबूत बनाने में सहयोग करें। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों के कई पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## जीएंडजी आईटीआई में मलेरिया जागरुकता कार्यक्रम आयोजित, स्वास्थ्य विभाग ने दी महत्वपूर्ण जानकारी





रायपुररानी, 24 जून ( देवेन्द्र सिंह) : रायपुररानी स्थित जीएंडजी आईटीआई में मलेरिया के प्रति जागरूकता फैलाने और रोकथाम के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन सीएचसी रायपुररानी के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव गोयल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत आईटीआई के प्रधानाचार्य कार्तिक भारद्वाज के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है और मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए हमें हमेशा सजग रहना चाहिए। जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मलेरिया के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जानकारी देते हुए डॉ. गौरव प्रजापति ने बताया कि मलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है, इसलिए पानी के जमा होने से रोकथाम करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि मच्छर वहीं पनपते हैं। इस दौरान सोर्स रिडक्शन अभियान के तहत संस्थान परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पानी के ठहराव की जांच और सफाई की गई। विद्यार्थियों को यह भी सलाह दी गई कि वे अपने घरों में कूलर, फ्रिज ट्रे, पानी की टंकियां और कंटेनर को नियमित रूप से साफ करें। साथ ही मच्छरदानी का प्रयोग करें और पूरी बाजू के कपड़े पहनकर मच्छरों से बचाव करें। कार्यक्रम समापन के दौरान विद्यार्थियों को मलेरिया से बचाव के लिए पम्पलेट वितरित किए गए। इसके अलावा, स्वास्थ्य टीम ने रायपुररानी क्षेत्र में सात समूह बैठकों का आयोजन भी किया, जिनमें मलेरिया संबंधी जागरूकता प्रदान की गई। इस मौके पर स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, प्रेम चंद, नसीब सिंह, अंजार अहमद, सुनील कुमार, विनोद कुमार एवं डीबीसी सदस्य भी उपस्थित थे।

## समस्याओं के समाधान में ना हो किसी भी प्रकार की देरी- निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय

पानीपत, 24 जून (हरप्रीत छत्तवाल) हरियाणा सरकार द्वारा सप्ताह में दो बार जिला व उपमण्डल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों का लोगों को अच्छा खासा लाभ मिल रहा है। सोमवार को जिला सचिवालय में आयोजित किए गए, जनता समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में आ रही समस्याओं को लेकर और गम्भीरता से कार्य करें। लोगों की परेशानियों का समाधान करना हमारी ड्यूटी का बड़ा हिस्सा है। हमें इसमें किसी भी प्रकार की देरी नही करनी चाहिए। समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए नगराधीश टिनू पोसवाल ने कहा कि समाधान शिविर में धीरे–धीरे समस्याओं को लेकर पहुंचने वाले नागरिकों की संख्या में कमी आ रही है। इसका सीधा सा संदेश है कि समस्याओं के प्रति अधिकारी गम्भीरता से कार्य करते हैं व मौके पर उनकासमाधान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रारम्भ में जिलेभर से लोग बड़ी मात्रा में समस्याएं लेकर पहुंचते थे लेकिन अब मौके पर समाधान होने से आमजन में खुशी की लहर व समाधान शिविर के प्रति लोगों का अटूट विश्वास होने से लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। जनता समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 27 समस्याएं पहुंची जिनका निगम संयुक्त आयुक्त ने अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। इन समस्याओं में ज्यादातर फैमली आई डी से जुड़ी समस्याएं थी। प्रार्थी श्रीपाल वासी आर्य नगर ने प्रशासन से उनके बेटे यश के हत्यारों का पता लगाने की प्रार्थना की। उन्होंने इस पर प्रशासन से कम से कम समय में कार्यवाही करने का अनुरोध किया। निगम संयुक्त आयुक्त ने सम्बंधित विभाग को कार्यवाही के आदेश दिए। प्रार्थी सुरजीत सिंह वासी कवी ने विकलांग पैंशन बनवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। निगम संयुक्त आयुक्त ने सम्बंधित विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रार्थी समाधान शिविर में पहुंची प्रार्थी सरोज ने जिला प्रशासन से राशनकार्ड को जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि उसकी हालत दयनीय है व उसका राशनकार्ड काट दिया गया है। निगम संयुक्त आयुक्त ने सम्बंधित विभाग को जांच के निर्देश दिए। प्रार्थी जगदीप वासी जलालपुर ने बिजली कनैक्शन के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। इस पर निगम संयुक्त आयुक्त ने सम्बंधित विभाग को जांच के आदेश दिए। प्रार्थी यशपाल ने जिले में बढ़ रही चोरी व भीख मांगने वालों की बढ़ रही संख्या पर प्रशासन को गंभीरता पूर्वक कार्यवाही करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों केखिलाफ जोर दार कार्यवाही की जरूरत है प्रार्थी यश वर्मा ने प्रशासन से अनुरोध किया कि उनकी फैमिली आईडी से चार बिजली मीटर हटा दिए गए हैं। एक बिजली मीटर बचता है। उन्होंने इसे भी हटवाने का अनुरोध किया। निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने सम्बंधित विभाग को जांच करने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में भी फैमिली आईडी से वाहन हटवाने का अनुरोध किया गया इसको लेकर भी निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने सम्बंधित विभाग को जांच करने केनिर्देश दिए। इस मौके पर जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता कर्ण बहल, डिप्टी सीएमओ दिव्या साहनी, जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह, डीईएमओ महावीर सिंह, डीपीओ परमिन्द्र कौर, डॉ. अशोक लौहान, पुलिस विभाग से हरदीप और हैल्प डेस्क से संजीव शर्मा, जोगिंद्र आदि मौजूद रहे।

## रायपुररानी तहसील कार्यालय में समय की धज्जियाँ

***9:43 बजे तक नहीं पहुँचे कर्मचारी, वीडियो वायरल होने पर मचा हड़कंप***



रायपुररानी, 24 जून ( देवेन्द्र सिंह) : रायपुररानी तहसील कार्यालय एक बार फिर लापरवाही के आरोपों में घिर गया है। मंगलवार सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें सुबह 9ः43 बजे तक कार्यालय में कोई अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं था। यह वीडियो एक स्थानीय ग्रामीण द्वारा रिकॉर्ड किया गया था, जो कुछ ही घंटों में फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर वायरल हो गया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि ग्रामीण तहसील कार्यालय के बाहर दस्तावेजी कार्यों के लिए इंतजार कर रहे हैं, जबकि कार्यालय के अंदर कुर्सियां खाली पड़ी थी। हालांकि, कुछ लोग सुबह–सुबह जरूरी कामों की उम्मीद लेकर कार्यालय पहुँचे थे, लेकिन कर्मचारियों की अनुपस्थिति ने उन्हें निराश कर दिया। इससे लोगों का समय, मेहनत और पैसा बर्बाद हुआ है। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है जब हरियाणा सरकार समय पालन को लेकर सख्त रवैया अपना चुकी है। बता दें कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुछ दिन पहले अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ी हिदायत दी थी कि अब चूड़ी टाइट होगी यानी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लेकिन रायपुररानी तहसील कार्यालय की यह तस्वीर सरकार के उन निर्देशों की ज़मीनी हकीकत को उजागर करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है। अक्सर कार्यालय तय समय के बाद खुलता है, जिससे ग्रामीणों को बार–बार लौटना पड़ता है। खासकर दूर–दराज़ से आने वालों को काफी परेशानी होती है। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है और संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की जा सकती है। तहसील स्तर पर निगरानी व्यवस्था को लेकर भी चर्चा चल रही है। यह मामला एक बार फिर सरकारी कार्यप्रणाली की जवाबदेही पर सवाल खड़े करता है। अब देखना यह है कि वायरल वीडियो के बाद प्रशासन कोई ठोस कदम उठाता है या फिर यह भी अन्य मामलों की तरह कुछ दिनों की चर्चा के बाद भुला दिया जाएगा। इस बीच, जब नायब तहसीलदार रवींद्र कुमार को दो बार फोन किया गया, तो उन्होंने कॉल नहीं उठाए।

# सम्पादकीय

## इजरायल- ईरान युद्ध मे अमेरिका कूदा, विश्व युद्ध या शांति?

22 जून को जब भारत में रात के लगभग 2-30 बजे थे, तब पश्चिम एशिया में एक नए युद्ध की आहट गूंज रही थी। अमेरिकी विमानों ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों— फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर हमला किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह घोषणा की, अमेरिका ने एक सफल सैन्य कार्रवाई की है। अब शांति कायम करना ईरान के हाथ में है। सवाल यह है, क्या अमेरिका की यह कार्यवाही तीसरे विश्व युद्ध की दस्तक है, या शांति की नई शुरुआत के रूप में इसे देखा जा सकता है। इजराइल ने इस हमले को ऐतिहासिक और अमेरिका का निर्णायक कदम बताया है। ईरान ने इसे बर्बर हमला और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की अवहेलना बताते हुए इस हमले का विरोध किया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है, यह संकट नियंत्रण से बाहर जा सकता है। इसका असर पूरी दुनिया की स्थिरता पर पड़ेगा। एक तरह से उन्होंने भी तृतीय विश्व युद्ध की आशंका जाहिर की है। इस हमले ने विश्व मंच पर अमेरिका की भूमिका को फिर से कठघरे में लाकर खड़ा कर दिया है। अमेरिकी कांग्रेस में विरोध की आवाजें उठ रही हैं। यह कदम संवैधानिक अधिकारों के और अंतरराष्ट्रीय संधि कानून उल्लंघन के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका के भीतर भी इस कार्रवाई का विरोध हो रहा है, अंतरराष्ट्रीय समुदाय में चिंता है, अमेरिका की इस कार्रवाई से मिडिल ईस्ट में अस्थिरता एवं तनाव का जो तूफान उठा है इसका मुकाबला किस तरीके से किया जा सकता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह हमला ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने का रणनीतिक कदम है या एक और अनंत युद्ध के रूप में तीसरे युद्ध का आगाज है? ईरान ने दावा किया है, कि उसकी परमाणु गतिविधियां जारी रहेंगी। अमेरिकी हमले से ठिकानों को अधिक नुकसान नहीं पहुंचा है। इसका अर्थ यह ईरान का केवल एक 'संदेश' था या उसका शक्ति प्रदर्शन था। जिसमें अमेरिका के इस हमले से उसे कोई नुकसान नहीं हुआ है। इसका दूसरा पहलू है, वैश्विक राजनीति, शक्ति और व्यापार के रूप में, क्या रूस और चीन इस संघर्ष से दूर रहेंगे। वैश्विक समीकरण को ध्यान में रखते हुए ईरान की ओर से कूटनीतिक समर्थन को लेकर चीन और रूस आगे आएंगे? वर्तमान में इजरायल और ईरान के बीच जो युद्ध शुरू हुआ है। अमेरिका के युद्ध में कूद जाने के बाद यह युद्ध क्या दुनिया को दो ध्रुवों में बांटने की शुरुआत है। क्या अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, विशेषकर तेल आपूर्ति, मुद्रा, एवं वैश्विक शक्ति पर संतुलन बनाए रखने की दिशा में इसका घातक प्रभाव क्या हो सकता है। इसको लेकर सभी देश आशंकित हैं। अमेरिका ने अनायास जो कदम उठाया है, उसने अमेरिका की छवि को खराब करने का काम किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 15 दिन के बाद निर्णय लेने की बात कही थी, लेकिन दो दिन बाद ही उन्होंने हमला कर दिया। इसके पहले भी 15 दिन बचने के 1 दिन पहले ही इसराइल ने ईरान के ऊपर हमला कर दिया था। अमेरिका का यह हमला एक नए संकट की शुरुआत है? युद्ध की लपटें अगर भड़कीं, तो न केवल मिडिल ईस्ट, बल्कि पूरी दुनिया के देश उसकी चपेट में आ सकते हैं। इस स्थिति में समाधान सैन्य तरीके से नहीं, वरन कूटनीतिक और बातचीत के जरिए ही संभव हो सकता है। यही वक्त है जब दुनिया के सभी देशों को दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए आगे आना होगा। अमेरिका ने जो ईरान के ऊपर कारवाई की है, उसका विरोध भी देखने को मिल रहा है। इसराइल पिछले कई माह से गाजा और आस-पास के देशों में नरसंहार कर रहा था। वैश्विक संस्थाओं के निर्देशों का पालन नहीं कर रहा था। मानव अधिकार कानून को भी धता बता रहा था। अहंकार और आतंक के बल पर मिडिल ईस्ट के देशों के साथ तानाशाही कर रहा था। अमेरिका का उसे समर्थन मिल रहा था, जिसके कारण वह निरंकुश हो गया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आने के बाद जिस तरह से अमेरिका ने इस मामले में चालबाजी के साथ ईरान के ऊपर हमला कर उसे नष्ट करने की चेष्टा की है। उससे अमेरिका और इजरायल की साख सारी दुनिया के देशों में घट रही है। ईरान के पक्ष में चीन और रूस के शामिल हो जाने के बाद इसके भयंकर परिणाम की आशंका से सारी दुनिया के देश आशंकित हो गए हैं।

## कर्म से बना है वर्ण

मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे। वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

# इजराइल-ईरान तनाव के बीच अमेरिका की खलनायक वाली भूमिका

**तनवीर जाफ़री**



इस्राईल -ईरान के बीच छिड़े आधुनिक युद्ध ने पूरे विश्व को स्तब्ध व चिंतित कर दिया है। इस्राईल गत कई वर्षों से ईरान को युद्ध में खींचने की पूरी कोशिश कर रहा था परन्तु ईरान सीधे युद्ध में कूदने से बचता आ रहा था। परन्तु गत 13 जून को इस्राईल ने ईरान पर एक बड़ा हवाई हमला कर दिया। इस हमले के कुछ ही समय बाद इस्राईली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने एक टी वी प्रसारण में इस हमले को उचित ठहराते हुये ईरान पर परमाणु बम बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया और अपनी चिंता दोहराई कि ईरान का परमाणु बम इस्राईल को नष्ट कर सकता है। इस्राईल ने ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक और शीर्ष सेना कमांडर भी मार दिये। इस्राईल ने 13 जून को ईरान पर हमला उस समय किया जबकि दो दिन बाद ही यानी 15 जून को ईरान और अमरीका के मध्य परमाणु समझौता होने की तारीख़ तय थी और यह समझौता किसी निष्कर्ष पर पहुँचने की उम्मीद भी की जा रही थी। परन्तु इस्राईल ने समझौते के पहले ही हमला कर ईरान को बड़ा धोका दे दिया। इस्राईली हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी यह कहकर सबको चौंका दिया कि उन्हें इस हमले की पहले से जानकारी थी और इस हमले में कई ईरानी कट्टरपंथी (परमाणु वार्ताकार ) मारे गए हैं। उन्होंने ईरान को चेतावनी दी कि अगर वह समझौता नहीं करता, तो और बड़े हमले झेलने पड़ सकते हैं। यही नहीं बल्कि ट्रंप ने इस्राईल की पीठ थपथपाते हुये इस्राईली हमलों को शानदार बताया और कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की इच्छा छोड़नी होगी। साथ ही ट्रंप ने अमेरिका को इस्राईल का सबसे बड़ा सहयोगी भी बताया। साफ़ है ईरान पर इस्राईल द्वारा धोखे से किये गये इस हमले का अमेरिका भी बराबर का साझीदार है। अब ज़रा 2003 के उस दौर को भी याद कीजिये जब इराक़ में सद्दाम हुसैन के शासनकाल में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश प्रशासन, ने यह दावा किया था कि सद्दाम हुसैन के पास रासायनिक, जैविक और संभवत: परमाणु हथियार भी हैं जो वैश्विक सुरक्षा के लिए ख़तरा हो सकते हैं। यह दावा ख़ुफ़िया जानकारी पर आधारित बताया गया था। इसी ख़ुफ़िया जानकारी को बहाना बनाकर अमेरिका ने ऑपरेशन इराक़ी फ़्रीडम के नाम से इराक़ पर बड़ी सैन्य कार्रवाई की और इराक़ को तबाह कर के छोड़ा। यहाँ तक कि स्थानीय अदालत का गठन कर सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ा दिया। इराक़ में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां रासायनिक, जैविक और सामूहिक विनाश के हथियार होने की जानकारी ग़लत साबित हुई। वहां ऐसे हथियार होने के कोई सबूत नहीं मिले। जगज़ाहिर है कि अमेरिका द्वारा इराक़ पर सैन्य कार्रवाई वहां के तेल संसाधनों पर नियंत्रण और मध्य पूर्व में अमेरीकी सामरिक प्रभाव बढ़ाने की इच्छा के तहत की गयी। इराक़ की तबाही व सत्ता परिवर्तन के बाद अमेरिका ने यह तर्क भी दिया था कि सद्दाम हुसैन का तानाशाही शासन इराक़ी जनता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए हानिकारक था। बहरहाल आज वही अमेरिका जिसने केवल इराक़ ही तबाह करने की कोशिश नहीं की बल्कि वह जापान पर 6 और 9 अगस्त 1945 को परमाणु बम गिराने का भी गुनहगार है. वह अमेरिका जो कोरिया, ग्वाटेमाला, इंडोनेशिया, क्यूबा, कांगो, लाओस, वियतनाम, कंबोडिया, ग्रेनेडा, लेबनान, सीरिया, लीबिया, अल साल्वाडोर, निकारागुआ, ईरान(1987) पनामा, इराक़, कुवैत, सोमालिया, बोस्निया, सूडान, अफ़ग़ानिस्तान, योगोस्लाविया जैसे देशों पर हमले करने व वहां की सत्ता को अस्थिर करने का ज़िम्मेदार हो, क्या वह अमेरिका तय करेगा कि किस देश को परमाणु शस्त्र रखना चाहिए और किसे नहीं ? या फिर फ़िलिस्तीन की ज़मीन पर अमेरिका ब्रिटेन की शह पर क़ब्ज़ा जमाये बैठा वह अवैध देश इस्राईल जिसपर ग़ज़ा में लगभग 82,000 लोगों को मारने व लगभग 20 लाख लोगों को बेघर कर क्षेत्र में मानवीय संकट खड़ा का आरोप है वह तय करेगा कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिए और किसे नहीं? जो देश स्वयं पूरे विश्व में अस्थिरता फैलाने, क्षेत्रीय संघर्ष भड़काने, शस्त्रों के व्यवसाय तथा तेल जैसी सम्पदा पर गिद्ध दृष्टि रखते हों पड़ोसी देशों में फूट डलवाकर युद्ध भड़काना ही जिनका वयवसाय बन चुका हो वह देश कैसे निर्धारित कर सकते हैं कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिये किसे नहीं ? आज विश्व में जिनदेशों के पास परमाणु शस्त्र हैं उनमें सबसे बड़ा ज़ख़ीरा संयुक्त राज्य अमेरिका के पास है। इसके अतिरिक्त रूस, चीन, फ़्रांस, यूके (ब्रिटेन), इस्राईल, उत्तर कोरिया, भारत व पाकिस्तान जैसे देश भी परमाणु शस्त्र धारक देशों में गिने जाते हैं। बावजूद इसके कि ईरान अभी तक यह कहता आया है कि उसके द्वारा किया जा रहा परमाणु संवर्धन उसकी ऊर्जा सम्बन्धी ज़रूरतों को पूरा करने जैसे शांतिपूर्ण कार्यों के लिये है। फिर भी यह क्यों ज़रूरी नहीं कि मानवता का सबसे बड़ा हत्यारा देश इज़राईल जो भूखे, निहत्थे बच्चों व बुज़ुर्गों औरतों का लगातार नरसंहार करता आ रहा, जो अपनी सैन्य शक्ति और अमेरिका की शह के बल पर अपने क़ब्ज़े की ज़मीन का लगातार विस्तार करता जा रहा हो जो उसे पनाह देने वाले देश फ़िलिस्तीन के लोगों को ही उनकी मातृभूमि से बेदख़ल करने की साज़िश रच रहा हो, जो अमरीका के इशारे पर पूरे मध्य एशिया में फूट डालने वाली राजनीति कर रहा हो आख़िर क्षेत्रीय संतुलन बनाने के लिये उसके सामने ईरान जैसे देश का डटकर खड़ा होना ज़रूरी क्यों नहीं ? क्या इस पूरे मध्य क्षेत्र को अमेरिका इस्राईल के रहम-ो-करम पर जीने के लिये छोड़ देना चाहिये? ताकि जब चाहें और जिस देश को चाहें ग़ज़ा, यमन व लेबनान बना सकें ?

निश्चित रूप से युद्ध से बुरी कोई स्थिति नहीं होती। हमेशा इस त्रासदी का शिकार बेक़ुसूर महिलाएं, बच्चे व बुज़ुर्ग होते आये हैं। युद्ध से मानवता आहात होती है। सही मायने में तो पूरे विश्व को ही न केवल परमाणु शस्त्र मुक्त बल्कि पूरा विश्व नि:शस्त्र भी होना चाहिये। परन्तु अमेरिका इज़राईल जैसे देशों द्वारा जब अपनी ताक़त का दुरूपयोग दशकों से किया जाता रहा हो और यह सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा हो ऐसे में इन्हें वाक ओवर देने के बजाये इनके सामने अपने स्वाभिमान के लिये संकल्पबद्ध होकर खड़े होना कौन सा जुर्म है ? अमेरिका व इस्राईल के सामने ईरान के सिर उठाकर खड़े होने जैसे फ़ौलादी इरादों की आज दुनिया सराहना कर रही है। परन्तु यह देश आज कभी ईरान के निष्कासित रज़ा शाह पहलवी के पुत्र के काँधे पर सवार होकर तो कभी भीतरी फूट डालकर कभी मोसाद का इस्तेमाल कर ईरान को अस्थिर करने की पुरज़ोर कोशिश में लगा है।

इनकी गिद्ध दृष्टि इस बात पर टिकी है कि किसी तरह वर्तमान संकल्पवान व स्वाभिमानी ईरानी सत्ता को बेदख़ल कर अपनी पिट्ठू सरकार बनाई जाये और ईरान को अस्थिर कर यहाँ भी मनमर्ज़ी से तेल दोहन किया जा सके। परन्तु शहादत को अपना आभूषण समझने व दास्तान ए करबला से प्रेरणा लेना वाला यह देश अमेरिका व इज़राईल की घुड़कियों को कुछ भी नहीं समझ रहा। क्या ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार नहीं ?

# आर्थिक, राजनीतिक ताकत के दम पर भारत बन सकता है जी-7 का सदस्य

**एडवोकेट किशन सनमुखदास**

वैश्विक स्तरपर भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का डंका पूरी दुनियाँ में बज रहा है, जिसका सटीक उदाहरण अभी 17 जून 2025 को माननीय भारतीय पीएम द्वारा जी-7शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन कनाडा पहुंचे व सम्मेलन अटेंड किया, हालांकि भारत इसका सदस्य नहीं है, फिर भी 2019 से लगातार एक विशिष्टता से आमंत्रित हो रहे हैं। सम्मेलन में भाग लेकर वैश्विक विकसित देशों से चर्चा कर विश्व को अपने अनुभव साझा कर रहा हैं, ताकि पूरी दुनियाँ की बेहतरीन के लिए बेहतर योगदान दिया जा सके। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि हमारे पीएम को जी-7 में आमंत्रित किया गया जिससे हम उन सटीक अंदाज लगा सकते हैं कि, भारत की प्रतिष्ठा में दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि हुई है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से आज दिन भर इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर माननीय पीएम के कनाडा पहुंचने से लेकर अंत तक नजर गाड़ाए राखी। सम्मेलन के दौरान हर विकसित देश माननीय पीएम से मिलना चाहता था, भारत से नजदीकियां बनाए रखने के भाव बड़े-बड़े नेताओं में देखे जो रेखांकित करने वाली बात है। चूँकि भारत का 51 वें जी-7 शिखर सम्मेलन 15-17 जून 2025 कनाडा में भारत का आगाज हुआ इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत भविष्य में जी-7 का सदस्य बन सकता है, क्योंकि भारत आर्थिक, राजनीतिक, वैश्विक ताकत बनकर तेजी से बढ़ता चला जा रहा है। साथियों बात अगर हम जी-7 सम्मेलन 2025 कनाडा के प्रमुख बिंदुओं और उद्देश्यों को समझने की करें तो, जी-7 देश भारत को एक ऐसे शक्तिशाली साझेदार के रूप में देखते हैं, जो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन की आक्रामकता का जवाब दे सकता है. भारत क्वाड समूह (भारत, अमेरिका, जापान, औरऑस्ट्रेलिया) का हिस्सा है, जो चीन के प्रभाव को संतुलित करने में महत्वपूर्णहै, दरअसल 2019 से भारत के पीएम को दुनिया के अमीर देश अपनी बैठक में हर साल बुलाते हैं, यह भारत की वैश्विक स्थिति और





रणनीतिक महत्व को दर्शाता है। अमेरिका के हडसन इंस्टीट्यूट द्वारा 14 मई, 2023 को प्रकाशित लेख, जिसका शीर्षक है इंडिया द्वह्य ऑलवेज इन्विटेड टू जी-7. व्हाई इज डैट सो इम्पोर्टेन्ट? ने भी भारत की दुनिया में बढ़ती ताकत और प्रासंगिकता को महसूस किया था, लेख में अनुमान लगाया गया है कि भारत भविष्य में जी-7 का औपचारिक सदस्य बन सकता है, क्योंकि उसका आर्थिक और रणनीतिक प्रभाव बढ़ रहा है। हालांकि, भारत की ओर से कुछ हिचकिचाहट हो सकती है।

जी-7 2025 के एजेंडा के प्रमुख बिंदु-(1) वैश्विक आर्थिक स्थिरता और वृद्धि मुद्रास्फीति, आर्थिक मंदी की आशंका, वैश्विक व्यापार में असंतुलन, आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा (2) ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटल संक्रमणआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, क्रिटिकल मिनरल्स, नेट-ज़ीरो लक्ष्यऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए नवीकरणीय स्रोतों और हरित हाइड्रोजन पर बल (3) शांति और सुरक्षा, इज़राइल -ईरान संघर्ष, यूक्रेन-रूस युद्ध, आतंकवाद उन्मूलन, साइबर सुरक्षा अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता और शरणार्थियों के संरक्षण पर चर्चा, जी-7 देश भारत को एक ऐसे शक्तिशाली साझेदार के रूप में देखते हैं, जी-7 के प्रमुख उद्देश्य- (1) वैश्विक आर्थिक स्थिरता और वृद्धि को बढ़ावा देना (2) वित्तीय पारदर्शिता और सहयोग (3) जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय मुद्दों पर नेतृत्व(5)वैश्विक स्वास्थ्य ( जैसे कोविड -19 ) के संकट में सहयोग (6) लोकतंत्र और मानवाधिकारों का समर्थन, कनाडा के अल्बर्टा राज्य के कैननास्किस में जी7 समिट का आज आखिरी दिन है। पीएम मोदी अब तक 6 वर्ल्ड नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। इनमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो, ऑस्ट्रेलिया पीएम एंथनी अल्बनीज, द. अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, साउथ कोरिया राष्ट्रपति लीजे म्युंग शामिल हैं। साथियों बात अगर हम भारत की बढ़ती भूमिका उपस्थित प्रतिष्ठा को समझने की करें तो,(1)भारत इस साल ही दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना हैतमाम वैश्विक संस्थाओं का मानना है कि भारत एक साल के अंदर ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का खिताब पा सकता है, जी 7 देश, जो विश्व की सबसे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं का समूह हैं, भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं (सप्लाई चेन) में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी मानते हैं, कनाडाई पीएम ने शिखर सम्मेलन में भारत को आमंत्रित करते हुए कहा कि भारत का होना आर्थिक और रणनीतिक चर्चाओं के लिए जरूरी है क्योंकि यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के केंद्र में है (2)-जिओ पोलिटिकल महत्व, भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश और एक उभरती हुई शक्ति है, जी-7 देश भारत को एक लोकतांत्रिक और जिम्मेदार शक्ति के रूप में देखते हैं, जो चीन और रूस जैसे अधिनायकवादी देशों के प्रभाव को संतुलित करने में मदद कर सकता है, भारत का इंडो- पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक महत्व, खासकर चीन के बढ़ते प्रभाव के संदर्भ में, जी-7 के लिए महत्वपूर्ण है (3)-ग्लोबल साउथ का प्रतिनिधित्व-भारत को ग्लोबल साउथ का एक प्रमुख आवाज माना जाता है, जी 7 देश, जो मुख्य रूप से विकसित देश हैं, भारत जैसे उभरते देशों को शामिल करके वैश्विक मुद्दों पर व्यापक सहमति बनाना चाहते हैं, भारत की जी-20 अध्यक्षता (2023) ने इसे और मजबूत किया, जिससे जी7 को भारत की राय को नजरअंदाज करना मुश्किल हो गया, हडसन इंस्टिट्यूट के लेख में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के 2022 के बयान का हवाला देते हुए लिखा गया कि यूरोप को यह मानसिकता छोड़नी होगी कि यूरोप की समस्याएँ विश्व की समस्याएं हैं, लेकिन विश्व की समस्याए यूरोप कीसमस्याएं नहीं हैं।

# ज्ञान, योग, पवित्रता की देवी थी ब्रह्मकुमारी मम्मा

**- डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

सरस्वती को ज्ञान की देवी कहा गया है। सरस्वती, प्रजापिता ब्रह्मा की पुत्री भी हैं और जगत अम्बा भी ,जिनके द्वारा परमात्मा, हरेक की इच्छाओं को पूर्ण करता है। इसी कारण जगदम्बा की पूजा होती है। जब जब भी चरित्र में गिरावट व विश्व में अशांति के बीज पनपने लगते हैं और संसार में दिव्यता की कमी, धर्म की ग्लानि होने लगती है ।तब इन बुराइयों को समाप्त करने के लिए किसी न किसी महान विभूति का जन्म होता ही है। ऐसी ही एक महान विभूति हुई है ,मां जगदम्बा सरस्वती जिन्हें प्यार से सब मम्मा कहकर बुलाते थे ।मम्मा का बचपन का नाम राधे था। मम्मा जन्म सन 1919 को पंजाब प्रांत के शहर अमृतसर में हुआ। लौकिक पिता पीकरदास और माता रोचा की वह लाडली थी। एक दिन अचानक राधे के पिता का देहांत हो गया और राधे अपनी मां व छोटी बहन के साथ सिंध हैदराबाद में अपनी नानी व मामा के घर आ गई। राधे की पढ़ाई हैदराबाद में ही हुई। राधे ने मैट्रिक स्तर तक की पढ़ाई की। उन्हीं दिनों ओम मंडली नामक एक सत्संग मण्डली का सत्संग दादा लेखराज के घर पर होता था। एक दिन राधे भी अपनी मां के साथ सत्संग में चली गई। उन्हें देखते ही दादा लेखराज को लगा कि यह तो उनकी वारिस बेटी है और राधे को भी लगा यह तो उनका बहुत काल से बिछुड़ा हुआ पिता है। दादा लेखराज उसी दिन से राधे को आलौकिक परमात्म ज्ञान की शिक्षा देने लगे ।17 वर्ष की अल्पायु में ही मम्मा आध्यात्मिक रूप से परिपक्व हो गयीं एवं ब्रह्माकुमारीज के यज्ञ की जिम्मेदारियों को अपने हांथों में ले लिया। एक बार जब ओम मंडली के विरुद्ध न्यायालय में केस चल रहा था, तब मम्मा ने आकर ऐसी गवाही दी जिससे न्यायाधीश भी मौन हो गये ।मम्मा ने स्पष्ट किया कि किस प्रकार निराकार परमात्मा ने दादा लेखराज को माध्यम बनाया हुआ है और उनके द्वारा परमात्मा हम सबको पढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि एक मनुष्यात्मा यह सत्य ज्ञान कैसे दे सकती है? परमात्मा ही आकर हमें पवित्र रहने की ( मन,वचन.कर्म में ) श्रीमत देते हैं। हर एक मनुष्य को अधिकार है कि वह अपने जीवन की दिशा एवं उद्देश्य स्वयं निर्धारित कर सके। उनकी अध्यात्म के प्रति लग्न को देखकर कुछ ही समय में राधे को सत्संग की संचालिका बना दिया और कुछ अन्य माताओं व कन्याओं को मिलाकर एक समिति बना दी। दादा लेखराज जो उस समय हीरो के व्यापारी थे,ने ईश्वरीय बोध होने पर अपना अकूत धन व चल-अचल सम्पत्ति इस समिति रूपी ट्रस्ट के नाम कर दी। जिससे 14 वर्षों तक संस्था का खर्च चलता रहा। इस समिति रूपी ट्रस्ट का नाम आगे चलकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हुआ। मम्मा यानि राधे सर्व गुणों की खान और मानवीय मूल्यों की विशेषताओं से सम्पन्न थीं। मम्मा ने कभी किसी को मौखिक शिक्षा नहीं दी, बल्कि अपने जीवन के अनुभव से प्रेरणा दी। इसी से दूसरे के जीवन में परिवर्तन आ जाता था।



मम्मा के सामने चाहे कितना भी विरोधी, क्रोधी, विकारी, नशेड़ी आ जाता, परन्तु मम्मा की पवित्रता, सौम्यता व ममतामयी दृष्टि पाते ही वह शांत हो जाता और मम्मा के कदमों में गिर जाता था।

मम्मा की सत्यता, दिव्यता व पवित्रता की शक्ति ने लाखों कन्याओं के लौकिक जीवन को अलौकिकता में परिवर्तित कर दिया और उन कन्याओं ने अपना सीमित परिवार त्याग कर विश्व को अपना परिवार स्वीकार करके विश्व की सेवा में त्याग व तपस्या द्वारा जुटकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रति अपना जीवन समर्पित किया। मम्मा ने अपने जीवन के अनुभव से बहुत बड़ी सीख दी कि अपने जीवन को सफल बनाने के लिए व विश्व सेवा के लिए बीस नाखूनों की शक्ति लगा दो, तो सफलता अवश्य आपके हाथ आ जायेगी। मम्मा बहुत कम बोलती थीं और दूसरों को भी कम बोलने का इशारा करती थीं। उनका मानना था कि अधिक बोलने से हमारी शक्ति नष्ट हो जाती है।

अपने ज्ञान, योग, पवित्रता के बल से विश्व की सेवा करते हुए मम्मा मां जगदम्बा सरस्वती ने 24 जून 1965 को अंतिम सांस लेते हुए अपने नश्वर शरीर का त्याग कर दिया और आत्म स्वरूप में परमात्मा की गोद ले ली। मम्मा की भूमिका ज्ञान यज्ञ में विशिष्ट रही और यह भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गयी जब 1950 में ओम मंडली, माउन्ट आबू में बस गयी। तब सम्पूर्ण भारत में सेवायें विस्तार को पाने लगीं। मम्मा ने सेवा पर जा कर अनेक सेवाकेन्द्रों की स्थापना की। ब्रह्माकुमारीज यज्ञ की अर्थ व्यवस्थापक थीं इसलिए वह मितव्यवता एवं उपयोगिता का संतुलन रखती थीं ,लेकिन उन्होंने कभी यज्ञ में आहुति को कम नही होने दिया ,तभी तो यह यज्ञ आज भी अनवरत जारी है।

# मंत्री कृष्ण बेदी कॉलोनी डेवलपर पर दिखे सख्त, दिए सख्त कार्यवाही के निर्देश

पानीपत, 24 जून (हरप्रीत छत्तवाल) सामाजिक न्याय सशक्तिकरण अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतकर्ताओं से सम्बंधित 10 शिकायतों के एजैण्डे पर सुनवाई करते हुए



कहा कि प्रशासन को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। यह उसकी बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार जरूरतमंद के साथ न्याय कर रही है। किसी के साथ भी अन्याय ना हो इसको लेकर बहुत एहतियात बरती जा रही है। उन्होंने चेताया कि शोषण करने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी। हर व्यक्ति को न्याय मिलेगा। उन्होंने कष्ट निवारण समिति की इस बैठक में 3 शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का अधिकारियों के सहयोग से मौके पर समाधान किया व शेष अन्य 7 समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करने के बाद अगली बैठक के लिए लम्बित रख लिया। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने मंत्री को आश्वस्त किया कि वे जनसमस्याओं को लेकर प्रारम्भ से ही गम्भीर है व उनके इस दिशा में हमेशा सार्थक प्रयास रहे हैं। कष्ट निवारण समिति की बैठक में पहुंचे शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भी जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए व ज्यादातर समस्याओं को गम्भीरता से सुना व अधिकारियों को इन समस्याओं के प्रति और गम्भीरता से कार्य करने के लिए कहा। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में पहली शिकायत राकेश बंसल द्वारा दी गई जो टीडीआई सिटी से सम्बंधित थी। टीडीआई निवासियों ने मूलभूत सुविधाएं सडक़, सुरक्षा, सफाई, पानी की सुविधा ना मिलने की बात मंत्री के समक्ष रखी व बताया कि विभाग द्वारा बिजली के कनैक्शन भी नही दिए गए। सडक़ों के नाम पर गहरे गढ्ढे हैं। सफाई की कोई व्यवस्था नही है। इस पर मंत्री ने टीडीआई के अधिकारियों पर फटकार लगाई व शिकायत को अगली बैठक के लिए लम्बित रख लिया गया। मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कॉलोनी डेवलपरों के प्रतितिनिधियों को सख्त लहजे में कहा की कॉलोनीयों में सभी जरूरी मुलभुत सुविधा देनी होंगी। उन्होंने निर्देश दिए की अगली बैठक में कॉलोनियों के मालिक को आना होगा। यदि बैठक में कॉलोनी मालिक नहीं आते है तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जायेगी।शिकायत नम्बर 2 रणधीर सिंह वासी नई अनाज मण्डी समालखा द्वारा दी गई। यह शिकायत बैंक से सम्बंधित थी। इस पर गम्भीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये। इसे आगामी बैठक तक लम्बित रखा गया। शिकायत नम्बर 3 में शिकायतकर्ता पवन कुमार ने अंसल सिटी पानीपत के बीपीएल फ्लेटों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की बात कही। उन्होंने फ्लैटों तक पहुंचने वाली स्ट्रीट लाईट, सीवर लाईन के अभाव के बारे में बताया। मंत्री ने सम्बंधित विभाग को संज्ञान लेने के निर्देश दिए व इसे अगली बैठक तक इसे भी लम्बित रखा। इस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि अधिकारी बहाने बना रहे हैं वे काम नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि यदि कार्य में देरी हो रही है तो इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार है।शिकायत नम्बर 4 शिकायतकर्ता रविन्द्र सिंह वासी झटीपुर ने की थी। यह शिकायत पिछली बैठक की लम्बित शिकायत थी। इसे भी सुनवाई के बाद अगली बैठक तक लम्बित रखा गया। शिकायत नम्बर 5 शिकायतकर्ता महेन्द्र सिंह वासी गांव अलीपुर खालसा ने की थी। यह शिकायत भी पिछली बैठक की लम्बित शिकायत थी। जमीन से जुड़ी यह शिकायत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से सम्बंधित थी। इसे भी सुनवाई के बाद अगली बैठक तक लम्बित रखा गया। शिकायत नम्बर 6 शिकायतकर्ता रविन्द्र कुमार वासी सैक्टर 12 हुड्डा ने की थी। यह शिकायत भी पिछली बैठक की लम्बित शिकायत थी। शिकायत को सुनवाई के बाद अगली बैठक तक लम्बित रखा गया। मंत्री ने कहा कि अगर इस शिकायत पर संज्ञान नही लिया गया तो एफआईआर दर्ज की जाएगी। शिकायत नम्बर 7 में शिकायतकर्ता गुलशन निवासी पारसनाथ डेवलपर लिमिटेड पानीपत ने की। यह भी पिछली बैठक की लम्बित शिकायत थी। इसमें पारसनाथ के नाम से कॉलोनी काटी गई थी जिसमें प्लाटों को खरीदा गया था। इसमें गुलशन कुमार ने शिकायत की थी कि सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि सुविधाओं के ना होने की वजह से हम अपने प्लाटों व मकानों का निर्माण नही कर पा रहे। पारसनाथ डेवलपर सुविधाओं के नाम से चार्ज वसूल कर रही है जबकि मौके पर कोई सुविधा नही दी जा रही। मंत्री कृष्ण कुमार बेदी कॉलोनी डेवलपरों पर सख्त दिखाई दिए। उन्होंने मालिक के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि अगली बैठक में मालिक नहीं आये तो मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। इस शिकायत को भी सुनवाई के बाद अगली बैठक के लिए लम्बित रखा गया।शिकायत नम्बर 8 शिकायतकर्ता सुरेन्द्र ने की थी। यह नई शिकायत थी। इसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जो प्लाट दिए गए हैं इसमें ना तो मौके पर कब्जा दिया जा रहा है और ना ही अल्टरनेट प्लाट दिए जा रहे हैं। इसकी सुनवाई करते हुए मंत्री ने कहा कि इसके प्रति हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को गम्भीरता से कार्य करना होगा। मंत्री ने अगली बैठक तक इसे लम्बित रखा व तब तक इस शिकायत का समाधान करने के निर्देश दिए।शिकायत नम्बर 9 शिकायतकर्ता दिनेश वासी बाल जाटन ने की थी। यह शिकायत इंडियन ऑयल कार्पोरेशन द्वारा अधिकृत की गई जमीन से सम्बंधित थी। जिसमें गाडियों को लगाया गया था। मंत्री ने दोनों पार्टियों को संतुष्ट किया व इस समस्या का मौके पर समाधान किया। शिकायत नम्बर 10 में शिकायतकर्ता अमित कुमार ने एक अवैध फैक्ट्री के सम्बंध में शिकायत की व फैक्ट्री से फैलने वाले प्रदूषण से स्वास्थ्य पर खतरा बताते हुए कार्यवाही करने के लिए कहा। उन्होंने प्रदूषण से जुड़ी उन तमाम परेशानियों को रखा जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इस शिकायत का मंत्री ने मौके पर ही समाधान किया। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने इस अवसर पर कहा कि सरकार का ध्येय तमाम समस्याओं का समाधान करना है। इसमें किसी भी तरह से अधिकारी कौताही ना बरतें। उन्होंने शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायतों पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि काम को लेकर किसी तरह की लीपा पोती नहीं चलेगी जनता को काम चाहिए।उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री को अवगत करवाया कि जो भी समस्याएं आती हैं उन पर संज्ञान लिया जाता है। प्रशासनिक अधिकारी गम्भीरता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में समस्याओं की गम्भीरता को देखते हुए उन पर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह, जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य व अधिकारी मौजूद रहे।

# डंपर और कार की टक्कर, कार सड़क के निर्माण कार्य के गड्ढे में गिरी, डंपर खेतों में जा घुसा

**जगाधरी, 24 जून ( रोहतास कुमार ) :** नेशनल हाईवे पर याकूबपुर के पास एक डंपर और कार की टक्कर हो गई और कार अनियंत्रित होकर सड़क की साइड में चल रहे निर्माण कार्य के गड्ढे में



गिर गई जिसमें सवार लड़का और लड़की को गंभीर चोट लगी जिनको एंबुलेंस के माध्यम से ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी छछरौली जगदीश चंद्र ने बताया कि उनको सूचना मिली थी कि याकूबपुर के पास एक डंपर और कार दुर्घटनाग्रस्त हो गए है। सूचना के बाद वे मौके पर पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त कार में से चोटिल लड़का और लड़की को बाहर निकालकर एंबुलेंस से ट्रामा सेंटर भिजवाया। उन्होंने बताया कि डंपर भी अनियंत्रित होकर खेतों में जा घुसा। चालक मौके से फरार हो गया। घायलों के बयान दर्ज करने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# अधिकारी स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें : सुभाष चंद्र

## निकाय एवं पंचायत विभाग द्वारा जिला स्तरीय स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**सोनीपत, 24 जून ( विनोद ) :** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में जिला परिषद के मीटिंग हॉल में जिला स्तरीय स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी खण्ड विकास अधिकारियों व पंचायत सचिवों ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला में जिला को स्वच्छ रखने बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें तथा वार्ड व गांव स्तर पर कमेटियां बनाएं, जिनमें स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों, एनएसएस, एनजीओ, धार्मिक संतों, भूतपूर्व सैनिकों, खिलाडियों, कलाकारों व जनप्रतिनिधियों को शामिल करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता व स्वच्छ जल की मुहिम शुरू करें। कार्यशाला में वाइस




चेयरमैन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक आह्वान पर सभी देशवासियों ने वर्ष 2014 से देश को स्वच्छ बनाने का बीड़ा उठाया। प्रधानमंत्री ने स्वयं अपने हाथों में झाड़ू लेकर श्रमदान करके देशवासियों को स्वच्छता की इस मुहिम से जुडंने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री के इस अभियान को हरियाणा प्रदेश में शुरू करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने भी श्रमदान करके नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा अब तक 08 जिलों में कार्यशाला आयोजित की जा चुकी है। परिणामस्वरूप हरियाणा प्रदेश ने दो बार देश में स्वच्छता के नंबर-वन पायदान पर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई है। इसके अलावा, हरियाणा प्रदेश खुले में शौचमुक्त प्रदेश भी बना है। उन्होंने कहा कि जहां पर स्वच्छता होती है, वहां पर प्रगति आती है क्योंकि स्वच्छता प्रगति व विकास का प्रतीक है, जबकि गंदगी दरिद्रता, आलस्य व बीमारी लाती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता तथा स्वास्थ्य का सीधा संबंध होता है। अगर हमारे घर के साथ- साथ हमारा गली-मोहल्ला, गांव-शहर, प्रदेश व देश स्वच्छ रहेगा तो हम सभी नागरिक भी स्वस्थ रहेंगे तथा अपने समाज व देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवहार का विषय है तथा हम सभी को अपने व्यवहार में इसे शामिल करना होगा। यह मुहिम केवल एक पक्ष से नहीं, बल्कि सरकार व जनता दोनों पक्षों के काम करने से सफल होगी। कार्यकारी उपाध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता केवल कहने से नहीं, बल्कि- करने से आएगी। सरकार से हमारी अपेक्षाएं बहुत हैं तथा सरकार हमारी अपेक्षाओं को पूरी भी कर रही है, लेकिन स्वच्छता की अपेक्षा पूरी करने में सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि डीएमसी एवं सीईओ जिला परिषद की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन हर महीने होगा। जिसमें सफाई कर्मचारियों की कार्यशाला होगी। जिसमें काम के प्रति प्रोत्साहन स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की जाएगी।

**स्वस्थ भारत मिशन को एक सामाजिक मिशन बनाने की आवश्यकता : डॉ. संतराम देशवाल**

साहित्य व शिक्षा के क्षेत्र में पदम श्री अवार्ड से सम्मानित डॉ. संतराम देशवाल ने कहा कि स्वस्थ भारत मिशन को एक सामाजिक मिशन बनाना पड़ेगा। जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की भूमिका होगी। क्योंकि जमीनी स्तर पर इस मिशन में समाज का प्रत्येक वर्ग भूमिका का निर्वाह करके इस मिशन को सफल बना सकता है। क्योंकि इस मिशन को सफल बनाने के लिए प्रशासन को समाज के प्रत्येक वर्ग की आवश्यकता है। जिससे स्वस्थ भारत मिशन को सफल बनाया जा सकता है। इस दौरान मेयर राजीव जैन, सीईओ जिला परिषद अभय जांगड़ा, डीडीपीओ जितेंद्र कुमार, नगर निगम जॉइंट कमिश्नर मीतू धनखड़, जिला परिषद डिप्टी सीईओ ललिता वर्मा, डॉ. श्यो प्रसाद जिला कोऑर्डिनेटर हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड, सभी ब्लॉको से खंड विकास अधिकारी व पंचायत सचिव और सामाजिक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने संयुक्त कार्यालय परिसर में इंटर्नशिप के तहत प्राप्त किया प्रशासनिक अनुभव

## जीवन में सफलता हासिल करने के लिए अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत करने के सिवाय नहीं कोई दूसरा रास्ता : एसडीएम

**हांसी, 24 जून ( मनमोहन शर्मा ):** राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों का एक दल इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत आज स्थानीय संयुक्त कार्यालय परिसर में पहुंचा। विद्यार्थियों ने विभिन्न विभागों की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया। इस अवसर पर एसडीएम राजेश खोथ ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया और उन्हें प्रशासनिक कार्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों तथा व्यक्तिगत विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विविध प्रश्नों के स्पष्ट, ज्ञानवर्धक तथा प्रेरणादायक उत्तर दिए। एसडीएम ने विद्यार्थियों को दिए महत्वपूर्ण संदेश- जीवन में अनुशासन और कठिन परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए एसडीएम ने कहा कि जो विद्यार्थी नियमितता



और समर्पण से अपने कार्य में लगे रहते हैं, वे निश्चित रूप से लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पर्यावरण संरक्षण और सड़क सुरक्षा नियमों इत्यादि के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए इन विषयों की जानकारी आवश्यक है। एसडीएम ने यह भी कहा कि बड़ों का मान-सम्मान करना मानसिक और सामाजिक रूप से व्यक्ति को मजबूत बनाता है। यह एक ऐसी नैतिक पूंजी है जो जीवन भर साथ देती है। परीक्षा के भय से उबरने की सलाह देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षाओं को बोझ न समझें,यह दृष्टिकोणआत्मविश्वास को बढ़ाता है और दबाव को कम करता है। विद्यार्थियों ने इस इंटर्नशिप अनुभव को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि यह अवसर उन्हें भविष्य के लिए मार्गदर्शन और आत्मविश्लेषण की दिशा में एक ठोस कदम लगा। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक ज्ञान का स्रोत बना, बल्कि उन्हें प्रशासनिक तंत्र और नागरिक उत्तरदायित्वों से भी जोड़ने का माध्यम सिद्ध हुआ। इस दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने इच्छुक विद्यार्थियों के लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के निर्देश दिए । संबंधित कर्मचारियों ने विद्यार्थियों के कागजातों को चेक कर ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया पूर्ण की।

# काम में न हो ढिलाई, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : सुमन बहमनी

**विकास कार्यों में तेजी लाने को लेकर मेयर और पार्षदों की हुई अहम बैठक, जनहित के मुद्दों पर हुई गंभीर चर्चा**

**यमुनानगर, 24 जून ( दिनेश कुमार ) :** महापौर सुमन बहमनी मंगलवार को जगाधरी नगर निगम कार्यालय में वार्ड एक से सात तक के पार्षदों के साथ विकास कार्यों पर समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी पार्षदों के वार्डों में निर्माणाधीन व होने वाले विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही वार्डों में जलभराव वाले स्थानों की चयनित कर निकासी के प्रबंध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान पार्षदों ने अपने अपने वार्ड की विभिन्न समस्याओं के बारे मेयर को जानकारी दी। जिनका समाधान कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। मेयर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि लंबित व अधूरे पड़े कार्यों में तेजी लाए। काम में ढिलाई लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मेयर सुमन बहमनी ने पार्षदों के साथ वार्ड एक से सात तक में चल रहे विकास कार्यों, लंबित पड़े कार्यों, होने वाले विकास



कार्यों, जलभराव के समाधान, नालों की सफाई, पार्कों के सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था समेत विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में मानसून को देखते हुए नालों की सफाई पर जोर दिया गया। बैठक में वार्ड एक की पार्षद ने रटौली गांव में जोहड़ के साथ वाली सड़क बनवाने, भटौली गांव में बने सामुदायिक केंद्र की सड़क बनाने, वार्ड तीन के पार्षद जयंत स्वामी ने उधमगढ़ की सड़क, कैसर नगर व अमर विहार में कराए गए सड़क निर्माण कार्य की एनओसी के बारे में चर्चा की। इसी तरह वार्ड चार के पार्षद प्रतिनिधि द्वारा चनेटी रोड से वाल्मीकि बस्ती तक बनाए नाले, विशाल नगर में बनाई सड़क के एनओसी नहीं लेने पर चर्चा की। इसी तरह वार्ड पांच के पार्षद भानू प्रताप कल्याण नगर में बनाई गई सड़क के कार्य की एनओसी नहीं लेने, वार्ड छह के पार्षद अंकित कुमार ने शंकरपुरी में बनाई छह गलियों, छोटी लाइन की सड़क के कार्य व न्यू जैन नगर में बनाई चार गलियों की एनओसी नहीं लेने की जानकारी दी। वार्ड सात के पार्षद प्रियांक शर्मा ने बताया कि अधिकारियों ने उनसे भी सेक्टर 17 में टाइल वाली बनाई सड़क का कार्य पूरा होने के बाद एनओसी नहीं ली। इस दौरान पार्षदों ने बताया कि उनके वार्डों में होने वाले नए कार्यों की उन्हें जानकारी नहीं दी जा रही है। कितने काम हो चुके है, कितने विकास कार्यों के टेंडर लगे है, कितने कार्यों के एस्टीमेट तैयार किए गए है, इनकी भी जानकारी नहीं दी जा रही है। सदन की बैठक में पास हुए 25 लाख रुपये के प्रस्ताव पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। नगर निगम क्षेत्र की सभी कॉलोनियों के नाम के बोर्ड अभी तक नहीं लगाए गए है। जगाधरी नगर निगम कार्यालय की मरम्मत भी अभी तक नहीं हुई है। मेयर सुमन बहमनी ने पार्षदों को निर्देश दिए कि वे जनहित में होने वाले विकास कार्यों की सूची तैयार कर उसे व अधिकारियों को दे। विकास कार्यों में कोई भी अधिकारी लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्षदों की तरफ से आने वाली हर समस्या को गंभीरता से लें। समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें। पार्षद और अधिकारी आपस में तालमेल मिलाकर शहर के विकास में तीव्रता, बेहतर सफाई व्यवस्था व शहर को सुंदर बनाने का कार्य करें। सेवा ही संकल्प की भावना के साथ पार्षद व अधिकारी मिलकर काम करें। हर वार्ड में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

# बिजली के बेतहाशा बिलों से लोग परेशान, पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**कालका, 24 जून ( अख्तर फारूकी/अजीत सिंह ) :** गर्मी के इस भीषण मौसम में जहां एक ओर ग्रामीण बिजली कटौती से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की ओर से उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे भारी-भरकम बिलों ने आम जनता में आक्रोश बढ़ा दिया है। इसी को लेकर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने बिजली विभाग की नीतियों पर कड़ा सवाल खड़ा करते हुए उसे जनविरोधी और गैर-जिम्मेदाराना बताया। प्रदीप चौधरी का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली गायब रहती है, लेकिन इसके बावजूद उपभोक्ताओं को फिक्स चार्ज, मीटर रेंट, सरचार्ज और अघोषित टैक्स जैसे फालतू शुल्क जोड़कर भारी बिल थमा दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब बिजली आती ही नहीं, तो इतने बड़े-बड़े बिल किस आधार पर भेजे जा रहे हैं? पूर्व विधायक ने विभागीय ढांचे पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि बिजली विभाग में स्थायी और प्रशिक्षित तकनीकी स्टाफ की भारी कमी है। स्टॉफ की कमी है। जिससे लाइन खराबी, ट्रांसफॉर्मर फेलियर, और फॉल्ट सुधार में घंटों की देरी हो रही है। चौधरी ने कहा कि हल्की बारिश या हवा के साथ ही गांवों की बिजली सप्लाई पूरी तरह ठप हो जाती है, और बहाली में कई बार काफी घंटे तक का समय लग जाता है। इस दौरान ग्रामीणों को कोई स्पष्ट सूचना तक नहीं मिलती। उन्होंने यह भी मांग की कि उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे फालतू शुल्क तत्काल हटाए जाएं, हर गांव में तकनीकी स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए। मौसम खराब होने पर वैकल्पिक बिजली व्यवस्था हो बिजली कटौती की पूर्व सूचना एसएमएस व पब्लिक नोटिस के माध्यम से दी जाए। उपभोक्ता सहायता केंद्रों को सक्रिय किया जाए।

# नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर में दाखिला प्रक्रिया शुरू

**बाबैन, 24 जून ( राजेश कुमार ) :** देश विदेश और मल्टीनेशनल कंपनियों में रोजगार का सपना देखने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर है। सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर बहलोलपुर में युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह जानकारी देते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन से कृष्मन सिंह सैनी ने बताया कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में साइन हुए एमओयू के अनुसार नवीन जिन्दल फाउंडेशन, महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर बहलोलपुर में युवाओं को स्किल की ट्रेनिंग देगा। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं, साथ ही बहलोलपुर संस्थान में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया जा चुका है। आसपास के दर्जनों गांव में नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम द्वारा युवाओं को जागरूक करके संस्थान में दाखिला लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। संस्थान में दाखिला लेने के लिए प्रक्रिया 27 जून तक जारी रहेगी। युवाओं के लिए इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, टेक्नीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम कोर्स उपलब्ध होंगे। दाखिला लेने के लिए आठवीं व दसवीं की योग्यता रखी गई है। जो कोर्स के अनुसार तय की गई है। उन्होंने बताया कि दाखिला लेने के इच्छुक आवेदक को सबसे पहले सरकार के आधिकारिक पोर्टल पर लॉग इन करके अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। इसके बाद अगस्त में काउंसलिंग एवं सीटों का आबंटन होगा और इसी महीने से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने बताया कि अधिकतर कोर्स 1 से 2 साल की अवधि के होंगे। ऑन केंपस भर्ती के लिए मल्टीनेशनल कंपनियों के साथ तालमेल स्थापित करके नवीन जिन्दल फाउंडेशन युवाओं को रोजगार दिलाने की दिशा में भी काम करेगी। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले युवाओं को 10 कक्षाओं, आठ कार्यशालाओं और दो प्रयोगशालाओं के साथ 6 एकड़ का हरा भरा परिसर, आधुनिक कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी और बहुउद्देशीय हाल की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि 27 जून से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर अपने सपनों को उड़ान दें।

# श्री घंटाकर्ण तीर्थस्थान कुशल-क्षेम तथा सद्भाग्य सुनिश्चित करता है : महासाध्वी प्रमिला

**इंद्री, 24 जून( बिशपाल राणा ) :** महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर भक्ति संगम का आयोजन श्री घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान इंद्री रोड़ पर भक्ति भावनापूर्वक किया गया। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से लोकमंगल तथा सभी के कल्याण की कामना की गई। साध्वी जागृति, कर्मवीर, जयपाल सिंह, अनिता जैन, निशा जैन, पुष्पा गोयल, सुधा जैन ने सुमधुर भक्तिगीतों से समा बांधा। दादा तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए; सच कहता हूं मेरी तकदीर बदल जाए, इंद्री वाले की मैंने जब से पकड़ी है बांह; बदली है तकदीर और बदले हालात, तू प्यार का सागर है और भक्तों का रहबर है, जहां ले चलोगे वहीं मैं चलूंगा यह जीवन समर्पण चरण में तुम्हारे; लाखों भक्त है तेरे दादा एक और बढ़ा ले मुझे अपना बना ले, आदि भजनों के बोलों ने सभी को झूमने के लिए विवश किया। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवता के संदर्भ में बतलाया कि श्री घंटाकर्ण कृपानिधान भक्तों पर वात्सल्य बरसाने वाले देवता हैं जो सबको निहाल तथा मालामाल करते हैं। इनके उपासक का कोई विपत्ति कुछ बिगाड़ नहीं पाती और सभी अनुकूलताएं चुम्बकीय आकर्षण से उसकी ओर खिंची आतीं है। श्री घंटाकर्ण जी बावन वीरों में तीसवें वीर शिरोमणि तथा वीरों की परिषद में सेनापति का गौरवमयी स्थान प्राप्त प्रभावशाली देवता हैं जिन्हें जैन, हिंदू तथा बौद्ध तीनों परंपराओं में विशेष पूजनीय तथा आराध्य स्थान प्राप्त है। जैन परंपरा में इन्हें चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का शासनरक्षक देव माना जाता है। वैदिक परंपरा में इन्हें बद्रीनाथ तीर्थ का क्षेत्रपाल देवता, शिवजी का गण तथा उनके पुत्र कार्तिकेय का अभिन्न सहयोगी माना जाता है। मंत्र शास्त्रों में श्री घंटाकर्ण के मंत्रों तथा साधना-विधियों का उल्लेख मिलता है जो मनोरथ पूर्ति, संकल्प सिद्धि, भय निवारण, शारीरिक कष्ट मुक्ति, भूत-प्रेत संबंधित बाधा निवारण, राजकीय संकट से छुटकारा पाने में रामबाण औषधि के समान कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि दैवी शक्तियों में अलौकिक क्षमताओं से संपन्न होने के कारण भक्तजनों के अभावों को दूर करने और उनके लिए शुभ तथा मंगल सुनिश्चित करने की अपूर्व शक्ति रहती है। हरियाणा, विशेष रूप से करनाल अंचल के निवासियों के सौभाग्य से यहां श्री घंटाकर्ण देव तीर्थस्थान की विद्यमानता सभी के लिए कुशल-क्षेम, सद्भाग्य निश्चित करने के कारण सभी वर्गों का श्रद्धा-केंद्र है। इस दरबार में सच्चे मन से आने वाला अपनी मुरादें पूरी करता है और झोलियां भर लेता है। राष्ट्र संत वाचनाचार्य श्री मनोहर मुनि जी और सेवामूर्ति समन्वयवादी श्री पीयूष मुनि जी की साधना, तपस्या की ऊर्जा से इस धर्मस्थान में दुख निवारण और सुख सृजन की अप्रतिम योग्यता है।

# गुजरात व पंजाब उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत पार्टी की नीतियों पर मुहर : दलबीर किरमारा

**हिसार, 24 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने पंजाब व गुजरात में हुए उपचुनावों में आम आदमी पार्टी की जीत प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि पार्टी उम्मीदवारों की यह जीत राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व पार्टी की नीतियों पर मुहर है। दलबीर किरमारा ने कहा कि आम आदमी पार्टी को गुजरात में उपचुनाव जिताकर वहां की जनता ने अलग ही पैगाम दिया है। गुजरात को भारतीय जनता पार्टी अपना गढ़ समझती है और वहां पर आम आदमी पार्टी की जीत ने साबित कर दिया है कि जनता अब भाजपा की नीतियों से उकता चुकी है। जनता अब आम आदमी पार्टी की नीतियों को चाहने लगी है। इसी तरह पंजाब उपचुनाव में जीत ने साबित कर दिया है कि पंजाब की जनता भगवंत मान सरकार की नीतियों से खुश है। जनता ने उपचुनाव में पार्टी



को जीत दिलाकर पंजाब सरकार द्वारा अपनाई जा रही नीतियों को अपना समर्थन दिया है और इससे साबित होता है कि पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है।

दलबीर किरमारा ने हरियाणा सरकार द्वारा बिजली के मूल्यों में की गई बढ़ोतरी की भी निंदा की और इसे तुरंत वापिस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब चुनाव का समय आता है तो भाजपा राष्ट्रवाद व जनता को राहत देने की बड़ी बड़ी बातें करती है लेकिन जब चुनाव हो जाते हैं तो भाजपा जनता का जीना हराम कर देती है।

हरियाणा में बिजली बिलों में बढ़ोतरी इसका उदाहरण है वहीं दिल्ली में भाजपा सरकार ने झुग्गियां तोड़कर गरीब जनता को बेघर कर दिया है, जो निंदनीय है।

उन्होंने जनता से अपील की कि वे भाजपा की जनविरोधी नीतियों का मुकाबला करें और आम आदमी पार्टी का मजबूती से साथ दें क्योंकि आम आदमी पार्टी ही हर वर्ग की हितैषी है।

# बीएलओ तथा सुपरवाइजरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**हिसार, 24 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ तथा सुपरवाइजरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना है। बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार जिले के सभी सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (प्रथम व द्वितीय), समर्पित एईआरओ तथा थर्ड डिम द्वारका, नई दिल्ली में पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को मतदाता सूची, फार्म प्रक्रियाएं, चुनाव संचालन नियमों तथा चुनावी आईटी उपकरणों के साथ-साथ ईवीएम और वीवीपैट संचालन का भी व्यवहारिक ज्ञान दिया गया। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 व 1951, मतदाता पंजीकरण नियम 1960 और चुनाव संचालन नियम 1961 की पूरी जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से पर्यवेक्षक अपने क्षेत्र में मतदाता पंजीकरण एवं अन्य कार्यों को और अधिक कुशलता तथा पारदर्शिता से संपन्न कर सकेंगे। इस अवसर पर नगराधीश हरिराम, चुनाव तहसीलदार जगदीप मान, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ राजबीर सिंह, चुनाव कार्यालय से स्नेह जांगड़ा, धर्मबीर, अजय सहित बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित

**करनाल, 24 जून ( परमजीत कौर ) :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे सिविल अस्पताल से काउंसलर डा. कांता रानी व ममता ने जन साधारण को नशा निषेध व एच आई वी/ एसटीआई से सुरक्षा हेतु जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि




कोई भी व्यक्ति नशे से ग्रस्त हो तो इलाज के लिए सिविल अस्पताल के कमरा नं 18 में व एच आई वी की जांच हेतू सिविल अस्पताल, सामान्य प्रयोगशाला कमरा नं 3 में संपर्क कर सकता है। उन्होंने बताया कि एच आई वी/ एसटीआई की काउंसलिंग, जांच व इलाज सिविल अस्पताल में बिल्कुल मुफ्त किया जाता है। इसके अलावा एच आई वी/एसटीआई की रिर्पोट पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाती है। उन्होंने बताया कि एच आई वी/एसटीआई के कारण जैसे कि संक्रमित व्यक्ति से असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सिरीज का प्रयोग, संक्रमित रक्त चढाने से, संक्रमित गर्भवती महिला से उसके पैदा होने वाले बच्चे को एच आई वी/एसटीआई का संक्रमण फैल सकता है। एच आई वी के लक्षण जैसे कि एक महीने से ज्यादा दस्त होना, एक महीने मे 10 किलो वजन कम होना, मुंह में छाले होना, लगातार बुखार होना व टी बी इत्यादि शामिल है। एच आई वी/एसटीआई की रोकथाम निरंतर कोंडम के प्रयोग से, संक्रमित सुई का उपयोग न करके, रक्त की जरूरत होने पर लाइसेंस ब्लड बैंक से ही लेने पर की जा सकती है।

उन्होंने बताया कि सभी गर्भवती महिलाओं का पहले 15 दिनो मे एच आई वी व सिफलिस की जांच करवाना अनिवार्य है जिससे पैदा होने वाले बच्चे को संक्रमण से सुरक्षित किया जा सके। एच आई वी/एसटीआई संबधित कोई भी जानकारी कि लिए 1097 टोल फ्री हेल्पलाइन नं. पर संपर्क कर सकते है।

# अस्पताल में भर्ती मरीजों को दूध, रस, ब्रेड वितरित किए

**कैथल, 24 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** स्थानीय अस्पताल में आदि कवि दीना भाना डॉक्टर बीआर अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी की ओर से वार्ड में दाखिल मरीज को सुबह दूध रस ब्रेड वितरित किए गए यह जानकारी समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने दी उन्होंने कहा है कि आदि कवि दीना भाना



डॉक्टर, बी, आर, अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी की ओर से वार्ड में दाखिल मरीजो को सुबह की टाइम दूध, रस, ब्रेड दिया जाता है यह सेवा समिति आपके सहयोग से लगभग डेढ़ साल से लगातार करती आ रही है जिसमें समिति सदस्य अंजू, ज्योति, सोनू ममता, साहिल आदि मौजूद रहे।

# डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा शाहबाद में लगभग 4 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण को किया नष्ट




**शाहबाद, 24 जून ( रूबी ) :** जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार शाहबाद में राजस्व संपदा शाहबाद के पट्टी कांकरा में लगभग 4 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजस्व संपदा शाहबाद के पट्टी कांकरा में लगभग 4 एकड़ की अवैध कॉलोनी को उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफ़ोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने शाहबाद में राजस्व संपदा शाहबाद के पट्टी कांकरा में लगभग 4 एकड़ की अवैध कॉलोनी में बनी सडक़ें, सीवरेज और मेल हॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा शाहबाद में पट्टी कांकरा में लगभग 4 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे।

परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनियों में कोई प्लॉट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जिसमें 50 हजार का जुर्माना व 3 साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि ग्रुप हाउसिंग स्कीम में दीनदयाल हाउसिंग स्कीम व अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है, जिसमें आवेदन करके कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त की जा सकती है।

# निष्ठापूर्वक ड्यूटी करके खाकी का मान रखने वाले पुलिस कर्मचारियों पर विभाग को है गर्व : एसपी आस्था मोदी

**कैथल, 24 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** पिछले एक माह दौरान नशा तस्करों पर शिकंजा कसकर 5 मामलों में 8 आरोपियों को काबू करके बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ जब्त करके उल्लेखनीय सफलता हासिल करने के लिए एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ पुलिस टीम को एसपी आस्था मोदी ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालो में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार, एसआई शुभकरण, एसआई



जयभगवान, एएसआई जसमेर सिंह, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई मनोज कुमार, महिला एचसी सुदेश, एचसी सुनील, एचसी अनिल, एचसी ईशम सिंह, एचसी लखविंद्र, ड्राइवर एचसी संदीप, सिपाही कैलाश, एसपीओ राजेश, अमित, एचसी ईशम सिंह, होमगार्ड विकास व मनोज कुमार शामिल रहे। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने जानकारी देते हुए बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की उक्त पुलिस टीम द्वारा गत एक माह दौरान नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए 21 मई को 2 आरोपियों को 1 किलो 30 ग्राम चरस सहित, 8 जून को एक आरोपी को 2 किलो 608 ग्राम अफीम सहित, 15 जून को 2 आरोपियों को 511 ग्राम गांजा सहित, 18 जून को एक आरोपी को 863 ग्राम चरस सहित तथा 21 जून को काकौत से 1 किलो 313 ग्राम अफीम सहित 2 आरोपियों को काबू किया गया। इस दौरान एसपी आस्था मोदी ने कहा कि निष्ठा पूर्वक डयूटी करके खाकी का मान-सम्मान रखने वाले पुलिस कर्मचारियों पर विभाग को गर्व है, तथा कैथल पुलिस के अन्य जवान इनसे प्रेरणा लेकर निष्ठापूर्वक कर्तव्य पालना करें। बहादुरी से निष्ठा पूर्वक ड्यूटी करने वाले कर्मचारी-अधिकारियों को आगे भी इसी प्रकार सम्मानित किया जाएगा।

# गुरुजन और विद्यार्थी दोनों को पढ़ना होगा मिशन वात्सल्य : मुनीश कुमार

**यमुनानगर, 24 जून ( दिनेश कुमार ) :** आद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मिशन वात्सल्य पर एक लघु कार्यशाला का आयोजन किया गया किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई ने आद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों और शिक्षकों को लघु कार्यशाला के दौरान महिला एवं बाल विकास के तहत मिशन वात्सल्य की जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण इकाई से काउंसलर मुनीश कुमार और मुकेश कंसल ने किशोर न्याय, पोक्सो अधिनियम, बाल अधिकार, बाल संरक्षण, बाल विवाह, चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन और बच्चों के लिए चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान सभी को मिशन वात्सल्य के तहत बाल संरक्षण, बाल अधिकार को मजबूत बनाने और बाल मजदूरी, बाल




विवाह लगाम लगाने में सहयोग की शपथ दिलाई। अनजान से रहें सतर्क कार्यवाहक जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा ने बताया की बाल संरक्षण एक महत्वपूर्ण विषय है बच्चों के साथ हो रहे अपराध पर लगाम लगाने के लिए सभी का जागरूक होना जरूरी है।

अक्सर बच्चे अनजान पर भरोसा कर लेते है और अपराध का शिकार हो जाते है। सतर्कता, सही निर्णय लेने की क्षमता, सभी बच्चों में विकसित हो इसके लिए मिशन वात्सल्य के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत लघु कार्यशाला, जागरूकता शिविरों और प्रचार प्रसार किया जा रहा है। किशोर न्याय पोक्सो अधिनियम में सख्त सजा का प्रावधान है मिशन वात्सल्य बच्चों के लिए संरक्षण तंत्र है शिक्षकों विद्यार्थियों परिजनों सभी को बाल संरक्षण तंत्र को मजबूती देंगे।

# निगम ने कारागस वैन निकाल मीरा बाई बाजार में हटाया अतिक्रमण

**यमुनानगर, 24 जून ( संजीव कुमार ) :** नगर निगम की टीम ने शहर की सड़कों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया हुआ है। मंगलवार को निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल के नेतृत्व में बनी टीम ने शहर के मुख्य बाजार मीरा बाई मार्केट में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। निगम अधिकारियों ने मीरा बाई मार्केट से अतिक्रमण हटाने के लिए कारागस वैन (ट्रक) को निकाल कर देखा। वैन के आगे जो सामान आया, उसे निगम द्वारा हटाया गया। ताकि इमरजेंसी के दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ी व एंबुलेंस निकल सके और राहगिरों की सड़क पर चलने में कोई दिक्कत न हो। निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को सड़क पर दोबारा सामान रखने पर जब्त करने की चेतावनी दी गई। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर वार्ड एक से सात तक सीएसआई हरजीत सिंह व वार्ड आठ से 15 तक सीएसआई विनोद बेनीवाल व वार्ड 16 से 22 तक सीएसआई



अनिल नैन के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ दस्ते बनाए गए हैं। मंगलवार को जोन सीएसआई विनोद बेनीवाल के नेतृत्व में बनी टीम ने मीरा बाई मार्केट पहुंची। टीम में एसआई सुशील कुमार, एएसआई सुमित लाठर, सुपरवाइजर रणबीर, राकेश तेजली व होमगार्ड के जवान शामिल थे। निगम की टीम ने वर्कशॉप रोड से मीरा बाई मार्केट में अतिक्रमण हटाना शुरू किया गया। जैसे ही निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई। निगम की कार्रवाई को देख दुकानदार स्वयं अपना सामान उठाकर अंदर रखने लगे। निगम की टीम ने इस दौरान कारागस वैन (ट्रक ) को भी निकाल कर देखा। वैन के आगे जो सामान आया, उसे हटाया गया। निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में फिर सड़क पर सामान रखा तो उसे जब्त किया जाएगा। सीएसआई विनोद बेनीवाल ने कहा कि अतिक्रमण से सड़क पर जाम लगने से कई बार आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की सेवाएं प्रभावित होती हैं, इसलिए सभी दुकानदारों से अपील है कि वे सड़क पर सामान न रखकर दुकान के अंदर रखें। उन्होंने कहा कि मीरा बाई बाजार शहर को सबसे प्रमुख बाजार है, जहां सबसे अधिक ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है। सड़क पर अतिक्रमण होने से लोगों को यहां से निकलने पर परेशानी होती है। आमजन को कोई दिक्कत न हो, इसलिए अभियान चलाकर मार्केट से अतिक्रमण हटाया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रत्येक मनुष्य को लगाना चाहिए एक-एक पौधा : डा. बत्तरा

**कुरुक्षेत्र, 24 जून ( सुदेश कुमार ) :** समाजसेवी एवं सीनियर सिटीजन फोरम ताऊ देवी लाल पार्क के सदस्य डा. डीपी बत्तरा ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रत्येक मनुष्य को एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इन पौधों की बकायदा देखभाल भी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस ताऊ देवीलाल पार्क में बारिश के सीजन के पहले दिन चांदनी के पौधे लगाए गए है। समाजसेवी डा. डीपी बत्तरा मंगलवार को सुबह ताऊ देवी लाल पार्क में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व सीनियर सिटीजन फोरम द्वारा आयोजित पौधा रोपण



कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले समाजसेवी डा. डीपी बत्तरा, मास्टर बिशन सिंह, समाजसेवी श्याम सुदंर शर्मा व समाजसेवी मेवा सिंह ने ताऊ देवी लाल पार्क में अलग-अलग जगहों पर चांदनी के पौधे लगाए। इससे पहले भी ताऊ देवी लाल पार्क में नीम, पीपल, रात की रानी व अन्य किस्मों के पौधे लगाए।

उन्होंने कहा कि आज बदलते दौर में वातावरण लगातार प्रदूषित होता जा रहा है। इसलिए ऐसे समय में प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व बनता है कि लगातार बढ़ते हुए प्रदूषण को रोका जाए। डा. डीपी बत्तरा ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मानसून के सीजन में अधिक से अधिक पौधे लगााने चाहिए। इन पौधों को लगाने के साथ-साथ देखभाल करने की भी जिम्मेवारी तय करनी चाहिए। जब तक पौधों का पालन पोषण नहीं होता तब तक पौधा रोपण जैसे कार्यक्रमों को सफल नहीं माना जाता।

समाजसेवी श्याम सुदंर शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन लगातार पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के विषय को जहन में रखकर लोगों को पौधा रोपण करने के प्रति जागरूक कर रहा है। इस मुहिम में सभी को अपना योगदान देना चाहिए। इस मौके पर जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह, समाजसेवी नरेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पवित्र ग्रंथ गीता में 114 जगहों पर किया गया योग की महत्ता का जिक्र : मनीषी स्वामी ज्ञानानंद

**कुरुक्षेत्र, 24 जून ( सुदेश कुमार ) :** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता में भी अलग-अलग अध्यायों में 14 जगहों पर योग की महत्ता की व्याख्या की गई है। इस पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश भी पूरी मानवता जाति को स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन में धारण करने के लिए प्रेरित करते है। इसलिए पूरी मानवता को योग से जुडऩे का प्रयास करना चाहिए। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद यूके मैनचेस्टर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आयोजित योगा कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में पवित्र ग्रंथ गीता को नमन करने के उपरांत मैनचेस्टर में योग शोभायात्रा भी निकाली गई। इस योगा नगर यात्रा में सैकड़ों योग साधक शामिल हुए मैनचेस्टर के नागरिकों को योग के साथ जुडऩे का एक अनोखा संदेश भी दिया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर यूएनए के 177 देशों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपनी सहमति व्यक्त की और पूरे विश्व में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाने लगा। इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाखापटनम और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 21 जून को ही गीता स्थली कुरुक्षेत्र की पावन धरा से लाखों लोगों को योग के साथ जोड़ने का अनोखा प्रयास किया है। इन प्रयासों की पूरे विश्व में प्रशंसा की जा रही है। आज देश विदेश का प्रत्येक नागरिक योग के प्रति आकर्षित हो रहा है और योग साधना को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की ओर आगे बढ रहा है। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक योग के साथ जुड़ेगा तो वह व्यक्ति पूर्णत: स्वस्थ होगा और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनेगा, जो व्यक्ति मानसिक रूप से सुदृढ़ होगा वह निश्चित ही देश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकेगा। यह योग भारत की प्राचीन संस्कृति का अभिन्न अंग है, पूरी दुनिया को भारत से ही योग की शिक्षा और दीक्षा मिली। आज फिर से योग की शिक्षा और दीक्षा को पूरी मानवता अपना रही है।

## बीडीपीओ देंगे अब ड्रेनों की सफाई की रिपोर्ट

**कैथल, 24 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** डीसी प्रीति जिले में ड्रेनों की साफ-सफाई को लेकर गंभीर हैं। वे ड्रेनों, नालों व सीवरेज की सफाई कार्य की लगातार निगरानी कर रही हैं। स्वयं ड्रेनों के निरीक्षण के बाद अब बीडीपीओ को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने गांवों के क्षेत्रों में आने वाली ड्रेनों की साफ-सफाई संबंधी रिपोर्ट डीसी कार्यालय को भेजें। डीसी प्रीति ने इस बार मानसून से पहले जिले भर के नालों, ड्रेनों व सीवरेज की साफ-सफाई के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए थे। इसके बाद डीसी ने अलग-अलग दिनों में स्वयं ड्रेनों का निरीक्षण कर जनस्वास्थ्य, सिंचाई व स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जहां भी साफ-सफाई में कमी है, उसे दूर किया जाए। जिले भर में इस समय मानसून को देखते हुए नालों, ड्रेनों एवं सीवरेज की सफाई का कार्य जोरों पर हैं। अब डीसी ने जिले के सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधीन आने वाले गांवों की सीमा वाली ड्रेनों की सफाई के संबंध में रिपोर्ट दें। बीडीपीओ को कहा गया है कि वे इस बारे में डीसी कार्यालय को अवगत करवाएंगे कि उनके क्षेत्र के गांवों में जो ड्रेन हैं, उनमें साफ-सफाई की क्या स्थिति है। ये ड्रेन चाहे जनस्वास्थ्य विभाग की हों, सिंचाई विभाग की हों या फिर स्थानीय निकाय विभाग की। डीसी प्रीति ने कहा कि मानसून के दृष्टिगत शहरों के साथ-साथ गांव में स्थित ड्रेनों व नालों की सफाई बहुत जरूरी है, ताकि बारिश के पानी की निकासी सही तरीके से हो सके और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसको लेकर सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्र की ड्रेनों की सफाई की ग्राउंड रिपोर्ट भिजवाएं।

# जब तक बाहरी लोग बैठक में आएंगे, तब तक बहिष्कार जारी रखूंगा : अशोक अरोड़ा

**कुरुक्षेत्र, 24 जून ( सुदेश कुमार ) :** थानेसर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि देश संविधान और कानून से चलता है। नगरपरिषद थानेसर में संविधान और कानून को ताक पर रखकर उन्हीं बाहरी लोगों को हाऊस की बैठक में बिठाने की इजाजत दी गई, जिन्होंने 23 मई की बैठक में विघ्न डालकर सरकारी काम में बाधा पहुंचाई थी। अरोड़ा ने कहा कि जब तक सभी कायदे कानूनों को ताक पर रखकर बाहरी लोगों को बैठक में बैठने की इजाजत देना बंद नहीं किया जाता, तब तक वह नगरपरिषद की बैठक का बहिष्कार करेंगे। अरोड़ा अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से वार्तालाप कर रहे थे। इस अवसर पर नगर पार्षद मनु जैन, नरेन्द्र राजू चौहान, राजेन्द्र सैनी, परमवीर सिंह प्रिंस तथा पार्षद प्रतिनिधि शिवम गुप्ता, पूर्व पार्षद गौरव शर्मा गौरी, विवेक भारद्वाज डब्बू सहित अनेक कांग्रेसी नेता उपस्थित थे। अरोड़ा ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने देश को संविधान दिया और देश संविधान के अनुसार ही चलता है, परन्तु नगरपरिषद थानेसर में जिस प्रकार से संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। आज नगरपरिषद की बैठक में पालिका अधिनियम का हवाला देकर अनेक बाहरी लोगों को हाऊस की बैठक में बैठने की इजाजत दी गई, जो कि सरासर संविधान का उल्लंघन है। इन लोगों का बाबा साहेब द्वारा दिए गए संविधान में कोई भी विश्वास नहीं है। इसीलिए उन्होंने फैसला लिया है



कि जब तक बाहरी लोगों का नगरपरिषद की बैठक में बैठना बंद नहीं किया जाता तब तक वह परिषद की किसी भी बैठक में भाग नहीं लेंगे। अरोड़ा ने कहा कि वह नगर के विकास और भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते रहेंगे। हलके की जनता ने उन्हें विधायक चुना है और एक विधायक का फर्ज निभाते हुए वह हलके के लोगों की आवाज विधानसभा सत्र में भी उठाते रहे हैं और आगे भी उठाते रहेंगे। भ्रष्टाचार की पोल भी खोलते रहेंगे। नगरपरिषद में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार है और उन्होंने इस भ्रष्टाचार की पोल खोलनी शुरू की तो सत्तारूढ़ दल ने घबराकर उनके विरुद्ध साजिश रची लेकिन वह किसी भी प्रकार से षड्यंत्रों से डरने वाले नहीं हैं। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में भी उन्होंने नगरपरिषद में सफाई घोटाले का पर्दाफाश किया था। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री और राज्यपाल के सामने कुरुक्षेत्र के विकास के मुद्दे उठाए, ब्रह्मसरोवर के पूर्वी तट पर लगभग 60 एकड़ में खड़े सफेदे के जंगल को कटवाकर वहां भव्य पार्क बनाने, सन्निहित सरोवर में श्री गुरु हरमन्दिर साहिब की तर्ज पर स्वच्छ जल रखने के लिए सयंत्र लगाने तथा ब्रह्मसरोवर के पश्चिमी तट पर डम्पिक प्वाइंट खत्म करने जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दे उठाए, जिसे महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने तुरंत मंजूरी दी। अरोड़ा ने महामहिम राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र का विकास करवाना उनकी ड्यूटी है और वे कुरुक्षेत्र के विकास की आवाज हर मंच पर उठाएंगे।

भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। विधायक अशोक अरोड़ा ने एक सवाल के उत्तर में कहा कि मौनसून की पहली बरसात से ही नगरपरिषद की जल निकासी की पोल खुल गई है। पिछले 10 वर्षों से नालों की सफाई नहीं करवाई गई। जब उन्होंने जिला कष्टनिवारण समिति की बैठक में नालों की सफाई करवाने की आवाज उठाई तो आनन-फानन में नालों की सफाई का काम शुरू किया गया। अरोड़ा ने कहा कि उनकी किसी के साथ कोई निजी लड़ाई नहीं है, उनकी ड्यूटी तो कुरुक्षेत्र का विकास करवाना है।

## श्री जगन्नाथ भगवान व बाबा खाटू श्याम जी की भव्य शोभा यात्रा 29 जून को अनाज मण्डी मन्दिर से निकलेगी : बजरंग गर्ग

**हिसार, 24 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** बीड़ बबरान युवा समिति की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में 29 जून को श्री जगन्नाथ भगवान व बाबा खाटू श्याम जी की भव्य शोभा यात्रा की तैयारी पर विचार किया गया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि 29 जून को श्री जगन्नाथ व बाबा खाटू श्याम जी की भव्य शोभा यात्रा बैंड-बाजे व ढोल-नगाड़े के साथ अनाज मंडी



मंदिर से आरम्भ होगी। शोभा यात्रा के साथ निशान, भव्य रथ, अलौकिक श्रृंगार होगा। शोभा यात्रा के लिए जगह-जगह स्वागत गेट बनाए जाएंगे और जगह-जगह धर्मप्रेमियों द्वारा आरती, पुष्प वर्षा, इत्तर वर्षा के साथ स्वागत किया जाएगा।

शोभा यात्रा में श्री निशा जी एवं श्री हित संकीर्तन मंडल, इस्कॉन सेंटर, श्री कृष्ण कृपा मंदिर, मोहन तनेजा एंड पार्टी की टीमों द्वारा भव्य भजन व श्री राम नाम का जाप किया जाएगा। शोभा यात्रा में हजारों धर्म प्रेमी भाग लेंगे। बजरंग गर्ग ने कहा कि शोभा यात्रा का विश्राम बुधला संत मंदिर सेक्टर 14 में होगा जिसमें विशाल भंडारा व भजन समारोह होगा। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी शिव कुमार सिंगल, मनीष बंसल, प्रवीण गर्ग झंडू, कर्ण गर्ग, धर्मेंद्र मलिक, मोहित बंसल अजीतपुरिया, मुकुंद भूतड़ा, आशीष मेहता, यश जैन, भूपेश बंसल, निखिल गर्ग आदि कार्यक्रम के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## पिछले 4 वर्षों से अपने पैतृक गांव में दिल्ली से आकर लगा रहे चिकित्सा शिविर

**यमुनानगर, 24 जून ( संजीव कुमार ) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आयाम सुसंस्कारित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा से प्रेरणा प्राप्त करते हुए डॉक्टर अश्वनी मेहता जो कि सर गंगाराम हॉस्पिटल दिल्ली में कार्यरत हैं, ने अपने पैतृक गांव बकाना में हर मास निशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाने का संकल्प किया। इसी कड़ी में उन्होंने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की और दवाइयां एवं अन्य चिकित्सकिय परामर्श दिया।



इस जांच शिविर में गांव बकाना के साथ-साथ आसपास के गांव के ग्रामीण भी लाभान्वित हुए। इस मौके पर डॉ अश्वनी मेहता ने बताया कि वह पिछले तीन-चार वर्षो से इस प्रकार से गांव में आकर ग्रामीणों की सेवा करने में अपने आप को धन्य महसूस करते हैं। उन्होंने बताया कि अपने पिता के कहे हुए वचन सेवा ही परम धर्म है को अपने जीवन में धारण करते हुए उन्हीं की भांति वह भी इस समाज रूपी देवता की सेवा में समर्पित हैं। चिकित्सा शिविर में उन्हें अपने भाई महिंदर मेहता, का भी भरपूर सहयोग मिलता है और यदि किसी मरीज को अल्ट्रासाउंड या अन्य जांच की आवश्यकता पड़ती है तो डॉक्टर मोहिंदर मेहता अपनी लैब में उस टेस्ट को करते हुए रिपोर्ट तैयार कर देते हैं जिसके अनुसार रोगी का आगे का इलाज किया जाता है। शिविर में कोई ना कोई विशेषज्ञ भी शामिल होता है।

इस बार डॉक्टर अभिनव जो कि उत्तराखंड सैनिक अस्पताल में कार्यरत हैं, ने 150 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच करते हुए उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया एवं आवश्यकता अनुसार दवाई निशुल्क प्रदान की। गांव बकाना निवासी रोहतास, सुशील, राजकुमार एवं सरपंच अनूप कुमार ने डॉक्टर अश्वनी मेहता के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉक्टर अश्वनी मेहता दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में कार्य करते हुए भी अपने गांव के भाइयों के स्वास्थ्य का भी ख्याल रख रहे हैं यह उनकी महानता और डॉक्टर वर्ग के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

## गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह को लेकर तैयारियां तेज

### *निमंत्रण देने आज कैथल पहुंच रहे कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, लोगो में उत्साह : कृष्ण टीक*

**कैथल, 24 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में भिवानी में आगामी 13 जुलाई को होने वाली राज्य स्तरीय महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह को लेकर निमंत्रण देने के लिए मंत्री रणबीर गंगवा खुद प्रदेश के सभी जिलों में पहुंच रहे हैं, इसी कड़ी में कल 25 जून को सांय 4 बजे कैथल के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में पहुंचकर जिले के समाजबंधुओं को जयंती का न्यौता देने रणबीर गंगवा आ रहे हैं। सामाजिक संगठन बीपीएचओ के राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक कृष्ण प्रजापति टीक ने यह जानकारी सांझा करते हुए कहा कि भिवानी की तरह कैथल की बैठक को भी सफल बनाना हम सभी का दायित्व है। सभी साथियों से आग्रह है कि समय पर पहुंचकर बैठक में भाग लें और कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा द्वारा दिए जा रहे निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक एकता, संगठनात्मक मजबूती और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने पर चर्चा की जाएगी। साथ ही प्रजापति समाज की भावनाओं को सरकार तक पहुंचाने और उनकी भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाने के लिए रणनीति तय की जाएगी। कृष्ण टीक द्वारा संगठन कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों से अपील की गई है कि वे अधिक से



अधिक संख्या में पहुंचकर इस आयोजन को सफल बनाएं और गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह की गरिमा में वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि जयंती को लेकर बैठक 25 जून, बुधवार दोपहर 4 बजे कैथल स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित की जाएगी, जिसमें कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस बैठक का उद्देश्य आगामी गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह के लिए निमंत्रण को सांझा करना और समारोह को सफल बनाने के लिए रूपरेखा तैयार करना है।

## नंद के आँगन में गूंजा कृष्ण नाम - प्रभु प्रेम में नहाई नंद कॉलोनी की प्रभात बेला

**पिहोवा, 24 जून ( विवेक ) :** जब प्रभु नाम की मधुर तान हवाओं में घुल जाए, जब गली-गली में राधे-श्याम का गान गूंजे, और जब श्रद्धा से भरे कदम प्रभु की ओर बढ़ें — तब वो प्रभात केवल एक सुबह नहीं, बल्कि आत्मा को आलोकित कर देने वाला आध्यात्मिक उत्सव बन जाती है। कुछ ऐसा ही दृश्य आज पिहोवा की नंद कॉलोनी में देखने को मिला। परम पूज्य, परम श्रधेय स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन आशीर्वाद और प्रेरणा से सम्पन्न हुई आज की प्रभात फेरी, फूल सिंह पाल परिवार के सौजन्य से एक दिव्य स्मृति बन गई। जैसे ही प्रभात की किरणें फैलीं, नंद कॉलोनी की गलियाँ प्रभु भक्ति से सराबोर हो उठीं। मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और भजन की स्वर लहरियों ने एक ऐसी अलौकिक ऊर्जा जगाई, जिसमें तन, मन और आत्मा सब कुछ प्रभु चरणों में समर्पित हो गया। जगदीश तनेजा, सुरेश वर्मा, सागर कश्यप, मोनू गाबा, पंडित शांतिस्वरूप शर्मा, रिसाल सिंह पाल, काका ग्रोवर, दिनेश अत्री, राज धवन, आदित पुरी और अन्य भजन गायकों ने भक्ति रस की ऐसी धारा बहाई कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। सुरेश वर्मा के दिलदार यार प्यारे गलियों में मेरी आजा... जैसे मधुर भजन ने हृदय को गहराई तक छू लिया, और विक्की वोहरा के हम श्रीराम के सेवक हैं, सबको बतला देंगे... जैसी वाणी ने हर आत्मा में राम नाम की लौ जला दी। प्रभात फेरी उपरांत प्रवेश कौशिक, संजीव कुश, दलजीत सिंह, जगदीश सैनी ने पाल परिवार को ठाकुर जी का दिव्य स्वरूप भेंट कर आयोजन को चिरस्मरणीय बना दिया गया।

हनुमान चालीसा एवं श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का सामूहिक पाठ जैसे आत्मा की शुद्धि और प्रभु के प्रति समर्पण का साक्षात प्रतीक बना। श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान जगदीश तनेजा ने श्रीराम-भरत संवाद के माध्यम से प्रेम और विश्वास की दिव्यता को उजागर किया।

उन्होंने कहा कि आज अगर हमारे जीवन में भरत जैसा विश्वास और राम जैसा त्याग हो, तो संसार का कोई भी बंधन छोटा पड़ सकता है। लेकिन जहाँ प्रेम और विश्वास की जगह स्वार्थ आ जाए, वहाँ जीवन बिखरने लगता है। हमें जीवन में रामायण से सीख लेकर भाईचारे और त्याग की संस्कृति को जीवित रखना है। भक्ति भाव से ओतप्रोत इस आयोजन में पाल परिवार ने तन-मन से सेवा करते हुए हर अतिथि का स्नेहपूर्वक स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने इस प्रभात बेला को न सिर्फ महसूस किया, बल्कि आत्मा में उतार लिया। इस अवसर पर नगर के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर इस आयोजन को गरिमा प्रदान की। आशीष चक्रपाणी, सुरेंद्र ढींगरा, चंदन कपूर, बिट्टू, अमरजीत सिंह, सोनू नेगी, विजय बंसल, मोहित, हरप्रीत, रोहित पाल, अशोक गर्ग, धर्मपाल बैरागी, वंश डंग, गुनिक गाबा, रोशन लाल गोयल, अशोक तनेजा, कृष्ण खुराना, रवि प्रकाश गर्ग, राकेश पाराशर, नरेश अरोड़ा, निर्भय पांडे, बलविंदर धवन, महेंद्र गर्ग, हरीश तनेजा, तुलसीदास वर्मा, संजीव गुलाटी, आशुतोष गोयल, सुमित शर्मा, राकेश धवन, गिन्नी मित्तल, इंद्रमोहन तनेजा, वीरेंद्र नंदराजोग, अमित पांचाल, मदन चावला, सुनील नंदा, देशराज मित्तल, श्रवण गुलाटी, अशोक धींगरा, देवेंद्र भल्ला, मायाराम बंसल, सुरेंद्र प्रजापत, लाला जयनारायण गर्ग, रमेश धमीजा, कृष्ण गोपाल शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## 50 साल बाद भी आपात काल की काली यादें जहन में हैं लोगों के

### *लाहौर से प्रेस लेकर आए गुरनाम सिंह खुशदिल की आवाज दबाई थी सरकार ने*

### *प्रदेश में आपात काल के दौरान मुख्यमंत्री थे बंसी लाल, डी.सी थे सुखदेव सिंह प्रसाद*

**करनाल, 24 जून ( संदीप रोहिला ) :** देश में लोकतंत्र के दमन के बारे में यदि बात की जाएं तो आपात काल सबसे ज्यादा काला अध्याय इस देश के लिए रहा। जहां पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमति इंदिरा गांधी तथा उनके पुत्र संजय गांधी ने जिस तरह से आवाम पर डंडा चलाया, उसकी काली यादें आज भी लोगों के जहन में है। किसी की जमीन पर कब्जा कर लिया गया तो किसी की प्रेस तोड़ डाली, वहीं किसी की वर्कशॉप को तोड़कर उस पर कब्जा कर लिया। इस दौरान पत्रकारों पर भी दमन हुआ। जिन पत्रकारों ने दमन सहा, उनमें राम प्यारा और गुरनाम सिंह खुशदिल भी थे। गुरनाम सिंह खुशदिल के बारे में कहा जाता है कि उनकी लाहौर में भी प्रेस थे और वह लाहौर में पत्रकारिता करते थे। सबसे पहले वह तत्कालीन मुख्यमंत्री बंसी लाल के बारे में लिखा करता थे। बंसी लाल ने आपात काल के दौरान उनको सबक सिखाने के लिए उनकी प्रेस तोड दी और उनको अंदर कर दिया। इस तरह राम प्यारा ने भी सरकार के खिलाफ लिखा और उनकी भी प्रेस तोड़ दी। उनकी जगह पर नेहरू पेलेस बना दिया। बताया जाता है कि राम प्यारा बाद में निर्दलीय विधायक बने, आपात काल खत्म होने के बाद उन्हें सम्मानित करने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई करनाल आएं। इसी तरह समाजसेवी गुरपाल सिंह डोनी के नाना गुरनाम सिंह खुशदिल का भी पत्रकारिता में एक नाम था। सरकार भी उनके मारे कांपती थी। इसका खामियाजा उन्हें आपात काल के दौरान भुगतना पड़ा। समाजसेवी गुरपाल सिंह डोनी बताते है कि जेल में उनके नाना को यातनाएं भी झेलनी पड़ी। आपातकाल के दौरान सबसे पहली गिरफ्तारी रघुजीत सिंह विर्क के पिता रघुवीर सिंह विर्क की हुई थी। जो बाद में जनता पार्टी की टिकट पर 1977 में कुरुक्षेत्र से लोकसभा का चुनाव जीते। यदि बात की जाएं तो राम लाल वधवा ने भी गिरफ्तारी दी, उस समय कई नेता ऐसे थे जो पुलिस के साथ सेटिंग कर गए और गिरफ्तारी से बचे रहे। वहीं पर चेतन दास भंडारी, ओम प्रकाश अत्रेजा सहित कई लोगों ने भी गिरफ्तारियां दी। कई लोग तो ऐसे थे जिनका परिवार आपात काल के दौरान उजड़ गया। वहीं पर समाजसेवी इंद्रपाल सिंह बताते है कि उनका भी वर्कशॉप था, जिसे आपातकालीन के दौरान तत्कालीन डी.सी सुखदेव सिंह प्रसाद ने तुड़वा दिया था। उनका दोष इतना था कि वह उस समय की सरकार के खिलाफ थे। वह बताते है कि उस समय बिजली बोर्ड में जो आर.एस.एस विचारधारा के कर्मचारी लगे हुए थे, उन पर सबसे ज्यादा जुल्म ढहाए गए। उनके परिजनों की बात की जाएं तो उनके जहन में आज भी आपाता काल की काली यादें है। 50 साल बाद भी देश की जनता ने आपात काल लगाने वालों को माफ नहीं किया है। जिन लोगों ने आपात काल के दौरान निर्दोष लोगों पर जुल्म किए उनके परिवार आज उनके कर्मो की सजा भुगत रहे है। वहीं पर आपात काल के दौरान जुल्म आर.एस.एस के स्वयं सेवकों पर सबसे ज्यादा हुए।

## योग से तनाव ही दूर नहीं होता, बल्कि क्षमता भी बढ़ती है : सुरेंद्र पाल सिंह

**करनाल, 24 जून ( संदीप रोहिला ) :** मधुबन पुलिस अकादमी में पदस्थ पुलिस उप महानिरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा है कि योग के माध्यम से लोगों को निरोग रहने में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि योग से हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है। उन्होंने खास तौर पर कहा कि सभी को मिल कर योग को समाज में जन-जन तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभाना चाहिए। वह कर्ण ताल स्थित पार्क में आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में जाने-माने आर्थोपेडिक विशेषज्ञ डा. बी.एस विर्क, समाजसेवी प्रवेश गाबा तथा नगरनिगम पार्षद अमृत लाल जोशी थे। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक राजेश कौशिक ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि वह अपने ग्रुप के द्वारा चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। इस कार्यक्रम में लोगों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाती है। इसके साथ ही लोगों की समस्याओं पर बात की जाती है। इस अवसर पर योग शिक्षक तथा स्वस्थ भारत अभियान को चलाने वाले नवीन संदूजा ने इस कार्यक्रम में लोगों को योग करवाया। इस अवसर पर पुलिस उप महा निरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह ने पुलिस की व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस लोगों की



सुरक्षा और सेवा के लिए है। इस अवसर पर उन्होंने वाटर कूलर का उद्घाटन किया। उन्होंने यहां पर पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम के संयोजक राजेश कौशिक ने कहा कि उनकी संस्था लोगों की सेवा में कार्यरत हैं। इस तरह के कार्यक्रम और भी किए जाते रहेंगे। योग शिक्षक प्रदीप काम्बोज ने भी अतिथियों का स्वागत किया। हड्डी रोग विशेषज्ञ ने कहा कि योग और एक्सरसाइज से बीमरियों को दूर भगाया जा सकता हैं। उन्होंने चाय पर चर्चा कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर योग शिक्षक नवीन संदूजा ने कहा कि वह पिछले 25 सालों से योग संस्था से जुड़े हुए हैं। वह पिछले कई सालों से योग शिक्षक के रूप में योग की अलख जगा रहे हैं। उनकी योग कक्षाएं लगातार जारी हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिला लेने के लिए 29 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**कैथल, 24 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रधानाचार्य सुचिता गुप्ता ने बताया कि जिला के गांव तितरम स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश पाने के लिए आगामी 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन आगामी 13 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि विद्यार्थी जिस जिले के मूल निवासी हैं और शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उसी जिले में स्थित सरकारी, सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल से पांचवी कक्षा का अध्ययन किया होना चाहिए, जहां जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित हैं और वो उस नवोदय विद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं। प्रत्येक कक्षा में पूर्ण शैक्षणिक सत्र का अध्ययन किया हो और सरकारी / सरकार से मान्यता प्राप्त स्कूल से कक्षा 3 और 4 उत्तीर्ण की हो और जन्म तिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होनी चाहिए। नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। प्रधानाचार्य सुचिता गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 6 से 12वीं तक सह-शैक्षिक तथा पूर्णतः आवासीय, मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्ता युक्त आधुनिक शिक्षा, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग आवास की सुविधा, भोजन, पाठय पुस्तकें, आदि के साथ नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करता है। इसके अलावा सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए पाठ्य सहगामी गतिविधियां, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड आदि गतिविधियां करवाई जाती हैं।

## जिला के सभी गांवों में चलाया जाएगा जन सुरक्षा अभियान : सोनू भट्ट

**करनाल, 24 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि जिला में जन सुरक्षा अभियान की शुरुआत 1 जुलाई से की जाएगी। इस अभियान के तहत जिला के सभी 395 गावों में जागरूकता अभियान चलाकर आमजन तक सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। एडीसी सोनू भट्ट मंगलवार को एडीसी कार्यालय में जिला बैंकर्स परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पंजाब नेशनल बैंक के अग्रणी



जिला प्रबंधक, ब्लॉक विकास अधिकारी और सभी बैंक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी लगन और समर्पण के साथ काम करने के निर्देश दिए। एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि जन सुरक्षा अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर पूरे जिला में चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक सामाजिक सुरक्षा पहल है। इस अभियान का उद्देश्य सभी नागरिकों विशेष रूप से कम आय वाले और असंगठित क्षेत्र के लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्राथमिक उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि हर पात्र व्यक्ति को इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

# नशे को रोकने की दिशा में उठाएं कदम : नवीन आहूजा




**यमुनानगर, 24 जून ( दिनेश कुमार ) :** अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके लिए विशेषकर युवाओं में जागरूकता लाना जरूरी है। इसके साथ-साथ सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशा मुक्ति पर आपसी सामंजस्य के साथ आवश्यक कदम उठाएं। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला सचिवालय के सभागार में जिले में नशे की रोकथाम को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य ड्रग्स आदि नशे को जड़ मूल से खत्म करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर माह सभी नशा मुक्ति केन्द्रों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि नशा रोकने को लेकर पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, रेडक्रॉस सहित अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ मिलकर गांव व शहर में जाकर लोगों को जागरूक करें और नशा करने वाले लोगों पर नजर बना कर रखें ताकि उनमें सुधार लाया जा सकें। उन्होंने कहा कि नशा छोड़ने के लिए अभियान चलाए इसमें तहसील और उप-तहसील तक यह अभियान गांवों व शहरों में चलाएं। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर नशा न करे। एडीसी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी मेडिकल स्टोरों में नशें की प्रतिबंधित दवाओं की जांच कर रिपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि जिन मेडिकल स्टोरों पर अवैध रूप से नशे की दवा मिलती है मेडिकल स्टोर के संचालकों पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी मेडिकल स्टोर नशे की दवाई न दें। तिरिक्त उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की स्कूल व कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जाए ताकि वह हर प्रकार के नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशा मुक्ति के बारे में जागरूक करना बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को बताया जाए कि नशा उनको तबाही की तरफ लेकर जाता है। जबकि युवाओं को अपने उज्ज्वल भविष्य के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने एएसपी को कहा कि पुलिस चौकस होकर नशा तस्करों की जांच करें। एडीसी ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर काम करना होगा। केवल सरकारी प्रयासों से ही नशे की समस्या को समाप्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और एकजुट होकर नशे के खिलाफ आवाज उठानी होगी। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमरिंदर सिंह, बिलासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, ड्रग इंस्पेक्टर बिंदू धीमान, राज्य सडक़ सुरक्षा समिति के सदस्य एडवोकेट सुशील आर्य, डॉ. बुलबुल कटारिया, नशामुक्ति समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया जगदंबा मां सरस्वती का स्मृति दिवस



**निसिंग, 24 जून ( जोगिंद्र सिंह ) :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय निसिंग में जगदंबा मां सरस्वती का स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निर्मल दीदी ने कहा मम्मा शुरू से ही बहुत होशियार दूरदेशी तथा अच्छी स्मृति वाली थी। मम्मा की स्मरण शक्ति इतनी तेज थी कि एक बार सुना और बुद्धि में छप गया। बाबा की 1 पॉइंट सुनी और वह अंदर छप गई। उस की10 पॉइंट स्पष्ट करके सुनती और सब को ज्ञान की गहराई में ले जाती। मम्मा ने व्यर्थ चिंतन से किनारा कर परमात्म चिंतन किया। उससे उनकी बुद्धि दिव्य बन गई। ऐसे हम भी दिव्या बुद्धि संपन्न बनने का पुरुषार्थ करें। मम्मा सदा निष्काम भाव से सब की पालना करती, कोई मान दे या ना दे, कोई बात माने या न माने, मम्मा सदा सबको सहयोग देती। वह भी मुझे कुछ दे यह भावना नहीं रखी, इसीलिए विरोधी भी सहयोगी बन गए, दुश्मन भी मित्र बन गए, ऐसे ही हमें हर एक की सेवा निष्काम भाव से करके दुश्मन को भी मित्र बनाना है। चंडीगढ़ से पधारे अनिल भाई ने कहा कि मैंने बचपन से ही 5 वर्ष की आयु से मम्मा की पालना ली मम्मा के हाथों से भोजन खाया। ऋषि का टाइटल दिया हम चार भाई एक बहन और माता-पिता विश्व सेवाओं में कार्यरत हैं। ऐसी मीठी प्यारी मां ने हमारी पालन की। उर्मिल बहन ने कहा कि मम्मा के बोल बहुत मिठास भरे थे, बहुत ही धीमे बोलती थी, जितना जरूरत होती उतना ही बोलते, मम्मा कभी आवाज में हस्ती नहीं थी, मधुर मुस्कान ही मम्मा का हंसना था, उनकी वाणी में सागर की गहराई आकाश की ऊंचाई और गंगा का प्रवाह दिखता था। जिसे सुनने वाले मंत्र मुग्ध हो जाते थे। हम भी बहुत कम शब्दों का प्रयोग करें बोल के महत्व को समझ कर आवश्यकता अनुसार ही बोले।

## जगदम्बा सरस्वती ने पूरा जीवन जन कल्याण और विश्व नव निर्माण में लगाया : बीके उषा




**असंध, 24 जून ( दलसिह मान ) :** करनाल रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय असंध में मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का पुण्य स्मृति दिवस आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। स्मृति दिवस पर बीके उषा दीदी, बीके सरिता, बीके पूनम व बीके आशा ने जगदम्बा सरस्वती को श्रद्धा व आत्मिक भाव से याद किया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। बीके उषा ने कहा कि जगदम्बा सरस्वती ने 24 जून 1965 को अपना भौतिक शरीर छोड़ा था। अल्प आयु में अपना जीवन संस्थान के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के साथ जन कल्याण व विश्व नव निर्माण की सेवा में समर्पित कर दिया। हजारों भाई-बहनों को ईश्वरीय सेवा में लगाया। जिसके फलस्वरूप आज संस्थान के हजारों सेवा केंद्र मानव के कल्याण एवं जीवन में चरित्र निर्माण का काम कर रहे हैं। बीके सरिता ने मातेश्वरी जगदम्बा मां के गुणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मम्मा ने विश्व को शांति और प्रेम का संदेश और जीवन को कमल के फूल समान दिव्य बनाने व दिव्य संस्कारों से अपने को भरपूर बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मां जगदम्बा सर्वगुणों व विशेषताओं की खान थी।

वह बहुत ही गंभीर, शांतपूर्ण, उदारमूर्त, सहनशील, वात्सल्य व करुणा की देवी थी। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने हमें जो शांति का मार्ग दिखाया उस पर हमें चलने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर बीके रुहानी, बीके पवित्रा, दर्शन, अमनदीप सहित अन्य मौजूद रहे।

## सोनीपत में 30 जून तक भारी बारिश का अंदेशा : सुशील सारवान

**सोनीपत, 24 जून ( विनोद ) :** उपायुक्त सुशील सारवान ने जानकारी देते हुए बताया कि मौसम विभाग की ओर से जारी किए गए मौसम विभाग के आकंडों के आधार पर सोनीपत में 30 जून तक बिजली गरजन के साथ-साथ भारी बारिश की आशंका है।

उन्होंने बताया कि कृषि मौसम विभाग के द्वार हरियाणा में एडवाइजारी जारी करते हुए बताया गया है कि भारी बारिश के कारण फसलों को नुकसान हो सकते है। जिस से बचने के लिए किसानों को सलाह दी गई कि वो कपास को नुकसान से बचाने के लिए स्थिर पानी को तुरंत हटा दें। उन्होंने बताया कि कपास अपनी प्रारंभिक वृद्धि अवस्था के दौरान जल ठहराव के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होता है। जिससे फसल को गंभीर नुकसान होता है। ऐसे ही गन्ना, चावल, खरीफ मक्का, खीरा व अन्य फसलों पर सिंचाई/उर्वरक/रासायनिक छिड़काव न करें। खेत में उचित जल निकासी बनाए रखें और बारिश के तुरंत बाद रूके हुए वर्षा के जल को हटा दें। उपायुक्त ने जिलावासियों को भारी बारिश के दौरान घर पर ही रहने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि समय-समय पर अधिक जानकारी के लिए जिला सूचना एवं जन सम्पर्क सोनीपत (डीआईपीआरओ सोनीपत) व डीसी सोनीपत के सोशल मीडिया हैन्ड़ल से जुडे रहें।

# कुरुक्षेत्र की टीम ने राज्य स्तरीय सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक



**कुरुक्षेत्र, 24 जून ( सुदेश कुमार ) :** हॉकी हरियाणा की तरफ से नरवाना में सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र हॉकी टीम ने सोनीपत की टीम को 3-0 से पराजित करके कांस्य पदक हासिल किया है।

इस उपलब्धि पर हॉकी के सेवानिवृत चीफ कोच गुरविन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रशिक्षक सोहन लाल, नरेन्द्र ठाकुर व साहिल को बधाई व शुभकामनाएं दी है। हॉकी कुरुक्षेत्र के प्रधान विकासदीप संधू व सचिव गुरविन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र हॉकी की सब जूनियर टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। यह टीम सेमिफाइनल में कैथल की टीम से हारी थी। इस हार के बाद कुरुक्षेत्र की टीम ने सोनीपत की टीम को शूटआउट समय में 3-0 से पराजित किया। हालांकि दोनों टीमें निर्धारित समय में एक-एक गोल से बराबर रही थी।

इस प्रकार कुरुक्षेत्र की टीम को शूट आउट में 3-0 से जीत हासिल हुई। हॉकी कोच सोहन लाल, हॉकी कोच नरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि हॉकी कुरुक्षेत्र की तरफ से 19 जून से 23 जून तक नरवाना में सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र की टीम के खिलाड़ी अमितोज सिंह, सहजदीप सिंह संजय, आर्यन, ब्रिजेश प्रसाद, सुमित, विश्वजीत, वासू राणा, मोहित झुंझार, साहिल, निखिल, शुभंम, अनिकेत, आदित्य, खुश, दिपांशु राठी, गर्ग गिल, जश्न रमन खिलाडियों ने अलग-अलग मैचों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कुरुक्षेत्र की टीम को कांस्य पदक जीताने का काम किया। कुरुक्षेत्र की टीम का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, प्रशिक्षक चांद राम, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, विनोद गर्ग, नरेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## व्यापार में समृद्धि के लिए भगत सिंह चौक मार्किट एसोसिएशन ने करवाया सुंदरकांड पाठ



**तरावड़ी, 24 जून ( छाया शर्मा ) :** भगत सिंह चौक मार्किट एसोसिएशन की ओर से व्यापार में समृद्धि ओर सुख-शांति के लिए सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में गणमान्य लोगों एवं दुकानदारों ने हिस्सा लिया।

नगरपालिका चेयरमैन विरेंद्र बंसल, एसोसिएशन से जुड़े अशोक बंसल, नितेश मंगल, प्रवीण गुप्ता, संयोगिता गुप्ता समेत काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सभी ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। बजरंग बली के जयकारों के उदघोष से पूरा चौक भक्तिमय हो गया। यह सुंदरकांड पाठ करीब डेढ़ घंटे तक जारी रहा। जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम का पाठ भी किया। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे। जानकारी देते हुए अशोक बसंल ने बताया कि यह सुंदरकांड पाठ हर महीने के अंतिम मंगलवार को किया जाएगा।

## अवैध शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार, 40 पेटी अंग्रेजी व देसी शराब बरामद



**यमुनानगर, 24 जून ( दिनेश कुमार ) :** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने अंबाला की ओर से आ रही एक महिंद्रा पिकअप को पकड़ा है जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब यमुनानगर जिले में लाई जा रही थी। जब जांच की तो गाड़ी में से 40 पेटी अंग्रेजी व देसी शराब की बरामद हुई है। टीम ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू दी। एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि अंबाला की ओर से एक गाड़ी अवैध शराब लेकर यमुनानगर जिले में प्रवेश करेगी। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक सोनू, सतीश, एएसआई जसवीर सिंह राणा, जयपाल मराठा, ललित, विमल, केटीएम का गठन किया गया। टीम ने टोल प्लाजा मिल्क माजरा पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जान शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक महिंद्रा पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी जो टीम को देख वहां से भागने लगी। लेकिन टीम ने पीछा करते हुए महिंद्रा पिकअप को कब्जे में ले लिया। जब गाड़ी की जांच की गई तो उसमें से 40 पट्टी अवैध अंग्रेजी देसी शराब की बरामद हुई। गाड़ी में से कुछ बियर की पेटी भी मिली है। आरोपी की पहचान जैधर निवासी प्रदीप पुत्र इलम सिंह के नाम से हुई। आरोपी से जब शराब के कागजात मांगे गए तो वह मौके पर नहीं दिखा सका। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करकिया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम

*जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता पर दें विशेष ध्यान : गोयल*



**यमुनानगर, 24 जून ( संजीव कुमार ) :** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहयोग संगठन की ओर से डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत आज खंड बिलासपुर की ग्राम पंचायत मुसंबल हिन्द्वान के शिव मंदिर में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता आशा वर्कर सुदेश ने की। जिला सलाहकार रजनी गोयल ने उपस्थित कमेटी के सदस्यों को बताया कि बारिश के मौसम में पीने के पानी संबंधित सतर्कता बहुत जरूरी है। पीने के पानी को खुला ना छोड़े व कहीं भी अस्वच्छ कनेक्शन न रहने दे। कई बार देखने में आता है कि पीने के पानी की पाइप नाली में पड़ी रहती हैं। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पानी का पाइप नाली में ना हो। पीने के पानी की पाइप नाली से ऊपर हो जिससे अगर पाइप में कोई लीकेज होगी तो गंदा पानी साफ पानी में मिलकर घरों तक नहीं जाएगा। इससे बीमारी होने का खतरा नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि गंदा पानी पीने से अनेकों जल जनित बीमारियां डायरिया, उल्टी, हैजा, दस्त लग जाते हैं, जिससे हमें डॉक्टर के चक्कर लगाने पड़ते हैं इसलिए बारिश के मौसम में सतर्क होना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में पानी उबालकर ठंडा करके पीना चाहिए। साथ ही उन्होंने विभाग की स्कीम जिसमें सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिला सदस्य एक महीने में 25 दिन प्रतिदिन तीन पानी की क्लोरीन टेस्ट करेगी। जिसकी एवज में उन्हें प्रति सैंपल 10 विभाग द्वारा दिए जाएंगे। साथ ही सेल्फ हेल्प ग्रुप महिला द्वारा पानी के ऑनलाइन बिल भरने बारे विस्तार पूर्वक बताया। टोल फ्री नंबर 1800180 5678 के बारे जानकारी दी। मौके पर उपस्थित लैब सहायक सुखविंदर सिंह ने पानी में क्लोरीन टेस्ट करने की विधि की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही ट्यूबवेल नंबर दो एवं 8 ग्रामीणों के घरों में से भी पानी के सैंपल लिए जिसकी जिला लैब द्वारा पानी के सैंपल की बैक्टीरियोलॉजिकल और केमिकल जांच की जाएगी। जूनियर इंजीनियर कमल बक्शी द्वारा भी जल संरक्षण बारे जागरूक किया गया। सभी को जल संरक्षण की शपथ भी दिलवाई गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी वर्कर्स, आशा वर्कर्स, ट्यूबल ऑपरेटर एवं अनेकों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बी.आर. अम्बेडकर पार्क उत्तम नगर में हो सफाई व्यवस्था



**करनाल, 24 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** शहर के उत्तम नगर के एक प्रतिनिधि मंडल ने परमजीत सिंह पार्षद वार्ड नं 3 नगर निगम करनाल की अध्यक्षता में नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा से मुलाकात की। पदम सिंह प्रजापति ने बताया कि मुलाकात में वार्ड नं 3 के उत्तम नगर स्थित पार्क के बारे विस्तार से चर्चा की गई एवं नगर निगम आयुक्त से प्रार्थना की गई की पार्क में नगर निगम द्वारा लाईब्रेरी के लिए बिल्डिंग तो बना दी गई है, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी आज तक वहां लाइब्रेरी शुरू नही की गई है। जिसकी वजह से वह बिल्डिंग बंद पडी है और खराब होने की दिशा में अग्रसर है। क्योंकि नगर निगम प्रशासन की तरफ से किसी प्रकार की कोई सफाई व्यवस्था नही है और ना ही पार्क में किसी तरह के पेड़ एंव फल व फुल के पौधे लगाए गए हैं। जय नारायण शर्मा एवं नरेंद्र यादव ने कहा कि हम सभी उत्तम नगर वासी खुद ही वहां साफ सफाई करने एंव पेड़ पौधे लगाने में लगे हुए हैं ताकि वहां पर बच्चों को परेशानी ना हो और हरियाली हो सके। राजकुमार प्रजापति एंव पवन कुमार ने बताया कि बहुत जल्द बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पार्क उत्तम नगर में योग शिविर शुरू किया जाएगा। जिसके लिए हमने आयुक्त महोदया से शुभारंभ करने और उसमें शामिल होने के लिए प्रार्थना की है। आयुक्त महोदया ने जल्द ही हमें समय देने बारे आश्वासन दिया है। इस मुलाकात के दोरान महेश गुप्ता, जयनारायण शर्मा, मुकेश शर्मा, अमीत गुप्ता, शिव कुमार उपस्थित रहे।

## नंद के आँगन में गूंजा कृष्ण नाम-प्रभु प्रेम में नहाई नंद कॉलोनी की प्रभात बेला

**पिहोवा, 24 जून ( विवेक ) :** जब प्रभु नाम की मधुर तान हवाओं में घुल जाए, जब गली-गली में राधे-श्याम का गान गूंजे, और जब श्रद्धा से भरे कदम प्रभु की ओर बढ़ें — तब वो प्रभात केवल एक सुबह नहीं, बल्कि आत्मा को आलोकित कर देने वाला आध्यात्मिक उत्सव बन जाती है। कुछ ऐसा ही दृश्य आज पिहोवा की नंद कॉलोनी में देखने को मिला। परम पूज्य, परम श्रधेय स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन आशीर्वाद और प्रेरणा से सम्पन्न हुई आज की प्रभात फेरी, फूल सिंह पाल परिवार के सौजन्य से एक दिव्य स्मृति बन गई। जैसे ही प्रभात की किरणें फैलीं, नंद कॉलोनी की गलियाँ प्रभु भक्ति से सराबोर हो उठीं। मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और भजन की स्वर लहरियों ने एक ऐसी अलौकिक ऊर्जा जगाई, जिसमें तन, मन और आत्मा सब कुछ प्रभु चरणों में समर्पित हो गया। जगदीश तनेजा, सुरेश वर्मा, सागर कश्यप, मोनू गाबा, पंडित शांतिस्वरूप शर्मा, रिसाल सिंह पाल, काका ग्रोवर, दिनेश अत्री, राज धवन, आदित पुरी और अन्य भजन गायकों ने भक्ति रस की ऐसी धारा बहाई कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। सुरेश वर्मा के दिलदार यार प्यारे गलियों में मेरी आजा... जैसे मधुर भजन ने हृदय को गहराई तक छू लिया, और विक्की वोहरा के हम श्रीराम के सेवक हैं, सबको बतला देंगे... जैसी वाणी ने हर आत्मा में राम नाम की लौ जला दी। प्रभात फेरी उपरांत प्रवेश कौशिक, संजीव कुश, दलजीत सिंह, जगदीश सैनी ने पाल परिवार को ठाकुर जी का दिव्य स्वरूप भेंट कर आयोजन को चिरस्मरणीय बना दिया गया। हनुमान चालीसा एवं श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का सामूहिक पाठ जैसे आत्मा की शुद्धि और प्रभु के प्रति समर्पण का साक्षात प्रतीक बना। श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान जगदीश तनेजा ने श्रीराम-भरत संवाद के माध्यम से प्रेम और विश्वास की दिव्यता को उजागर किया। उन्होंने कहा कि आज अगर हमारे जीवन में भरत जैसा विश्वास और राम जैसा त्याग हो, तो संसार का कोई भी बंधन छोटा पड़ सकता है। लेकिन जहाँ प्रेम और विश्वास की जगह स्वार्थ आ जाए, वहाँ जीवन बिखरने लगता है। हमें जीवन में रामायण से सीख लेकर भाईचारे और त्याग की संस्कृति को जीवित रखना है।

भक्ति भाव से ओतप्रोत इस आयोजन में पाल परिवार ने तन-मन से सेवा करते हुए हर अतिथि का स्नेहपूर्वक स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने इस प्रभात बेला को न सिर्फ महसूस किया, बल्कि आत्मा में उतार लिया। इस अवसर पर नगर के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर इस आयोजन को गरिमा प्रदान की। आशीष चक्रपाणी, सुरेंद्र ढींगरा, चंदन कपूर, बिट्टू, अमरजीत सिंह, सोनू नेगी, विजय बंसल, मोहित, हरप्रीत, रोहित पाल, अशोक गर्ग, धर्मपाल बैरागी, वंश डंग, गुनिक गाबा, रोशन लाल गोयल, अशोक तनेजा, कृष्ण खुराना, रवि प्रकाश गर्ग, राकेश पाराशर, नरेश अरोड़ा, निर्भय पांडे, बलविंदर धवन, महेंद्र गर्ग, हरीश तनेजा, तुलसीदास वर्मा, संजीव गुलाटी, आशुतोष गोयल, सुमित शर्मा, राकेश धवन, गिन्नी मित्तल, इंद्रमोहन तनेजा, वीरेंद्र नंदराजोग, अमित पांचाल, मदन चावला, सुनील नंदा, देशराज मित्तल, श्रवण गुलाटी, अशोक धींगरा, देवेंद्र भल्ला, मायाराम बंसल, सुरेंद्र प्रजापत, लाला जयनारायण गर्ग, रमेश धमीजा, कृष्ण गोपाल शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जुनेजा सुपर करियाना स्टोर से लाखों की चोरी

**नीलोखेड़ी, 24 जून ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** जुनेजा सुपर करियाना स्टोर से चोर नकदी और दुकान में रखा सामान चुरा कर ले गए। चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए दुकान के पिछली तरफ लगे दरवाजे का हुक तोड़ा और दुकान के अंदर घुस कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकान मुख्य बस स्टैंड से कुछ गज की दूरी पर है और यह बस स्टैंड को जाने वाली मुख्य सड़क है। दुकान मालिक लक्की जुनेजा ने डेढ से दो लाख रुपए का नुक्सान होने का अंदेशा जाहिर किया है। दुकान मालिक का कहना है कि चोरों ने चोरी के तमाम सबूत मिटाने के भरसक प्रयास किए हैं। सीसीटीवी फुटेज के सबूत मिटाने के लिए दुकान के अंदर रखे डी वी आर को भी साथ चुरा कर ले गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चोर दुकान के पीछे लगे दरवाजे का हुक तोड़ कर दुकान में घुस गए। चोरों ने दराज में रखी नकदी और कुछ सामान पर हाथ साफ किया। चोर सीसीटीवी कैमरे के लिए लगे डी वी आर को भी चुरा कर ले गए।

## भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी

**हिसार, 24 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लघु सचिवालय व कोर्ट परिसर के आसपास कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधीश अनीश यादव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, लघु सचिवालय व कोर्ट परिसर के आसपास 2 किलोमीटर के क्षेत्र में आग्नेयास्त्र, लाठी, तलवार, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, गंडासा, चाकू और अन्य हथियार लेकर चलने व विश्वविद्यालय परिसर के अंदर 5 या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर रोक लगाई है। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस और अन्य लोक सेवकों तथा सिख समुदाय द्वारा धार्मिक प्रतीकों के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले कृपाण इत्यादि पर लागू नहीं होगा। उक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा।

## केन्दीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बाघेल आज कुरुक्षेत्र में

**कुरुक्षेत्र, 24 जून ( सुदेश कुमार ) :** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी ने कहा कि केन्द्रीय मत्स्य पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बाघेल 25 जून को कुरुक्षेत्र में पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर कुरुक्षेत्र पंचायत भवन के सभागार में सुबह 11 बजे आपातकाल लगाये जाने के 50 वर्ष पूरे होने पर भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय संविधान हत्या दिवस 25 जून 2025 को मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बाघेल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके उपरांत करीब 1 बजकर 20 मिनट पर पाल गडरिया समाज धर्मशाला में पौधा रोपण कार्यक्रम में पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय राज्यमंत्री करीब 3 बजे श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे और 4 बजे ज्योतिसर तीर्थ का भ्रमण करेंगे।

## हकृवि में परीक्षाएं एवं प्रैक्टिकल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**हिसार, 24 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से चल रही हैं। सोमवार व मंगलवार को आयोजित की गई परीक्षाओं में कुल 764 विद्यार्थियों ने अपनी नियमित परीक्षाएं दी। यह जानकारी देते हुए अनुसंधान निदेशक डॉ राजबीर गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में आयोजित की गई परीक्षाओं में सोमवार को 445 तथा मंगलवार को 319 विद्यार्थियों ने अपनी नियमित परीक्षाएं एवं प्रैक्टिकल दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा देना विद्यार्थियों का मौलिक अधिकार है। किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा देने से रोकना या जबरदस्ती करना गैर कानूनी है। उन्होंने बताया कि एमएससी एवं पीएचडी के विद्यार्थियों ने रिसर्च संबंधी कार्य भी किए।

## विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने राहुल गांधी से दिल्ली में मुलाकात की



**नीलोखेड़ी, 24 जून ( सुरेश कुमार मिड्ढा ) :** विश्वकर्मा समाज का एक प्रतिनिधि मंडल संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से दिल्ली में 10 जनपथ पर मिला।

शिष्टमंडल की अध्यक्षता भारत के पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के पुत्र इंद्रजीत सिंह जी ने की। उनके साथ नीलोखेड़ी से कांग्रेसी नेता अमरजीत धीमान, तेल राम जांगड़ा और बिहार से विश्वकर्मा समाज के प्रधान मुकुल आनंद विश्वकर्मा थे। राहुल गांधी ने शिष्टमंडल से कहा कि वह विश्वकर्मा समाज को कांग्रेस पार्टी में पूरा मान सम्मान और भागीदारी देंगे। विश्वकर्मा समाज अति पिछड़ा वर्ग में आता है अन्य वर्गों की तरह कांग्रेस पार्टी अति पिछड़ा को पार्टी में पूरा सम्मान देगी।

## डीएलएसए द्वारा कीर्ति नगर में चलाया नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

**कुरुक्षेत्र, 24 जून ( सुदेश कुमार ):** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला ड्रग कंट्रोल अर्थोरिटी के के सहयोग से नशे के खिलाफ जागरूकता कैंप लगाए जा रहे है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि कीर्ति नगर में यह कैंपेन चलाया गया और और लोगों को नशा ना करने के लिए जागरूक किया गया। सीजेएम ने कहा कि इस शिविर के दौरान उन्हें नशीली दवाइयों के दुरुपयोग के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें नालसा (डीएडब्लयुएन- ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनेस नेविगेशन- फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया) योजना 2025 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# जनता ने आम आदमी पार्टी को दिया अपना आशीर्वाद : रणदीप राणा





**करनाल, 24 जून ( संदीप रोहिला ) :** आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री रणदीप सिंह राणा ने कहा कि देश में हुए विधानसभा उपचुनावों में आम आदमी पार्टी ने जनता का विश्वास हासिल कर एक नई राजनीतिक लहर की शुरूआत कर दी है। उन्होंने कहा कि गुजरात की विसावदर सीट से गोपाल इटालिया और पंजाब की लुधियाना वेस्ट सीट से संजीव अरोड़ा ने भारी मतों से शानदार जीत दर्ज की है, जिससे साफ जाहिर होता है कि जनता आम आदमी पार्टी को सत्ता में देखना चाहती है, क्योंकि इस सरकार में जनता के काम नहीं हो पा रहे है। इसका सीधा साधा प्रमाण उपचुनावों में देखने को मिला है। जनता आम आदमी पार्टी पर विश्वास रखती है और आने वाले समय में देश में आम आदमी पार्टी की सरकार होगी। वहीं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता महेन्द्र राठी ने आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त विधायकों को जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जनता ने आम आदमी पार्टी को अपना आशीर्वाद दिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान प्रदेश की तरक्की और खुशहाली के लिए दिन-रात काम कर रहे है। जिसके चलते पंजाब के लोगों ने आप के उम्मीदवार को जिताकर विधानसभा में भेजने का काम किया है। उपचुनाव में हुई आम आदमी पार्टी की जीत से हरियाणा प्रदेश के कार्यकर्ताओं में भी खुशी का माहौल है और आने वाले समय में प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनना तय है। क्योंकि आम आदमी पार्टी जो कहती है उसे धरातल पर लागू करवाती है। इस जीत के लिए उन्होंने आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त किया है।

## बुधला संत मंदिर से 27 जून को धूमधाम से निकलेगी जगन्नाथ रथ यात्रा

**हिसार, 24 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** श्री भगवान जगन्नाथ व श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति, सेक्टर 14, हिसार के तत्वाधान में 27 जून को बुधला संत मंदिर, सेक्टर 14 से दूसरी भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। धूमधाम से निकाले जाने वाली इस यात्रा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। यह जानकारी देते हुए समिति के सेवादारों रामधारी गोयल व पवन अग्रवाल ने बताया कि रथ यात्रा के उपलक्ष्य में 26 जून को सायं 5:15 बजे मंदिर प्रांगण में ठाकुरजी का नेत्रोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर लुवास के कुलपति नरेश जिंदल मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। अध्यक्षता रामलीला कमेटी कटला के पूर्व प्रधान सुरेन्द्र लाहौरिया करेंगे।

दीप प्रज्वलन समाजसेवी विजय कंसल करेंगे। सेवादारों आशीष गुप्ता, मोती कंसल व धीरज गर्ग ने बताया कि 27 जून को सायं 3ः15 बजे भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी जो बुधला संत मंदिर, सेक्टर 14 से चलकर पूरे क्षेत्र में घूमते हुए कोठी नम्बर 1007 पर सम्पन्न होगी। 28 जून को प्रातः सवा 9 बजे विश्राम स्थान पर विदाई समारोह का आयोजन किया जाएगा। सेवादारों ने बताया कि रथ यात्रा के दौरान प्रसिद्ध भजन गायक भैय्या दिव्य दास, विशाल मित्तल व डॉ. मोहन तनेजा भजनों की वर्षा करेंगे। रथ यात्रा के मुख्य आकर्षण में हनुमानजी की पावन ध्वजा, विशाल रथ भक्तों द्वारा खींचा जाएगा। ड्रोन द्वारा पुष्प वर्षा, भगवान जगन्नाथ का फूल बंगला व रथ बंगाल के कारीगरों द्वारा सजाया जाएगा। श्रृंगार सेवा सुनील गर्ग व मधुर गुप्ता की रहेगी।

**रथ यात्रा में मंत्री, विधायक व मेयर भी शामिल होंगे :** हिसार की विधायक सावित्री जिंदल के सान्निध्य में निकाले जानी वाली रथ यात्रा में केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग करेंगे। मंडल आयुक्त अशोक गर्ग ज्योत प्रज्वलित करेंगे। नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली अति विशिष्ट अतिथि व पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, पार्षद सरोज जैन, मोहित सिंघल, अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, पूर्व पार्षद टीनू जैन एवं कविता केड़िया विशिष्ट अतिथि होंगे। मंच संचालन प्रमोद गर्ग करेंगे। इनके अलावा नगर की अनेक संस्थाओं से जुड़े सैंकड़ों गणमान्य लोग भी रथ यात्रा में भाग लेंगे।

# नप के कार्यकारी अधिकारी ने लिया पानी निकासी का जायजा



**कुरुक्षेत्र, 24 जून ( सुदेश कुमार ) :** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि बरसाती पानी की निकासी सुचारु रखने के लिए सुबह से ही नप के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम फील्ड में थी। उन्होंने स्वयं अपनी देखरेख में भी कई जगहों पर निरीक्षण किया और जहां-जहां संभव हुआ पानी निकासी की व्यवस्था करवाई। इसके अलावा सेक्टर-13 अग्रसैन स्कूल के सामने, परशुराम कालेज के सामने व मां भद्रकाली मंदिर में भी जलभराव होने पर वाटर पंप लगाकर पानी की निकासी करवाई। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों ने अपने स्तर पर कैलाश नगर, आकाशवाणी कालोनी, सेक्टर-7 में पीर की मजार के पास, सेक्टर-5 की मार्केट, सेक्टर-13 हनुमान मंदिर के सामने, पिपली गीताद्वार के नीचे व अन्य रिहायशी एरिया में पानी निकासी लगातार सुचारु रखी। उन्होंने कहा कि भारी बरसात के कारण एक बार तो सड़कों व गलियों में पानी जमा हो जाता है, लेकिन एक से दो घंटे के दौरान शहर से पानी की निकासी नालों के जरिए हो गई थी। कुछ-एक जगह पर सीवरेज जाम या सड़क के लेवल के कारण कोई जलभराव रह गया हो तो उसे भी जल्द निकालने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सेक्टर-13, कैलाश नगर, सेक्टर-7 व 5 में जाकर स्थिति का जायजा लिया जिसमें पाया गया कि कुछ स्थानों को छोड़कर बाकी सभी स्थानों पर स्थिति संतोषजनक है। जहां पानी निकासी नहीं है वहां भी पाईप या वाटर पंप के माध्यम से पानी निकासी सुचारु की जा रही है। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि पहले के मुकाबले अब पानी की निकासी की स्थिति ठीक है। पहले जहां दो-दो दिन पानी की निकासी होती थी अब कुछ समय बाद पानी निकल जाता है। इस अवसर पर उनके साथ एक्सईएन रवि ओबराय, एमई मंगूराम, एमई जयपाल, क्लर्क राकेश, फिल्ड आफिसर अनूप सिंह, आईईसी एक्सपर्ट वीरेंद्र कुमार व अन्य सफाई कर्मचारियों की टीम मौजूद थी।

## जागरूकता कैंप 1 से 31 जुलाई तक होगें आयोजित : सुमित्रा कादियान

**यमुनानगर, 24 जून ( दिनेश कुमार ) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि 1 जुलाई को गांव दामला में पैनल के एडवोकेट वीपीएस सिद्धू द्वारा, 2 जुलाई को गांव दुसानी में एडवोकेट निखिल गुप्ता द्वारा, 3 जुलाई को गांव नाहरपुर में एडवोकेट आरिफ मोहम्मद द्वारा, 4 जुलाई को गांव कुंजल जाटान में एडवोकेट धर्मेन्द्र कुमार द्वारा, 5 जुलाई को गांव सुढैल में एडवोकेट दीक्षा द्वारा, 7 जुलाई को गांव गुंदियाना में पैनल के एडवोकेट राहुल सांगवान द्वारा, 8 जुलाई को गांव कलावड़ में एडवोकेट प्रवीण कुमार द्वारा, 9 जुलाई को गांव लवानी में एडवोकेट परवेज खान द्वारा, 10 जुलाई को गांव नगला खालसा में एडवोकेट प्रणव लाम्बा द्वारा, 11 जुलाई को गांव पिंजौरा में एडवोकेट पुनीत कुमार द्वारा, 14 जुलाई को गांव बैंडी में एडवोकेट राहुल देव द्वारा, 15 जुलाई को गांव बापा में एडवोकेट राजबीर द्वारा कानूनी जागरूकता कैम्प आयोजित किए जाएंगे। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम ने बताया कि 16 जुलाई को गांव हिरन छप्पर में एडवोकेट राखी वर्मा द्वारा, 17 जुलाई को गांव जठलाना में एडवोकेट रमेश कुमार गुप्ता द्वारा, 18 जुलाई को गांव कांजनू में एडवोकेट सचिन द्वारा, 19 जुलाई को गांव मंधार में एडवोकेट सचिन पंजेटा द्वारा, 21 जुलाई को गांव भोगपुर में एडवोकेट वैभव लाम्बा द्वारा, 22 जुलाई को गांव मंडौली में एडवोकेट सतनाम सिंह द्वारा, 23 जुलाई को गांव बहादुरपुर में एडवोकेट शौभा अरोड़ा द्वारा, 24 जुलाई को गांव संधाला में एडवोकेट सुनील कुमार द्वारा, 25 जुलाई को गांव अराईयांवाला में एडवोकेट सुरेन्द्र प्रताप द्वारा, 28 जुलाई को गांव महमुदपुर में एडवोकेट उमेश कुमार द्वारा, 29 जुलाई को गांव तिगरा में एडवोकेट यशराज द्वारा, 30 जुलाई को गांव रोड़ छप्पर में एडवोकेट अमिता कुमारी द्वारा व 31 जुलाई को गांव फतेहगढ़ (खंड छछरौली) में एडवोकेट प्रवीन कुमार द्वारा कानूनी जागरूकता कैम्प आयोजित किए जाएगे। कैम्प में लोगों को पैनल एडवोकेट द्वारा कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

## भाजपा किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है : ज्योति सैनी



**कैथल, 24 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** आज भाजपा कार्यालय कपिल कमल में जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी को वाल्मीकि समाज द्वारा पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने समाज को आश्वासन दिया कि भविष्य में उनका ध्यान संगठन और सरकार में रखा जाएगा। हरियाणा सरकार वाल्मीकि समाज के साथ तन मन से खड़ी है और उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार और संगठन आपके समाज के साथ खड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला सूत्र है--भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प; और साथ ही यह आत्मविश्वास कि अपने पुरुषार्थ से हम इन्हें प्राप्त करेंगे। भाजपा की विचारधारा को एक पंक्ति में कहना हो तो वह है 'भारत माता की जय'। भारत का अर्थ है 'अपना देश'। देश जो हिमालय से कन्याकुमारी तक फैला है और जिसे प्रकृति ने एक अखंड भूभाग के रूप में हमें दिया है। यह हमारी माता है और हम सभी भारतवासी उसकी संतान हैं। एक मां की संतान होने के नाते सभी भारतवासी सहोदर यानि भाई-बहन हैं। भारत माता कहने से एक भूमि और एक जन के साथ हमारी एक संस्कृति का भी ध्यान बना रहता है। इस माता की जय में हमारा संकल्प घोषित होता है और परम वैभव में है मां की सभी संतानों का सुख और अपनी संस्कृति के आधार पर विश्व में शांति व सौख्य की स्थापना। यही है 'भारत माता की जय'। इस मौके पर शक्ति सौदा, जिला मीडिया प्रभारी राज रमन दीक्षित, नरेश सजुमा रमेश दयोरा, बलदेव लोट, नायब सिंह चौहान संदीप कुमार, राजेंद्र माजरी कपूराराम, अजय बोहत, भीम सिंह, राजवीर गुहणा, तेजपाल चौथ, सुमित कल्याण आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चौधरीवास बिजलीघर से जुड़ी सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति आज रहेगी बाधित

**हिसार, 24 जून ( मनमोहन शर्मा ) :** 132 केवी आर्यनगर से 132 केवी भोजराज के बीच नए टावर लाइन कार्य के चलते 33 केवी चौधरीवास बिजलीघर से जुड़ी सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति 25 जून को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए गंगवा सब डिवीजन के एसडीओ ने बताया कि बिजली निगम के अनुसार यह कटौती आवश्यक तकनीकी कार्य के चलते की जा रही है, जिससे क्षेत्र में भविष्य में बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित अवधि में कोई आवश्यक कार्य बिजली पर निर्भर हो तो पहले से योजना बनाकर कर लें। सब डिवीजन एसडीओ ने बताया कि जिन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी, उन फीडरों में आरडीएस 11 केवी पनिहार, मुकलान, किसान फॉस्फेट इंडस्ट्रीज, मेट्रो फ्यूल इंडस्ट्रीज, बिमला इंडस्ट्रीज, चौधरीवास वाटर वर्क्स, चौधरीवास एपी तथा बड़वा एपी शामिल है।

## सांसद नवीन जिन्दल खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए कर रहे हैं सहयोग : सुभाष कलसाना



**शाहाबाद मारकण्डा, 24 जून ( रूबी ) :** सांसद नवीन जिन्दल ने युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई हुई है। इस पहल के अंतर्गत धंतोड़ी व कलसानी गांव की हॉकी खिलाड़ी अस्मित कौर और अरवन कौर को हॉकी किट दी गई है। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने दोनों हॉकी प्रशिक्षुओं का सहयोग करने बारे सांसद नवीन जिन्दल से बात की ताकि दोनों प्रशिक्षु मन लगाकर अपनी प्रेक्टिस कर सकें। सांसद नवीन जिन्दल के निर्देशानुसार उनकी टीम द्वारा अस्मित कौर और अरवन कौर को हॉकी किट प्रदान की गई। सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त करते हुए सुभाष कलसाना ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल खेलों के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ने के लिए सहयोग कर रहे हैं और भविष्य में भी संसदीय क्षेत्र के खिलाड़ियों को हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल समय-समय पर खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानकर समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठा रहे हैं। सांसद नवीन जिन्दल की यह पहल युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता और उत्साह बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरणास्रोत बन रही है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को : डा. इरम हसन



**करनाल, 24 जून ( परमजीत कौर ) :** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में 12 जुलाई को जिला न्यायिक परिसर व सब डिवीजन इन्द्री, असंध व घरौंडा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत मे कोई भी व्यक्ति आपसी रजामंदी व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने लंबित मुकदमों का निपटारा करा सकता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन, मोटर दुर्घटना अधिनियम, फौजदारी, दिवानी, चालान वैवाहिक व पारिवारिक मुकदमें इत्यादि का निपटारा किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निपटारा करवा सकता है। लोक अदालत के माध्यम से निपटाए गए मुकदमों की कोई अपील नहीं होती। लोक अदालत के माध्यम से फैसला होने से धन व समय की बचत होती है और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नं0 0184-2266138 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन : उत्तम सिंह

**करनाल, 24 जून ( सुनील कुमार ) :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन करने के लिए 31 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। इन पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। उपायुक्त ने बताया कि इन राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए, नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवाड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएगी।

नामांकन करने वाले व्यक्ति अधिकतम 800 शब्द का एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों/सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो, प्रस्तुत करें।

उन्होंने बताया कि ये पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। डॉक्टर और वैज्ञानिकों को छोड़कर सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। इस बारे में और अधिक विवरण वेबसाइट पदमा अवाड.जीओवी.इन पर उपलब्ध हैं।

## जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 27 जून को

**कुरुक्षेत्र, 24 जून ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 27 जून को नए लघु सचिवालय के सभागार में दोपहर 12 बजे होगी। इस बैठक में 15 समस्याओं को रखा जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 27 जून को दोपहर 12 बजे होगी। इस बैठक में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। इस बैठक में गांव सिरसला से शारदा रानी, सेक्टर 13 से ज्ञान सागर, गांव यारा से केशव, गांव बारना से पंच सुभाष चंद्र, गांव बरगट से गुरनाम सिंह, गांव खरींडवा से कृपाल सिंह, न्यू मिर्जापुर कालोनी से अनिल, गांव उमरी से अजमेर सिंह, गांव भूखडी से रीटा रानी, गांधी नगर से सुमन देवी, गांव इंद्रा बस्ती पिहोवा से संतोष रानी, गांव तंगौर से ईश्वर पाल सिंह, गांव ईशाकपुर से बंसीलाल, गांव चंद्रभानपुरा से रमेश कुमार, गांव संतोख पुरा से तरसेम सिंह, गांव अंटेहडी से संतोष देवी की समस्या रखी जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभाग से सम्बन्धित शिकायत की जांच रिपोर्ट 26 जून 2025 को दोपहर 2 बजे तक उपायुक्त कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही कोई भी अधिकारी अवकाश पर ना रहे और निर्धारित समय पर बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करें।

# तम्बाकू उत्पाद एवं धूम्रपान सेहत के लिए बेहद हानिप्रद



बचपन से ही हम पढ़ते-सुनते आए हैं कि धूम्रपान तथा तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं और शरीर में कैंसर तथा कई अन्य बीमारियों को जन्म देते हैं लेकिन यह जानने-समझने के बाद भी जब हम अपने आसपास किशोरवय बच्चों को भी धूम्रपान करते और विभिन्न तंबाकू उत्पादों का सेवन करते देखते हैं तो स्थिति काफी चिंताजनक प्रतीत होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद ऐसे व्यक्ति समझना ही नहीं चाहते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत नहीं पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली हनुमान की भांति समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है। धूम्रपान शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है। तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 31 मई को 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों से भविष्य की पीढ़ियों की रक्षा करने के उद्देश्य से 'अपील का पर्दाफाश- तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना' थीम के साथ मनाया जा रहा है।

एक ओर जहां विकासशील देशों में धूम्रपान का प्रचलन बढ़ रहा है, वहीं अमेरिका सरीखे कुछ विकसित देशों में धूम्रपान के प्रचलन में तेजी से गिरावट आई है। 1965 में अमेरिका की 42 फीसदी आबादी धूम्रपान की आदी थी जबकि 1991 में यह संख्या घटकर 26 फीसदी रह गई और पिछले डेढ़ दशक में तो वहां धूम्रपान करने वालों की संख्या में और भी तेजी से गिरावट आई है। गहराई में जाने पर पता चलता है कि अमेरिका में सिगरेट की खपत में लगातार कमी आने की वजह से अमेरिका की सिगरेट कम्पनियों ने अपने घाटे की पूर्ति के लिए अपने उत्पादों को भारत तथा अन्य विकासशील देशों में खपाने की योजना बनाई और उसे इस कार्य में सफलता भी मिली। भारत में प्रतिदिन धूम्रपान से मरने वालों की संख्या सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के मुकाबले 20 गुना है जबकि एड्स से देश में जितनी मौतें 10 वर्ष में होती हैं, उतनी मौतें धूम्रपान की वजह से मात्र एक सप्ताह में ही हो जाती हैं। करीब दस प्रतिशत व्यक्ति तो ऐसे होते हैं, जो खुद धूम्रपान नहीं करते लेकिन पैसिव स्मोकिंग के शिकार बनते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो आगामी एक-दो वर्षों तक ही धूम्रपान की वजह से 50 करोड़ से भी ज्यादा लोग मारे जा चुके होंगे और अगले 30 वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या प्रतिवर्ष 10 लाख से बढ़कर 70 लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है प्रतिवर्ष विश्वभर में 8000 से अधिक नवजात शिशु धूम्रपान के कारण असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान करने वालों को धूम्रपान न करने वालों की अपेक्षा फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना 15 गुना अधिक होती है।

नशे के दुष्प्रभावों पर छपी पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में बताया गया है, ''सिगरेट के धुएं में करीब 4000 घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जिनमें पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि प्रमुख हैं, जो मानव शरीर पर तरह-तरह से दुष्प्रभाव डालते हैं। धूम्रपान से हृदय रोग, लकवा, हर प्रकार का कैंसर, मोतियाबिंद, नपुंसकता, बांझपन, पेट का अल्सर, एसीडिटी, दमा, ब्रोंकाइटिस, मिरगी, मेनिया, स्कीजोफ्रेनिया जैसे घातक रोगों का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। धूम्रपान से मोतियाबिंद का खतरा बन जाता है और आंख की रेटीना प्रभावित होने लगती है, जिससे नेत्रज्योति कम होती जाती है। गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। एक अध्ययन के अनुसार प्रतिदिन 20 सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य से 20 प्रतिशत बढ़ जाती है जबकि 20 से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा 35 प्रतिशत तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका 30 प्रतिशत बढ़ जाती है।' 'विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में 41 फीसदी पुरूष और 21 फीसदी स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ 8 फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या 50 फीसदी से भी अधिक है।

जहां तक हमारे यहां सिगरेट के पैकेटों पर लिखी वैधानिक चेतावनी का सवाल है तो यह कितनी असरकारक है, इससे कोई अपरिचित नहीं है।

# सेहतमंद एवं लंबे जीवन के लिए व्यायाम बेहद जरुरी

आजकल व्यस्तता के कारण हम व्यायाम नहीं कर पाते हैं पर अगर एक बार आप इसके लाभ जान गयी तो इससे दूर नहीं रह पाएंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार अगर कोई भी व्यक्ति दिन में महज 21 मिनट तक व्यायाम करता है तो उसकी उम्र 3 साल तक बढ़ सकती है। ये अध्ययन 12 महीनों में 6,600 हजार लोगों पर किया गया है, जो दिन में 21 मिनट और हफ्ते में 150 मिनट का समय व्यायाम को देते हैं। वहीं, स्टडी के बाद 3 साल की जिंदगी बढ़ने की उम्मीद पाई गई। शोधकर्ताओं ने युवाओं पर रिसर्च कर पाया कि अगर रोजाना 60 से 90 मिनट तक चला जाए तो 2.4 साल से 2.7 साल तक का जीवन बढ़ सकता है। शोधकर्ताओं ने रिसर्च से पहले और बाद में हर प्रतिभागी का बिहेवियर पर नजर रखी। जहां उन्होंने पाया कि समय की वजह (31 फीसदी), लागत और खुशी ना होने के कारण ( 1 9फीसदी) प्रतिभागी व्यायाम नहीं करना चाहते। इस सर्वे का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति छोटे - छोटे काम के जरिए व्यायाम कर अपने जीवन में बदलाव ला सकते हैं।



**स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होते सूरजमुखी के बीज**

सूरजमुखी के बीज स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। इसलिए इन्हें अपनी डाइट में शामिल किया जाना चाहिये।सूरजमुखी के बीज का मक्खन बनाने के लिए तीन प्रमुख चीजों, सूरजमुखी के बीज, समुद्री नमक और शुगर मिलाएं। इसे और क्रीमी बनाने के लिए इसमें सूरजमुखी का तेल भी मिलाया जा सकता है। सूजरमुखी के बीज अपने पोषण संबंधी गुणों के कारण स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। बीज में आवश्यक फैटी एसिड, विटामिन और मिनरल होते हैं, जो हमारे शरीर के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं और इसलिए इन्हें किसी न किसी रूप में आहार में शामिल करना जरूरी है। भुने हुए या नमकीन सूरजमुखी के बीज एक स्वास्थ्यपरक स्नैक माने जाते हैं। पौष्टिकता बढ़ाने के लिए आप इन्हें नाश्ते के लिए बने भोजन में शामिल कर सकती हैं। सूरजमुखी के बीज किसी भी मुख्य व्यंजन जैसे, चिकन करी, मिक्स वेजिटेबल आदि में डाले जा सकते हैं या इन्हें सलाद, पास्ता में स्वाद बढ़ाने और पौष्टिकता बढ़ाने के लिए ऊपर से डाल कर खाया सकता है। सूरजमुखी के बीजों को किसी भी सॉफ्ट डिश जैसे स्क्रैम्बल्ड एग को कुरकुरा बनाने के लिए उसमें डाला जा सकता है. सूरजमुखी के बीज का पाउडर या आटा केक, मफिन और ब्रेड बैटर में भी मिलाया जा सकता है। यह उनकी पौष्टिकता को बढ़ाएगा। यह दूध और पीनट बटर का अच्छा विकल्प हो सकता है. इसे ब्रेड पर लगाकर और घर पर बने सॉस में मिलाकर इस्तेमाल में लाया जा सकता है। सूरजमुखी के बीजों को आप चिवड़ा में डाल सकती हैं, जो नाश्ते के लिए मसालेदार स्वादिष्ट और सेहतमंद विकल्प होता है। ये बीज न सिर्फ चिवड़े का स्वाद बढ़ाते हैं बल्कि इसे स्वास्थ्यपरक आहार भी बनाते हैं. ये बीज चिवड़ा को विटामिन ई और बी-कॉम्प्लेक्स युक्त बनाते हैं। सूखे नारियल चटनी के पाउडर को कुरकुरा बनाने के लिए इसमें ये बीज मिलाए जा सकते हैं, जो फैटी एसिड, मिनरल्स और पोषक तत्व युक्त होते हैं।

# ये पेड़ होते हैं औषधीय गुणों से भरपूर

प्रकृति में ऐसे अनेकों पेड़ पौधे पाए जाते हैं। कुछ ऐसे ही पेड़ हैं शहतूत, नील आदि। इनके उपयोग से अनेकों आयुर्वेदिक दवाइयां भी बनाई जाती है। जिनसे बीमारियों को ठीक करने में सहायता मिलती है।

शहतूत - शहतूत का पेड़ अपने स्वादिष्ट फलों, औषधीय गुणों और रेशम उत्पादन के लिए जाना जाता है। यह एक बहु उपयोगी पौधा है। शहतूत वृक्ष रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है। इसकी छाल और जड़ का उपयोग आयुर्वेदिक और हर्बल दवाओं में किया जाता है। वहीं, पत्तियों से बनी चाय शरीर को डिटॉक्स करने में सहायक होती है।



नीम - नीम के पेड़ की पत्तियां फोड़े-फुंसी, खुजली में फायदेमंद होता है और यही ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करते हैं। नीम लिवर को डिटॉक्स करता है और विषैले तत्वों को बाहर निकालता है। नीम की पत्तियां मुहांसे, झाइयां और संक्रमण कम करने में सहायक है। इसके अलावा नीम का तेल डैंड्रफ और सिर की खुजली दूर करने में उपयोगी। नीम का पेस्ट घावों और जलन में राहत देता है।

अरंडी - अंरडी एक बहुपयोगी औषधीय गुणों वाला पौधा है। अरंडी के बीजों से प्राप्त होने वाले तेल की डिमांड मार्केट में काफी अधिक रहती है। यह तेल औषधिय गुणों से भरपूर होता है। इसके उपयोग से अनेकों सौंदर्य उत्पाद भी बनाए जाते हैं। यह कब्ज को दूर करने का काम भी करता है। इसका तेल शरीर में मालिश करने पर गठिया और सूजन में राहत देता है। इसके अलावा त्वचा को मॉइस्चराइज़ करता है और बालों की वृद्धि में मदद करता है।

# बारिश में सर्दी जुकाम से राहत के लिए सौंठ का प्रयोग करें

बारिश का दौर शुरू हो चुका ह!. इसी के साथ सर्दी-जुकाम, बुखार और ठंड लगने जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है! खासकर बच्चे और बुजुर्ग इस मौसम में जल्दी प्रभावित होते हैं। बारिश में भीगने के बाद यदि शरीर में सर्दी या बुखार के लक्षण दिखें तो बिना घबराए देसी नुस्खे अपनाकर राहत पाई जा सकती है। इनमें सबसे प्रभावी उपाय है सौंठ (सूखा अदरक) का इस्तेमाल।

सौंठ में एंटी-वायरल, एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो मानसूनी संक्रमणों से लड़ने में सहायक होते हैंफ यह शरीर को गर्मी प्रदान करता है। सौंठ में मौजूद जिंजरोल और शोगोल जैसे तत्व बुखार को कम करने और प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) बढ़ाने में कारगर हैं।

इसके सेवन से न केवल सर्दी-जुकाम में राहत मिलती है, बल्कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है।



सौंठ के सेवन का सबसे आसान और असरदार तरीका है सौंठ की चाय। इसके लिए एक कप पानी लें। उसमें आधा चम्मच सौंठ पाउडर डालें। इसके बाद एक चम्मच शहद और कुछ नींबू की बूंदें डालें। इस मिश्रण को 5 मिनट तक उबालें और गुनगुना पीएं। इसे दिन में दो बार पीने से सर्दी-जुकाम और गले की खराश में तेजी से राहत मिलती है। सर्दी के लक्षण दिखते ही सौंठ और गुड़ को मिलाकर सेवन करना भी काफी फायदेमंद होता है। यह शरीर को गर्म रखता है और खांसी-जुकाम के शुरुआती लक्षणों को रोकने में मदद करता है.

वहीं एक अन्य कारगर उपाय है हल्दी, सौंठ, काली मिर्च और तुलसी को पानी में उबालकर काढ़ा बनाना। इस काढ़े को गुनगुना पीने से गले की खराश, खांसी और बुखार में राहत मिलती है। यह उपाय बच्चों के लिए भी सुरक्षित है।

**मन को शांत इस प्रकार रखें**

आजकल सभी काम और अन्य चिन्ताओं से तनाव में रहते हैं। इससे मन में एक प्रकार का बोझ बना रहता है। चिंता, डिप्रेशन, हाई ब्लड प्रेशर, और नींद न आने जैसी समस्याएं बेचैन मन के ही कारण हैं। ऐसे में मन को शांत रखना न सिर्फ जरूरी है, बल्कि इसे एक आदत बनाना जरुरी है। आम तौर पर हमारा दिमाग बेकार की बातों में उलझ जाता है, जिससे न तो हम अपने जरूरी कामों पर फोकस कर पाते हैं और न ही शांति महसूस कर पाते हैं। ऐसी स्थिति में तनाव बढ़ने लगता है, और छोटी-छोटी बातों पर झगड़ने लगते हैं। अगर आप भी ऐसी परेशानी महसूस कर रहे हैं, तो थोड़ा रुकिए. यह समय है अपने दिमाग की डीप क्लीनिंग का, जिससे आप खुद को शांत और प्रोडक्टिव महसूस कर सकें। ऐसा करने से आप अपने काम पर ध्यान दे पाते हैं। डायरी लिखने की आदत डालें। रात को सोने से पहले 15 मिनट डायरी लिखें। यह आपके विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का बेहतरीन तरीका है। इससे न केवल आपका तनाव कम होगा, बल्कि आप दिनभर बेहतर महसूस करेंगे और अपने काम पर अधिक ध्यान दे पाएंगे। संगीत न केवल आपके मूड को ठीक करता है, बल्कि मेमोरी, ध्यान केंद्रित करने और लर्निंग स्किल्स को भी बेहतर बनाता है। जब आप परेशान हों, तो अपना पसंदीदा संगीत सुनें। यह आपकी एंग्जायटी को कम करने और मन को शांत करने में मदद करेगा। अच्छी नींद लें- रात की 7 घंटे की गहरी नींद आपकी मानसिक और भावनात्मक स्थिति को बेहतर बनाएगी। नींद की कमी से तनाव और निर्णय लेने में कठिनाई हो सकती है। थकान और एंग्जायटी से बचने के लिए पर्याप्त नींद को अपनी प्राथमिकता बनाएं।

अगर काम पर दिमाग नहीं लग रहा, तो थोड़ा ब्रेक लेकर खुली हवा में टहलें। पार्क में कुछ देर वॉक करना आपके दिमाग को साफ करने और फिर से काम पर फोकस करने में मदद करेगा। यह तरीका आपको खुद को रीसेट करने का मौका देता है।

अगर ऑफिस पहुंचते ही थकान महसूस हो, तो अपने वर्क डेस्क को नया लुक दें। कुछ नई और ताजगी भरी चीजें डेस्क पर रखें। यह छोटी-सी कोशिश आपकी प्रोडक्टिविटी को बढ़ाने और काम पर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकती है।

# अवसाद को प्रभावी रुप से कम करता है योग

**- कुमार कृष्णन**

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2024 के अनुसार भारत में लगभग हर बीस में से एक व्यक्ति अवसाद से पीड़ित हो सकता है। यह सर्वेक्षण दर्शाता है कि भारत में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। विश्व स्तर पर, लगभग 26.4 करोड़ लोग अवसाद से प्रभावित हैं। तुलनात्मक रूप से देखें तो महिलाओं में अवसाद अनुभव करने की संभावना अधिक होती है, लेकिन यह भी एक तथ्य है कि अवसाद किसी भी समय और किसी भी उम्र में हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरों में अवसाद अधिक है। एक अन्य रपट के अनुसार अविवाहित लोगों की तुलना में विवाहित लोगों में अवसादग्रस्त होने की संभावना 60 फीसद अधिक होती है। जबकि विवाहित व्यक्ति परिवार में रहता है, तो फिर क्यों अवसाद का शिकार होता है? क्योंकि कई बार परिवार या समूह में रह कर भी मनुष्य यह अनुभव करता है कि कोई उसे नहीं समझता, किसी के पास उसके लिए समय नहीं है। वह किसी से अपनी बात साझा नहीं कर पाता। ऐसे में खुद को अकेला पाता है। यह सभी आर्थिक पृष्ठकभूमि वाले लोगों को प्रभावित कर रहा है। चाहे एक अभावग्रस्ते व्याक्ति जो एक शाम के भोजन के लिए जद्दोजहद कर रहा है या एक अमीर व्यसक्ति जो विला?सितापूर्ण जीवन व्यएतीत कर रहा है। इससे भी चिंताजनक बात यह है कि अवसाद ग्रस्त् व्येक्ति भावनात्मएक रूप से कमजोर मानसिक स्थिति में अपना जीवन ही समाप्तद करने का निर्णय ले लेता है। भारत में किशोरों और युवाओं में आत्ममहत्याप की बढ़ती प्रवृति ने यह इस बात को रेखांकित किया है कि इस बीमारी पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाना चाहिए। किसी व्येक्ति में अवसाद का प्रांरभ बहुत छोटी व तुच्छी चीजों से भी हो सकता है। जैसे कक्षा में प्रथम न आ पाना, परीक्षा में मनचाहे अंक प्राप्ती न कर पाना आदि। अवसाद के कुछ गंभीर कारण भी हो सकते हैं जैसे कोई व्यतक्ति अपने किसी अंग के पक्षाघात से ग्रस्तक हो। कैंसर तथा मानसिक असंतुलन जैसी गंभीर बीमारी से ग्रस्ति लोगों को भी अवसाद हो सकता है। इसे द्वीतीयक अवसाद कहते हैं। ऐसे लोगों में अवसाद धीरे-धीरे कम हो जाता है, जो गंभीर बीमारी से लड़ना सीख जाते हैं या उनका सफल इलाज हो जाता है।



घटना और वजह जिससे अवसाद होता है को अलग रखते हुए अवसाद का मूलभूत लक्षण बहुत ही सामान्यत है। एक अवसाद ग्रस्तख व्याक्ति कंधे को उचकाता है, छाती को सिकोड़ता है, भावनात्मवक रूप से कमजोर दिखता है तथा उसमें जीवन के प्रति अलगाव और गैर जवाबदेही दिखाई पड़ती है। कई मामलों में अवसाद अपने आप ही धीरे-धीरे कम होने लगता है। वहीं कुछ मामलों में यह काफी लम्बे समय तक जारी रहता अवसाद के प्रकार

अवसाद के कई प्रकार हैं। रोगजन्यद और शरीरजन्यक अवसाद - यह किसी दूसरी बीमारी (गंभीर व जीवन पर्यंत चलने वाली) या किसी इलाज के कारण होती है। उम्मी्द या विफलता आधारित अवसाद - यह उस स्थिति में होता है, जब कोई अपनी उम्मी द पूरी नहीं कर पाता। उदाहरण के लिए एक विद्यार्थी या एक खिलाड़ी जो किसी परीक्षा या खेल में आशा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाता। यह क्षणिक होता है, परंतु उन्हें् इससे बाहर निकलने की आवश्यिकता है, ताकि उनका अगला प्रदर्शन प्रभावित न हो।

भावनात्म क अवसाद - यह भावनात्म क जुड़ाव के टूटने पर होता है। उदाहरण के लिए दो व्यि्क्त जो एक दूसरे के अत्यतधिक नजदीक हैं, तो किसी प्रिय व्यमक्ति की मृत्युक या शोक से भी अवसाद हो सकता है। अहम केन्द्रित अवसाद- अवसाद का यह प्रकार उन लोगों में होता है, जो उच्चद अधिकार प्राप्ता तथा उच्च पद/स्थिति में जीवन बिताते हैं और जब वे पाते हैं कि अब इसके अधिकारी नहीं है। आमतौर पर यह बीमारी तब होती है, जब लोग अवकाश प्राप्तत करने के करीब होते हैं।

**अवसाद का सामना करने हेतु योग दृष्टिकोण**

योग वास्त्व में मस्तिष्क तथा भावनाओं का विज्ञान है और इसलिए अवसाद के लक्षणों को दूर करने के लिए यह एक महान वरदान है। अवसाद के मामलों में जिस चीज की तुरंत आवश्योकता होती है, वह है व्यंक्ति को लक्षण के अनुरूप आराम पहुंचाना।

किसी व्यि्क्त की मानसिक स्थिति और भावनाएं उसकी शारीरिक मुद्रा में प्रतिबिंबित होती हैं। यदि शारीरिक मुद्रा में कोई संशोधन होता है, तो यह व्याक्ति के भावनात्म क स्थिति में बदलाव ला सकता है। यहीं पर योग की शारीरिक मुद्रा (आसन) अवसाद ग्रस्त् व्योक्ति की मदद कर सकती है। यह प्रभाव क्षणिक हो सकता है परंतु जब एक निश्चित समय तक इसका निरंतर अभ्याहस किया जाता है, तो यह व्यिक्ति में परिवर्तन ला सकता है और अवसाद से मुक्ति दिला सकता है। पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती ने मनोरोगों के उपचार में योग के महत्व पर प्रकाश डाला है। उन्होंने योग निद्रा, भ्रामरी, भस्त्रिका और अनुलोम विलोम जैसे प्राणायामों को अवसाद और चिंता जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए प्रभावी बताया है। विभिन्नक आसनों में विपरीत दंडासन हैं। इसमें कंधे को पीछे ले जाया जाता है, जिससे छाती खुलती है और इस प्रकार यह अवसाद की मुद्रा का प्रतिकार करता है। हालांकि कोई व्येक्ति इन आसनों को तुरंत ही नहीं कर सकता क्यौंकि इसमें रीढ़ की हड्डी को पीछे की ओर वलय रूप में मुड़ने लायक होना चाहिए।यही कारण है कि खड़ी मुद्रा वाले आसन जैसे त्रिकोणासन, पार्श्वमकोणासन और अर्धचन्द्रोसन इस प्रकार सहायता प्रदान करते है कि इससे रीढ़ मजबूत होती है और एक व्येक्ति पीछे की ओर झुक जाता है। जैसा कि पहले कहा गया है कि आसन प्रभावी होते हैं, परंतु जब हम अवसाद ग्रस्ती होते हैं, तो हमारी इच्छी शक्ति और संकल्पछ हमसे दूर हो जाते हैं। किसी कार्य को पूरा करने की हमारी इच्छौ अपने निम्नै स्तसर पर होती है। ऐसी स्थिति में विख्यिात योगाचार्य वी.के.एस. अयंगर ने व्या वहारिक दृष्टिकोण अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंबने घरेलु मुड़ने वाली कुर्सी का उपयोग किया ताकि एक व्यधक्ति आसानी से विपरीत दंडासन कर सके, जिससे उसके मन और मस्तिष्के में परिवर्तन संभव हो सके।अवसाद के लक्षणों को समाप्तर करने में उल्टेव आसन सहायता करते हैं। इन उल्टे् आसनों के अंतर्गत अधोमुख वृक्षासन, मयूरासना, शीर्षासन, सर्वांगासन और सेतु बंध सर्वांगासन आते हैं। इन सभी आसनों को करते समय हमारा मस्तिष्क हृदय से नीचे होता है।

# एसडीएम काम्पलैक्स सहित 8 नए बड़े सरकारी भवनों के निर्माण पर खर्च होगा 55 करोड़ रुपए का बजट

**लाडवा, 24 जून ( रामगोपाल )** : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष फोकस लाडवा विधानसभा के नागरिकों को अच्छी सडक़ें, पीने के पानी, सीवरेज व्यवस्था और स्वास्थ्य केन्द्रों जैसे बड़े प्रोजैक्ट पर है। इस विधानसभा में जल्द ही एसडीएम कॉम्पलैक्स, रेस्ट हाउस सहित 14 नए सरकारी भवनों का निर्माण कार्य शुरू होगा। इन प्रोजैक्ट पर सरकार की तरफ से लगभग 55 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। अहम पहलु यह है कि लाडवा विधानसभा में जल्द ही 13.05 किलोमीटर की 8 सडक़ों का निर्माण कार्य भी शुरू होगा। इन सडक़ों के निर्माण कार्य पर 5 करोड़ 27 लाख का बजट सरकार की तरफ से लोक निर्माण विभाग को जारी किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा में पिछले दिनों आला अधिकारियों की बैठक में लम्बित पड़े प्रोजैक्ट पर तेजी से काम करने के सख्त आदेश दिए थे। इन आदेशों के बाद लाडवा विधानसभा में जल्द ही एसडीएम काम्पलैक्स, पीडब्लयूडी लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह, गांव डीग में पीएचसी, लाडवा में राजकीय वैटनरी अस्पताल, गांव बीड कालवा, गांव ध्यांगला और गांव मंगौली जाटान में राजकीय वैटनरी डिस्पेंसरी के भवनों का निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके साथ ही गांव सोंटी, गांव खानपुर कोलिया, गांव भगवानपुर, गांव बण, गांव भैणी, गांव सुनारियां और गांव बणी में सब हैल्थ सेंटर के भवनों का निर्माण कार्य किया जाएगा। यह सभी प्रोजैक्ट पाइप लाइन में है और इन प्रोजैक्ट पर लगभग 55 करोड़ रुपए का बजट खर्च होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार लोक निर्माण विभाग की तरफ से 8 सडक़ें जिनमें सहारणपुर कुरुक्षेत्र रोड से लौहारा वाया निवारसी दबखेडा, बडशामी से जंदहेडा, संभालखा से हरिजन बस्ती, जंदहेडा से जंदहेडा स्कूल, छलौंदी से छलौंदी स्कूल, संभालखी से खेडी दबदलान, छपरा से बड़ौंदा और सहारणपुर कुरुक्षेत्र से मथाना पावर हाउस तक शामिल है, 13.05 किलोमीटर सडक़ों का सुधारीकरण और सुदृढीकरण का कार्य किया जाएगा। इन सडक़ों के निर्माण कार्य पर 5 करोड़ 27 लाख का अनुमानित खर्च होगा।

**लाडवा में 30 सडक़ों के निर्माण पर खर्च हुआ 11 करोड़ 54 लाख का बजट**:-मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी का कहना है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार लाडवा हल्का में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 41.36 किलोमीटर की 30 सडक़ों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इन सडक़ों के निर्माण कार्य पर 11 करोड़ 54 लाख का बजट खर्च हुआ है। इस विधानसभा में 58 किलोमीटर लंबी 14 सडक़ों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन 14 सडक़ों के निर्माण पर 25 करोड़ 94 लाख का बजट खर्च होगा।

**7 करोड़ 30 लाख की लागत से 2 राजकीय भवनों का निर्माण कार्य हुआ पूरा**:-मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि गांव बरोट में पीएचसी का निर्माण कार्य चल रहा है और 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस प्रोजैक्ट पर 3 करोड़ 67 लाख का बजट खर्च होगा। इस विधानसभा में गांव धनौरा जाटान में स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और गांव बिहोली में वैटनरी पॉलिक्लीनिक का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। इन दोनों भवनों के निर्माण पर 7 करोड़ 30 लाख रुपए का बजट खर्च हुआ है।

## पार्कों की हालात में सुधार लाएं निकाय अधिकारी : डीसी प्रीति

**कैथल, 24 जून ( प्रवेश बहादुर )** : डीसी प्रीति ने निकाय विभाग के अधिकारियों को पार्कों में साफ-सफाई व अन्य रखरखाव संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संज्ञान में आया है कि शहर के कई पार्को में रखे गए बैंच, हाई मास्क लाइटों, साफ-सफाई व ओपन जिम में रखे उपकरणों की हालत में सुधार की आवश्यकता है। निकाय अधिकारी जल्द से जल्द शहर के सभी पार्को का निरीक्षण करें और पार्कों की व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी प्रीति ने कहा कि नागरिकों के लिए स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से पार्कों का निर्माण किया जाता है। सभी पार्को में लोगों के बैठने, पेयजल, शौचालय तथा लाइट की व्यवस्था होनी जरूरी है। पार्कों में नियमित रखरखाव सुनिश्चित करें। समय पर सफाई की जाए। सभी पार्को में कूड़ेदान की व्यवस्था और पौधों की देखभाल की जाए। डीसी प्रीति ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाईमास्ट लाइटों को चैक करने के लिए शाम के समय पार्कों का निरीक्षण किया जाए। यदि कोई लाइट खराब मिलती है तो उसे जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए, ताकि शहर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में घास ज्यादा तेजी से बढ़ती है, इसलिए इसकी कटाई नियमित रूप से करवाते रहें। इसके अलावा शहर में जो भी स्ट्रीट लाइट खराब हैं, उसकी समय पर मुरम्मत होती रहे और कोई भी बिजली की तारों का प्वाइंट खुला न छोड़े।

इसी प्रकार उन्हें हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे भी अपने अधीन आने वाले पार्कों व ग्रीन बेल्ट का निरीक्षण करें। वहां पर जो भी कमियां पाई जाएं, उन्हें जल्द से जल्द दुरूस्त किया जाए।

## योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र नागरिक न रहे वंचित : अनीश यादव

**हिसार, 24 जून ( मनमोहन शर्मा )** : डी.सी अनीश यादव ने बताया कि जिला कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, मुख्यमंत्री अंतर्रजातीय विवाह शगुन योजना, डॉ. बीआर अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना और अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत लाभ लेने के लिए आवेदक का बीपीएल परिवार से संबंधित होना, शादी के 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र के साथ आवेदन करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति के लोगों को 71 हजार रुपये, सभी जातियों की विधवाओं को 51 हजार रुपये और सामान्य तथा पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों को 41 हजार रुपये की राशि कन्यादान के रूप में दी जाती है।

जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार मुख्यमंत्री अंतर्रजातीय विवाह शगुन योजना में यदि वर या वधू में से कोई एक अनुसूचित जाति से है, तो वे इस योजना के पात्र हैं। इसके लिए विवाह प्रमाण पत्र, तीन साल के भीतर आवेदन, दोनों का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में संयुक्त खाता, जाति प्रमाण पत्र और रिहायशी प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आजाद नगर में स्थित अंत्योदय भवन से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

प्रत्येक आवेदन के लिए 10 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। जिला कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर ने सभी पात्र नागरिकों से उक्त योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए लघु सचिवालय की चौथी मंजिल पर स्थित जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के कमरा नंबर 415 पर तथा विभागीय दूरभाष नंबर 01662-283360 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

# गुजवि के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में 27 जून को मनाया जाएगा आईसीएआई एमएसएमई महोत्सव

***27 जून के एमएसएमई महोत्सव में व्यवसायी व उद्योगपति बढ़-चढ़कर लेंगे हिस्सा : सीए अमन बंसल***

**हिसार, 24 जून ( मनमोहन शर्मा )** : द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के तत्वावधान में 27 जून को एमएसएमई महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में इस महोत्सव का संचालन किया जाएगा। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि यह महोत्सव प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि एमएसएमई हिसार सेंटर के ज्वाइंट डायरेक्टर जनक कुमार महोत्सव के मुख्यातिथि रहेंगे।

एमएसएमई महोत्सव में सीए शुभम गोयल व सीए प्रदीप तायल मुख्य वक्ता होंगे और एनआईआरसी हिसार ब्रांच के सचिव सीए मुकुल मित्तल विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। सीए अमन बंसल ने बताया कि इस अवसर पर एनआईआरसी हिसार ब्रांच के वाइस चेयरमैन सीए अजय गोयल, कोषाध्यक्ष सीए राजेश कुमार, हिसार एनआईसीएएसए के चेयरमैन सीए विशेष भारद्वाज,



कार्यकारी सदस्य सीए प्रतीक आर्य, सीए सुनील कुमार व एक्स ऑफिशियो मेंबर सीए रतन सिंह यादव सहित स्थानीय इकाई के समस्त सदस्य उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से जुड़े उद्योगपति, रिटेलर्स व होलसेलर्स, उद्योगों से संबंधित संस्थाएं, चार्टर्ड अकाउंटेंट व निवेशक हिस्सा लेंगे। इनके साथ ही पुलिस, आर्मी, चिकित्सा, खेती व तकनीकी क्षेत्र के भी लोग इसमें भाग ले सकते हैं। इतना ही नहीं शिक्षक, विद्यार्थी व स्वरोजगार शुरू करने के इच्छुक युवा भी एमएसएमई महोत्सव में भागीदारी कर पाएंगे। इस महोत्सव के दौरान हेल्पडेस्क भी लगाए जाएंगे।

यहां पर एमएसएमई से संबंधित शंकाओं का निवारण विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। सीए अमन बंसल ने अपील की है कि किसी भी व्यवसाय या उद्योग से जुड़े स्वामी या प्रतिनिधि इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। महोत्सव के दौरान एमएसएमई सब्सिडी मिलने की प्रक्रिया और एमएसएमई से मिलने वाले अन्य लाभों के बारे में विस्तार से समझने का मौका मिलेगा।

# गांव के सरपंच पंच व चौकीदारों की पुलिस चौकी पंचतीर्थी के प्रांगण में बैठक आयोजित



**यमुनानगर, 24 जून ( दिनेश कुमार )** : पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के निर्देशानुसार पुलिस चौकी पंचतीर्थी के अधीन पड़ने वाले सभी गांव के सरपंच पंच वा चौकीदारों की पुलिस चौकी पंचतीर्थी के प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में लोगो की समस्याओं को सुनने व उनका समाधान करने व लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के लिए लोगों को जागरूक किया गया । इस मीटिंग में चौकी इंचार्ज राजेश कुमार गांव के सरपंच,गांव के मेंबर पंचायत वा अन्य मौजिज व्यक्ति मौजूद रहे। इस दौरान चौकी इंचार्ज राजेशकुमार ने गाँव के सरपंच व मौजिज व्यक्तियो को अपने क्षेत्र व गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक अगर तालमेंल के साथ कार्य करेगी तो क्षेत्र में अपराधो पर कमी आयेगी और अपराधो पर नियत्रंण पाया जा सकेंगा। बाहरी लोगों पर विशेष ध्यान देने बारें कहा गया और उनका पुलिस सत्यापन करवानें बारें जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को ठीकरी पहरा लगवानें बारें अपील की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक अगर तालमेंल के साथ कार्य करेगी तो क्षेत्र में अपराधो पर कमी आयेगी और अपराधो पर नियत्रंण पाया जा सकेंगा। उन्होंने कहा कि गांव में पीस कमेटी के संबंध में बैठक करें। पीस कमेटी के साथ सहयोग करके गांव में भाईचारा कायम रखें तथा गांव में भाईचारा वा सौहार्द बना कर रखें। उन्होंने बैठक में मौजूद व्यक्तियों को कहा कि यदि आपके गांव में कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। उन्होंने कहा कि गांव में यदि कोई व्यक्ति चोरी का माल लेता या देता है तो उसकी भी सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस दौरान उन्होंने गांव के लोगो को कहा कि अपराध को रोकने के लिए आप सभी सतर्क रहें और सीसीटीवी कैमरा लगाकर पुलिस का सहयोग करें। क्योंकि जनता का सहयोग मिलने पर पुलिस हर अपराध पर अंकुश लगा सकती है। आम जनता पुलिस के बीच आपसी तालमेल से कार्य करने पर कोई अपराधी पुलिस की नजर से नहीं बच सकता। चौकी इंचार्ज राजेश कुमार ने मौजूद सरपंच, पंचायत सदस्य व मौजिज व्यक्तियों से अपील करते हुए कहा कि यदि आपकेआसपास कोई भी असामाजिक तत्व संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत संबंधित थाना या डायल 112 पर इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## त्याग और बलिदान से भरा है श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन : मोहनलाल

**यमुनानगर, 24 जून ( संजीव कुमार )** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक बडोली का कहना है कि प्रदेश में अमन शांति का माहौल है और जो भी अमन शांति खराब करना चाहेगा उसके खिलाफ सबसे अधिक कार्रवाई की जाएगी और की जा रही है। मोहनलाल अचानक भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य राकेश त्यागी के निवास स्थान गोविंदपुरी पहुंचे तो पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा की एक



समय था जब जम्मू और कश्मीर जाने के लिए परमिट लेना पड़ता था लेकिन श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रयासों के कारण यह प्रथा बंद हुई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन त्याग बलिदान से भरा हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर में लगी धारा 370 समाप्त हुई तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत बनने की ओर हम अग्रसर हुए हैं। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने उनके कदमों पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ सबका विकास की नीति पर चलते हुए चहुमुखी विकास कर रही है। जब उनसे सवाल किया गया कि प्रदेश की आबकारी नीति गुंडागर्दी व अपराधियों की भेंट चढ़ गई है तो उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है अब पहले से अधिक ठेकों की नीलामी हुई है। माफिया के डर से शराब के ठेकेदार बोली तक नहीं दे रहे संबंधी पूछे गए सवाल के उत्तर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी ठेकेदार आगे आएंगे तथा ठेकों की नीलामी न लेने संबंधी दी गई धमकियों के मामले की जांच की जाएगी। मोहनलाल ने कहा कि प्रदेश में फिरोतिया मांगने वाले जेल जाएंगे तथा हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह से कायम है । उन्होंने कहा कि कुछ लोग इससे खिलवाड़ करने का प्रयास करेंगे तो उन्हें खड़ा सबक सिखाया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, नेपाल राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश त्यागी, मेयर सुमन बहमनी, पार्षद रुचि शर्मा, डॉ सतपाल, सुरेंद्र शर्मा प्रथम मंडल अध्यक्ष शुभम राणा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## हैजा की बीमारी को रोकने के लिए खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**करनाल, 24 जून ( रविन्द्र मलिक )** : जिलाधीश उत्तम सिंह ने कहा कि बारिशों के सीजन में हैजा जैसी बीमारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों को प्रबंध करने होंगे। इस बीमारी की रोकथाम के लिए करनाल जिला में खुले में फल, सब्जी, अन्य खाद्य पदार्थ बेचने पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया जाता है। इसके साथ ही बाजारों और दुकानों का औचक निरीक्षण करने के एसडीएम, सीटीएम, सीएमओ, डीआरओ, डीडीपीओ सहित अन्य अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। इन आदेशों की अवहेलना की तो संबंधित व्यक्ति कि खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इतना ही नहीं, किसी भी प्रकार के मेले के आयोजन से पहले प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। जिलाधीश उत्तम सिंह ने जिला में हैजा के संक्रमण को रोकने और नियंत्रित करने के लिए जारी आदेशों में कहा है कि बरसात के मौसम में कई सारी बीमारियों होने का खतरा बढ़ जाता है।

आमतौर पर मानसून में हैजा सबसे अधिक होता है। यह बीमारी संक्रमित और दूषित पानी से फैलती है। इसकी रोकथाम के लिए पारित आदेशों में खुले में मिठाइयों, मांस, केक, बिस्कुट, ब्रेड, पकोड़े, पके हुए अनाज, चाट, कटी हुई सब्जियों और कटे/अधिक पके फलों की बिक्री, भंडारण और प्रदर्शन पर रोक लगाई है।

उन्होंने आदेशों में वस्तुओं को धूल, मक्खियों या किसी अन्य दूषित एजेंटों से पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए ठीक से गेज या उपयुक्त कवर से ढंकने के लिए कहा है। उन्होंने स्टिक के साथ या उसके बिना, बर्फ के गोले, मिनरल वॉटर, शरबत रंग या बिना रंग, सोडा, सिंथेटिक सार के प्राकृतिक नींबू के साथ नींबू पानी और पानी से निर्मित बर्फ की कैंडी और कुल्फी आदि की बिक्री और भंडारण पर भी रोक लगाने के भी आदेश दिए। जिलाधीश ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेश दिए कि वे किसी भी बाजार, भवन, दुकानों, स्टॉल आदि का निरीक्षण करें और कुछ भी निषिद्ध पाए जाने पर उसे जब्त कर लें, हटा दें या नष्ट कर दें या किसी भी तरीके से निपटान कर दें, जो वे उचित समझें। जिलाधीश ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों के आसपास सभी कुओं पर व्यक्तियों/जानवरों के स्नान, कपड़े, बर्तन धोने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

उन्होंने सार्वजनिक परिवहन वाहनों में दस्त और उल्टी से पीड़ित व्यक्तियों को ले जाने पर भी रोक लगाई है। जिला में बिना पूर्व अनुमति के किसी भी मेले का आयोजन भी प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि हैजा का संक्रमण होने पर संबंधित क्षेत्र के कार्यकारी अधिकारी/सचिव, गांवों के सरपंच के द्वारा हैजा के मामलों की सूचना सिविल सर्जन को 24 घंटे के भीतर दी जाए।

## जिला में हो रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ चला डीटीपी का पीला पंजा

***गांव खेड़ी मनाजात की राजस्व भूमि पर अवैध बने 8 डीपीसी व डीलर ऑफिस को किया गया ध्वस्त***

**सोनीपत, 24 जून ( विनोद )** : जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि जिले में पनप रही अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त डॉ. सुशील सारवान के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को अवैध निर्माणों के खिलाफ डीटीपी का पीला पंजा चला, जिसके तहत गांव खेड़ी मनाजात की राजस्व सम्पदा में निकट दिल्ली-पानीपत रेलवे लाईन के पास 4.5 एकड़ भूमि पर बने अवैध 8 डीपीसी, डबल्यू.बी.एम. रोड़ व डीलर ऑफिस बनाकर अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। जिसपर जिला प्रशासन की मदद से



तोडफोड की कार्यवाही अमल में लाई गई। डीटीपी अजमेर सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं। उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक अवैध कॉलोनियों से संबंधित शिकायत या जानकारी के लिए सेक्टर-15 स्थित हुड्डा कॉम्प्लेक्स की पहली मंजिल पर जिला नगर योजनाकार कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

## एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका है : प्रो. सुरेश मल्होत्रा

**करनाल, 24 जून ( रविन्द्र मलिक )** : महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा गांव सिधपुर के राजकीय मिडिल स्कूल में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर विधिवत रूप से संपन्न हो गया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर एमएचयू के माननीय कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने शिरकत की। शिविर में विद्यार्थियों, अध्यापकों, वैज्ञानिकों ओर स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। शिविर के समापन पर माननीय कुलपति द्वारा वॉलंटियर्स को उनकी सेवा भावना के लिए प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए। माननीय कुलपति प्रो. सुरेश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका सिखाता है, जिसमें



व्यकित्व एवं चरित्र निर्माण मुख्य है। यह छात्रों को निस्वार्थ सेवा, सहयोग और सामाजिक समर्पण का पाठ पढ़ाता है। विश्वविद्यालय हमेशा इस प्रकार की रचनात्मक पहल का समर्थन करता रहेगा। स्कूल परिसर में सात दिनों में एनएसएस शिविर चला, इन दिनों में विद्यार्थियों को जीवन में उपयोगी अलग-अलग विधाओं के बारे में बताया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि सभी को देश सेवा, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण आदि कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। समारोह में डायरेक्टर स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. रंजन गुप्ता ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यार्थियों द्वारा की गई समाजसेवा की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को समाज के प्रति उनके दायित्वों का बोध कराता है और उनके व्यक्तित्व को सेवा अनुशासन और नेतृत्व जैसे गुणों से समृद्ध करता है। इसके पश्चात डॉ. राज कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने कैम्प रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने सात दिनों तक आयोजित गतिविधियों का उल्लेख किया। समारोह की शुरुआत एनएसएस गीत और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई। समारोह में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अजय कुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। मंच संचालन विद्यार्थियों ने किया। मौके पर रजिस्ट्रार सुरेश सैनी, बागवानी महाविद्यालय के डीन प्रो रमेश गोयल,डीन पीजीएस डॉ. धरमपाल, डायरेक्टर एक्सटेंशन एजुकेशन डॉ. विजयपाल, डॉ सुरेंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार कश्यप सहित अन्य मौजूद रहे।

# बिजली दरें व फिकस्ड चार्ज बढ़ाकर सरकार ने जनता पर किया आर्थिक हमला : वजीर पूनिया

**हिसार, 24 जून ( मनमोहन शर्मा )** : वरिष्ठ कांग्रेस नेता वजीर सिंह पूनिया ने हरियाणा में बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने एक अप्रैल 2025 से लागू की गई नई बिजली दरें और फिकस्ड चार्ज प्रदेश की जनता, विशेषकर छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए विनाशकारी सिद्ध होंगी। यह नीतियां न केवल जनविरोधी हैं, बल्कि आर्थिक रूप से कमर तोड़ने वाली भी हैं। वजीर सिंह पूनिया ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों व बार बार रेट बढ़ाए जाने के कारण हरियाणा में बिजली चार गुना महंगी हो गई है। सरकार के इस फैसले से उद्योग भी प्रभावित होंगे और वे पलायन का विचार कर सकते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा की गई बिजली दरों में अत्यधिक वृद्धि ने आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति पर सीधा प्रहार किया है। यह निर्णय ऐसे समय लिया गया है जब लोग पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से त्रस्त हैं। भाजपा सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि शासन का उद्देश्य राजस्व संग्रह नहीं, जनकल्याण होता है लेकिन सरकार का मकसद जनता को सुविधा देना नहीं बल्कि राजस्व एकत्रित करना रह गया है। वजीर



सिंह पूनिया ने कहा कि सरकार की नई बिजली दरें छोटे उद्योगों, किसानों और आम जनता पर सीधे तौर पर आर्थिक हमला हैं। सरकार ने अब 10 किलोवाट से अधिक लोड लेने वाले उपभोक्ताओं पर 250 प्रति किलोवाट प्रति माह का फिकस्ड चार्ज लगा दिया है। इसका सीधा असर प्रदेश के हजारों छोटे उद्योगों पर पड़ेगा, जिनके पास आमतौर पर 20 से 100 किलोवाट तक का लोड होता है। उन्होंने कहा कि इससे पहले ही प्रदेश सरकार बिजली कंपनियों से लगभग तीन रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद रही है, लेकिन छोटे उद्योगपतियों को 6.50 से 7.50 प्रति यूनिट दर से बिजली बेची जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनावों से पहले जनता को मुफ्त या सस्ती बिजली देने का वादा किया था लेकिन सत्ता में आते ही वादों को भुलाकर सरकार ने जनता को महंगी बिजली और जबरन फिकस्ड चार्ज का बोझ थोप दिया है, जो निंदनीय है। उन्होंने जनता के हित में बिजली दरों में बढ़ोतरी वाला जनविरोधी निर्णय तुरंत वापिस लेने की मांग की और चेताया है कि यदि सरकार ने यह बढ़ोतरी वापिस नहीं ली तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

# टोरंटो में तीन दिवसीय विश्व पंजाबी कान्फ्रेंस सम्पन्न

## मौजूदा पीढ़ी को मातृ भाषा पंजाबी के साथ जोड़ने की आवश्यकता, पंजाबी भाषा के विकास एवं उत्थान के लिए सामूहिक प्रयासों की जरुरत-डा. कथूरिया









टोरंटो 24 जून (अमृतपाल सिंह) पंजाबी भाषा, साहित्य एवं सभ्याचार को मजबूत करने के मकसद से विश्व पंजाबी सभा टोरंटो (कनाडा) में विश्व पंजाबी सभा के चेयरमैन डा. दलबीर सिंह कथूरिया की अगवाई में करवायी गयी तीन दिवसीय छठ विश्व पंजाबी कान्फ्रेंस पंजाबी भाषा के उत्थान का प्रण लेते हुए सम्पन्न हुई। पहले दिन की सभा में डा. दलबीर सिंह कथूरिया ने कहा कि पंजाबी सिर्फ एक भाषा ही नहीं बल्कि यह मोहब्बत, भाईचारक सांझ एवं दुनिया कों आपस में जोड़कर रखने वाली भाषा है इस की जड़ों में इसकी रगों में इसके सीने में इसकी धड़कन में रुहानियत के बीज हैं तथा आज जब दुनिया के बहुत सारे देश आपसी खींचतान में तथा प्रभुत्व कायम रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं ऐसे में विश्व पंजाबी सभा की भूमिका एवं योगदान अधिक अहम हो जाती है। हमारी आज की पीढ़ी पंजाबी भाषा से दूर होती जा रही है। डा. कथूरिया ने जोर देकर कहा कि नई पीढ़ी को पंजाबी भाषा से जोड़े रखने के लिए ऐसे सम्मेलन करवाए जाने की जरुरत है। उन्होंने विभिन्न देशों से आए गणमान्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर शिरोमणि पंजाबी लेखकडा. वरयाम सिंह संधू, डा. गुरबख्श सिंह, डा. जगीर सिंह नूर शायर सुरेन्द्रप्रीत, डा. राजविन्द्र कौर, डा. नरेन्द्रजीत कौर, पंजाब यूनि: के पूर्व डीन डा. जसपाल कौर कंग, गुरुकाशी यूनि: तलवंडी साबो के चांसलर डा. गुरलाभ सिंह, प्रगट सिंह बग्गा, इंद्रजीत सिंह बल्ल, डा. बलविंद्र सिंह, धालीवाल सिंह, अमरजीत सिंह, रूप काहलों ने अपनी दलीलों में जहां पंजाबी भाषा के उत्थान पर जोर दिया वहीं यह बात भी उभर कर सामने आयी कि मशीनी बुद्धिमता (एआई) मानवीय कार्यों में सहायक है पर मानव की बुद्धि की जगह नहीं ले सकती। फिर मशीनी बुद्धिमता पंजाबी मातृभाषा को प्रभावित कर सकती है हमें इन चुनौतियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। पहले सेशन में बोलते हुए चढ़दीकला टाइम टीवी केडायरेक्टर अमृतपाल सिंह दर्दी ने कहा कि हमें अपने बच्चों को इस तरह के सम्मेलन में लाना चाहिए ताकिवह अपनी मातृभाषा के साथ जुड़े रहें एवं पंजाबी भाषा की विलक्षणता को समझ सकें। उन्होंने कहा कि आज समय में पंजाबी भाषा कई चुनौतियों का सामना कर रही है क्योंकि हम व्यापारिक भाषा अंग्रेजी से प्रभावित हो रहेहैं। श्री अमृतपाल ने कहा कि आज अभिभावकों की जिम्मेवारी बनती है कि वह अपने बच्चों को पंजाबी मातृ भाषा के साथ जोड़ें। इस मौके परदमनप्रीत कौर दर्दी ने भी मातृ भाषा को समर्पित परचा पढ़ा जो इस सम्मेलन की सबसे कम आयु की प्रवक्ता थीं। दमनप्रीत की पेशकारी ने सभी को प्रभावित किया एवं सभी ने प्रण लिया कि वह भी अपने बच्चों को पंजाबी मातृभाषा के साथ जोड़ेंगे। सम्मेलन में शायर सुरेन्द्रप्रीत घनईया केन्द्रीय पंजाबी लेखक सभा के सचिव ने केन्द्रीय पंजाबी लेखक सभा के फ्रंट से जो सरगर्मियां पंजाबी भाषा, साहित्य एवं सभ्याचार के विकास के लिए की जा रही हैं के हवाले से कहा कि पंजाब में सरकार द्वारा जो भाषा एक्ट 1967 बनाया गया एवं उसके बाद भाषा संशोधन एक्ट 2008 बारे कहा कि यह एक्ट पूरी तरह से लागू नहीं है। उन्होंने पंजाब सरकार से मांग की कि एक भाषा ट्रिब्यूनल तैयार किया जाए जहां कोई भी व्यक्ति कोई शिकायत या सुझाव देसके। उन्होंने कहा कि जितनी देर पंजाबी परिवार, रोजगार, बाजार एवं अदालतों की भाषा नहीं बनती एवं शिक्षा संस्थानों में पूरी तरह लागू नहीं होती तब तक पंजाबी भाषा का विकास नहीं हो सकता। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा नीति 2020 में पंजाबी भाषा पर खतरे मंडरा रहे हैं हमें सावधान रहने की जरुरत है। इस अवसर पर वरयाम संधू ने कहा कि हमें पंजाबी भाषा को विश्व स्तरीय बनाने के लिए यत्नशील होना चाहिए। खालसा कालेज के प्रो. नरेन्द्रजीत कौर ने भी अपनी दलील रखी एवं पंजाबी भाषा को व्याकरण के नियमों के अनुसार पढ़ाने पर बल दिया। इनके अलावा प्रसिद्ध लेखक प्रिंसीपल सरवण सिंह, पूर्व विधायक एवं सीनियर पत्रकार कंवर संधू, बिटू संधू, जसविंद्र सिंह रुपाल, पूर्ण सिंह पांधी, राजवंत कौर संधू,, डा. जगीर सिंह नूर, सुरेन्द्र प्रीत घनिया, कंवलजीत सिंह लक्की, दलबीर सिंह, पाकिस्तानी लेखकों ताहिरा सरा, लोक गायक हसनैन अकबर, कवयित्री सुरजीत कौर, प्रो. कुलजीत कौर, डा. नवजात कौर एवं कई अन्य लेखक उपस्थित थे। इनके अलावा जसविंद्र सिंह बिट्टा प्राइम एशिया चैनल के सीनियर जरनेलिस्ट व हीर कमल भी शांमिल हुए। मंच संचिव की भूमिका जगीर सिंह काहलों, गुरप्रीत कौर एवं अमरदीप बिंद्रा ने बखूबी निभायी इस मौके पर रंग कनाडा नाटक मंचित किया गया जिसमें यह दर्शाने की कोशिश की गयी कि कनाडा आकर किन-किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। सम्मेलन में पंजाबी एवं उर्दू के शायरों जो दोनों पंजाब से थे ने अपनी शायरी के साथ श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।बच्चों का विशेष कार्यक्रम पेश किया गया। बच्चों ने गुरुबाणी गायन करके सबको आकर्षित किया अंतिम दिन विदेशों से आए मेहमानों को विशेष तौर पर सम्मानित किया प्रमाणपत्र एवं सम्मान पत्र दलबीर सिंह कथूरिया के पिता सुबेग सिंह कथूरिया द्वारा वितरित किए गए। सभी प्रवक्ताओं एवं गणमान्यों ने अपनी दलीलों में परमात्मा से प्रार्थना की कि डा. कथूरिया पंजाबी भाषा के लिए अपने मन में पंजाबी मातृ भाषा के लिए जो दर्द लेकर भाषा के विकास का प्रण किया है वह उसमें सफल रहें। सभी ने डा. कथूरिया का आभार जताते हुए कहा कि यह एक प्रशंसनीय कदम है।

## हांसी पुलिस ने गांव पुठ्ठी मगंल खां, कापड़ो व गैबी नगर के ग्राउंड में करवाई खेल प्रतियोगिता

**हांसी, 24 जून ( मनमोहन शर्मा ):** एस.पी अमित यशवर्धन, भा.पु.से. के दिशा-निर्देशानुसार नशा मुक्त पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत प्रभारी पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा ने गांव कापड़ो के खेल ग्राउंड में, पुलिस चौकी प्रभारी मिर्चपुर ने गांव गैबीनगर के ग्राउंड में वॉलीवाल प्रतियोगिता



व नशा मुक्ति टीम ने गांव पुठ्ठी मगंल खां में वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। इस खेल प्रतियोगिता आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना है। पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा प्रभारी उप निरीक्षक अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस हरियाणा स्टाईल कबड्डी प्रतियोगिता में गांव कापड़ो व खापड़ की टीमों ने भाग लिया। जो मुकाबला बड़ा ही रोमाचंक रहा दोनो टीमों ने अच्छा खेल दिखाया। जिसमें खापड़ की टीम विजेता रही। वहीं इसी प्रकार पुलिस चौकी मिर्चपुर प्रभारी उप निरीक्षक धोलू राम ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव गैबीनगर के खेल ग्राउंड में वॉलीवाल प्रतियोगिता में गांव नाड़ा, मिर्चपुर, गैबीपुर व कोथ गांव की टीमों ने भाग लिया। जो सभी मुकाबले बेहद रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे। जिसमें गांव कोथ की टीम ने 37-36 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। वही इसी नशा मुक्ति टीम इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक दीपक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में गांव ढ़ाणी राजू, रोहनात, जमालपुर व पुठ्ठी मगंल खां की टीमों ने भाग लिया। सभी मुकाबले बेहद रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे। जिसमें ढ़ाणी राजू की टीम ने 34-21 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीमो को हांसी पुलिस की ओर से आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा सभी खिलाड़ियों को रिफ्रेशमेंट भी प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के बाद प्रभारियों ने ग्रामीणों, खिलाड़ियों और युवाओं को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। गांव व आसपास नशा बेचने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। खिलाड़ियों ने नशे के खिलाफ जागरूक रहने और अपने गांव को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली।

## भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन



**सफीदों, 24 जून ( एस.के.मित्तल ):** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर नगर के आहलुवालिया भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाजपा एक देश एक चुनाव के प्रदेश संयोजक एडवोकेट विजयपाल सिंह ने शिरकत की। इस मौके पर एडवोकेट विजयपाल सिंह व अन्य कार्यकर्त्ताओं ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतीमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके उनको नमन किया। अपने संबोधन में एडवोकेट विजयपाल सिंह ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत के संकल्प के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनका यह संकल्प आज राष्ट्र के नवनिर्माण के साथ साकार हो रहा है। मां भारती की सेवा, लोक कल्याण और कमजोर वर्ग के उत्थान की दिशा दिखाते उनके प्रखर विचार, चिंतन व सर्वांगीण विकास हेतु मार्गदर्शन गौरवशाली भारत के निर्माण के आधार हैं। उन्होंने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने वर्ष 1953 में जो सपना देखा था, एक भारत-अखंड भारत और सुरक्षित भारत का उसे साकार होने में65 से66 वर्ष लगे। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पांच अगस्त 2019 को कश्मीर में धारा 370 समाप्त हुई। आज जम्मू कश्मीर लोकतांत्रिक मूल्यों और आदर्शों के साथ भारत के संविधान की भावनाओं के अनुरूप एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पनाओं को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे राष्ट्रनायकों की तपस्या और त्याग आज की पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। उनका बलिदान हमें यह सिखाता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

